**वॉयस ऑफ लखनऊ**

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 48, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 58 अंकों की उछाल

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 58 अंक की तेजी आई। } 14

## देशभर में एनईपी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में नयी शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एनईपी को लेकर तमिलनाडु सरकार के विरोध को राजनीति करार दिया। } 16



# भारत यात्रा पर आये कतर के शेख

## प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई अड्डे पर अमीर शेख तमीम की अगवानी की

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पर पहुंचे। अल-सानी सोमवार शाम दो दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। कतर के अमीर मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने पूर्व में कहा था कि अल-सानी प्रधानमंत्री मोदी के आमंत्रण पर भारत दौरे पर आ रहे हैं। कतर के अमीर की भारत की यह दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह मार्च 2015 में भारत आए थे। भारत और कतर के बीच मैत्री, विश्वास और पारस्परिक सम्मान पर आधारित गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं। दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंध लगातार मजबूत हुए हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से सुरक्षा उपायों का पालन करने का किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह आया भूकंप इस क्षेत्र की भूगर्भीय विशेषताओं में प्राकृतिक रूप से होने वाले बदलाव का परिणाम है, न कि प्लेट टेक्टोनिक्स के कारण ऐसा हुआ। एक वरिष्ठ वैज्ञानिक यह बात कही। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के झील पार्क क्षेत्र में पांच किलोमीटर की गहराई में था और वहां कुछ लोगों को भूकंप के बाद तेज आवाजें सुनाई देने की खबरें हैं। उत्तर भारत में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सबसे अधिक भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। भूकंप संभावित दूरस्थ और निकटस्थ स्थानों में भूकंप आने पर भी दिल्ली में झटके महसूस किए जाते हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के निदेशक ओ.पी. मिश्रा ने कहा कि धौला कुआं क्षेत्र में 2007 में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था। हालांकि, इसका प्रभाव सोमवार के भूकंप जितना तीव्र नहीं था क्योंकि इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। दिल्ली को भूकंपीय क्षेत्र-4 में रखा गया है, जो देश में दूसरा सबसे खतरे वाला क्षेत्र है। हिमालयी भूकंपों के कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को मध्यम से उच्च जोखिम वाली भूकंपीय गतिविधि वाला क्षेत्र माना जाता है। हिमालयी क्षेत्र के गढ़वाल में 1803 में 7.5 तीव्रता का भूकंप, उत्तरकाशी में 1991 में 6.8 तीव्रता का भूकंप, चमोली में 1999 में 6.6 तीव्रता का भूकंप, गोरखा में 2015 में 7.8 तीव्रता का भूकंप और हिंदुकुश क्षेत्र में आए कुछ मध्यम भूकंप इसके उदाहरण हैं। इसके निकटस्थ क्षेत्र में 1720 में दिल्ली में 6.5 तीव्रता का भूकंप, मथुरा में 1842 में पांच तीव्रता का भूकंप, बुलंदशहर में 1956 में 6.7 तीव्रता का भूकंप और मुरादाबाद में 1966 में 5.8 तीव्रता का भूकंप शामिल हैं।



दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटकों के बाद घरों से बाहर निकले लोग, धौलाकुआं के पास उखड़े पेड़

भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। भूकंप से फिलहाल किसी प्रकार की क्षति होने या किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। उन्होंने सभी से शांत रहने और सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह किया, साथ ही संभावित झटकों के लिए सतर्क रहने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। भूकंप का केंद्र धौला कुआं के झील पार्क क्षेत्र में पांच किलोमीटर की गहराई पर था और वहां कुछ लोगों को भूकंप के बाद तेज आवाजें सुनाई देने की खबरें हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप के झटके सुबह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### स्कूल द्वार से हटाया वीर अब्दुल हमीद का नाम

गाजीपुर। परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद के परिवार के सदस्यों ने एक प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार से युद्ध नायक का नाम हटाने पर असंतोष जाहिर किया है। यह वहीं स्कूल है, जहां हमीद ने कभी पढ़ाई की थी। अधिकारियों के अनुसार हाल ही में रंगाई-पुताई के बाद जिले के धामूपुर गांव के स्कूल का नाम बदलकर पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कर दिया गया। हमीद के पोते जमील अहमद ने बताया कि चार दिन पहले ही स्कूल का रंगरोगन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रवेश द्वार पर शहीद हमीद विद्यालय के स्थान पर पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय लिख दिया गया है। जब अहमद और उसके परिवार ने प्रधानाध्यापक अजय कुशवाहा से इस विषय पर आपत्ति जताई तो उन्होंने युद्ध नायक के परिवार से बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव से संपर्क करने को कहा। परिवार के सदस्यों के अनुसार राव ने उन्हें बताया कि हमीद का नाम स्कूल की बाहरी दीवार पर लिख दिया गया है।

### सड़क हादसे में चार की मौत, छह घायल

लखनऊ। आजमगढ़ और सुलतानपुर जिले में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आजमगढ़ जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के मझगावां के समीप नेशनल हाइवे पर कुंभ से लौट रही श्रद्धालुओं की अर्टिगा कार पानी निकास के लिए बने डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार सवार गंगा देवी 45 वर्ष, गणेश 50 वर्ष और दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में पांच लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। सभी मृतक नेपाल निवासी हैं। वहीं, सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में प्रयागराज से अयोध्या जा रहे एक श्रद्धालु की मौत हो गई।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 28.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 13.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- एक राष्ट्र-एक चुनाव से विकसित होगा देश (पृष्ठ-02)
- महाकुंभ : 1.36 करोड़ ने संगम में लगायी डुबकी (पृष्ठ-02)
- विदेशी निवेशक बेच रहे हैं भारतीय शेयर (पृष्ठ-14)
- रुपया 16 पैसे की गिरावट से डॉलर 86.87 पर (पृष्ठ-14)
- सेल 11 अफसरों को करेगा सेवानिवृत्त (पृष्ठ-14)


# प्रयागराज, काशी व अयोध्या से सुधरी अर्थव्यवस्था

## 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ की अतिरिक्त वृद्धि : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है।

उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा 7500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है? मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आयी है जिसमें उन्होंने महाकुंभ को कथित तौर पर फालतू करार दिया था। योगी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या अगर 60 करोड़ तक पहुंचती है तो उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सवा तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन अवसंरचना है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों (विपक्ष) को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने मान लिया था कि आस्था में ताकत नहीं है, लिहाजा दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। गुलामी के कालखंड में यह बात मन में डाली गई कि भारतीय को कमतर करके आंकों, उसे महत्वहीन कर दो। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार भारतवासियों को अहसास कराया कि देश से जुड़े जीवन मूल्यों, आस्था तथा उत्पाद को महत्व देकर हम स्वयं की महत्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### जनहित के मुद्दों को सदन में रखें, स्वस्थ चर्चा से करायें विकास : सीएम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान सभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। सोमवार को विधान भवन में बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। सकारात्मक वातावरण में तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण संवाद से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। सदन में उत्तर प्रदेश के सकारात्मक पर्सेप्शन पर चर्चा हो। उत्तर प्रदेश विधान सभा में सदस्यगण अब अवधी, भोजपुरी, बुन्देली व ब्रज बोलियों में अपनी बात रख सकेंगे तथा सदन की चर्चा का ट्रांसलेशन भी इन 4 बोलियों व अंग्रेजी भाषा में किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि बजट सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसमें राज्य सरकार आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाओं एवं नीतियों का खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने सभी दलीय नेताओं से अनुरोध किया कि वे सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा बनाए रखते हुए सकारात्मक चर्चा करें। इस पर सभी दलीय नेताओं ने सदन के संचालन में सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसदीय परम्परा के अनुसार सत्र की शुरूआत मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। इस सत्र में आगामी 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सदन की उच्च ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नाम की घोषणा जल्द

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सोमवार शाम यहां बैठक की और माना जाता है कि समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नाम की सिफारिश की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी समिति का हिस्सा हैं। सरकार के सूत्रों ने बताया कि अगले सीईसी के नाम की घोषणा करने वाली अधिसूचना जल्द ही जारी की जा सकती है।

मौजूदा सीईसी राजीव कुमार मंगलवार को पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नाम तय करने वाली समिति की बैठक अगले एक-दो दिनों के लिए स्थगित करनी चाहिए थी, क्योंकि उच्चतम न्यायालय संबंधित कानून पर सुनवाई करने वाला है। पार्टी प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने यह दावा भी किया कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर रखने का मतलब है कि यह सरकार इस संवैधानिक संस्था पर अपना नियंत्रण चाहती है।


# पूजा स्थल कानून संबंधी याचिकाओं पर कोर्ट नाराज

## सुप्रीम कोर्ट में तीन न्यायाधीशों की पीठ अप्रैल में करेगी सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम पर कई याचिकाएं दायर होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि तीन न्यायाधीशों की पीठ 1991 के कानून से संबंधित लंबित नोटिस के बाद की याचिकाओं पर अप्रैल में सुनवाई करेगी।

पूजा स्थल से संबंधित अधिनियम में किसी धार्मिक स्थान के धार्मिक चरित्र को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बनाए रखने का प्रावधान है। शीर्ष अदालत ने हालांकि समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और कैराना से सांसद इकरा चौधरी जैसे उन याचिकाकर्ताओं को नए कानूनी आधारों का हवाला देकर लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप के लिए आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की, जिन्होंने हाल में याचिकाएं दायर की हैं और इन पर नोटिस जारी नहीं किए गए हैं। जिन नयी याचिकाओं पर अब तक नोटिस जारी नहीं किए गए थे, उन्हें खारिज करते हुए प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा, रिट याचिकाकर्ता नए आधारों को उठाते हुए (हस्तक्षेप) आवेदन दायर कर सकते हैं। पीठ ने कहा हम दायर की गई नयी याचिकाओं की संख्या को देखते हुए यह आदेश पारित करने के लिए बाध्य हैं। लंबित रिट याचिकाएं (अगर कोई हो तो), जिन पर कोई नोटिस नहीं है, अतिरिक्त आधारों को उठाते हुए आवेदन दायर करने की स्वतंत्रता के साथ खारिज की जाती हैं। नए आईए (अंतरिम आवेदन) को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब कोई नया बिंदु या नया कानूनी मुद्दा हो, जो लंबित याचिकाओं में नहीं उठाया गया हो। इसके बाद पीठ ने 1991 के कानून से संबंधित याचिकाओं और अन्य याचिकाओं को एक अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर



### मेरठ : योग गुरु ने दांतों से उठाया 125 किलो वजन

मेरठ (उप्र)। मेरठ के करनावल कस्बे के योग गुरु विकास स्वामी ने दावा किया कि उन्होंने अपने दो बेटों अनमोल स्वामी (16) और आदित्य स्वामी (10) के साथ इटली के मिलान में आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रतियोगिता में अपने दांतों से 125 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया है।

स्वामी ने कहा कि उन्हें आयोजकों द्वारा ही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह केवल उनकी उपलब्धि नहीं है, बल्कि हमारे क्षेत्र और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। स्वामी की उपलब्धि की खबर फैलते ही उनके गांव में जश्न का माहौल है। हालांकि, रविवार को घर लौटने पर विकास स्वामी ने सरकार और निर्वाचित प्रतिनिधियों से सरहाना न मिलने पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पर्यावरणीय योगदान के आंकलन का प्रयास : धामी

## वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत गांवों में रोजगार व मूलभूत सुविधाएं करायी जायें उपलब्ध : के सुमन बेरी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा देहरादून में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से जहां भारतीय हिमालयी क्षेत्र में जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को बल मिलेगा, कहीं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना बनेगी।




उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्प्रिंगशेड मैनेजमेंट और जलवायु संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता बनाये रखने के लिए इकोनॉमी और इकोलॉजी के बीच समन्वय बनाकर कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी इंडेक्स तैयार कर जल, वन, भूमि और पर्वतों के पर्यावरणीय योगदान के आंकलन के प्रयास किये गये। यह कार्यशाला जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा और अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के साथ राजपुर रोड स्थित एक होटल में स्प्रिंगशेड प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलनः भारतीय हिमालयी क्षेत्र में सतत विकास के लिए रणनीतियां विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** यात्रियों का प्रवाह रोकने के लिए रोक क्षेत्र बनाने के वास्ते नयी दिल्ली, पटना, सूरत, बंगलुरु सहित 60 स्टेशन चिन्हित : अश्विनी वैष्णव

# रेलवे स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के सुझाये उपाय

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि रेलवे अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए जो उपाय कर रहा है, उनमें यात्रियों की अधिक भीड़ का सामना करने वाले 60 स्टेशन पर रोक क्षेत्र बनाना, एक अलग भीड़ प्रबंधन नियमावली तैयार करना और लोगों को सीढ़ियों पर न बैठने के लिए जागरूक करना शामिल है। ये उपाय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीते शनिवार हुई भगदड़ की घटना के मद्देनजर किए जा रहे हैं, जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

यहां रेल भवन में संवाददाताओं से मुखातिब वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने ऐसे 60 स्टेशन की पहचान की है, जहां आमतौर पर यात्रियों की अधिक भीड़ देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि इन स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के लिए स्थायी या अस्थायी रोक क्षेत्र बनाने का फैसला किया ...शेष पृष्ठ 14 पर



### प्रयागराज स्टेशन 28 तक यात्रियों के लिए बंद

लखनऊ। प्रयाग जिला प्रशासन के आदेश अनुसार उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन 17 फरवरी से 28 फरवरी रात्रि 12 :00 बजे तक यात्री आवागमन के लिए बंद रहेगा। उल्लेखनीय है कि शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन पर प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों की इतनी भीड़ उमड़ी की भगदड मच गयी और उसमें 18 लोगों की मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद प्रयागराज समेत सभी स्टेशनों खासकर अयोध्या व वाराणसी रेलवे स्टेशनों पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह

एजेंसी

- 20 को दिलायी जायेगी शपथ, नाम तय नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में एक बार फिर सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होने जा रहा है। इस बार भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के तहत दिल्ली सरकार और एमसीडी ने मैदान को सजाने का काम शुरू कर दिया है। यहां 20 फरवरी को होने वाले इस शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त मुख्यमंत्री व उनके सहयोगी मंत्री शपथ लेंगे। इससे पहले रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2013, 2015 और 2020 में शपथ ली थी और अब चौथी बार इस प्रतिष्ठित स्थान पर यह समारोह होने जा रहा है।

दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने समारोह के लिए विशेष इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। जनता की सुविधा के लिए रामलीला मैदान को पांच हिस्सों में बांटा जाएगा। यहां तीन बड़े स्टेज तैयार किए जा रहे हैं। इनमें से एक मंच 4024 फीट का होगा, इस मंच पर मुख्यमंत्री व मंत्री शपथ लेंगे और प्रमुख अतिथि बैठेंगे, जबकि दो मंच 3440 फीट के होंगे। इन मंचों पर 100 से 150 कुर्सियां लगाई जाएंगी। इन दोनों मंच पर सांसद, विधायक व अन्य बड़े ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ : 1.23 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगायी

विशेष संवाददाता (vol)



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में आम दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है और सोमवार को शाम छह बजे तक 1.23 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को शाम छह बजे तक 1.23 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया, जबकि 13 जनवरी से अभी तक 54.19 करोड़ लोग महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। इस बीच, सोमवार को आम श्रद्धालुओं के साथ ही कई केंद्रीय मंत्रियों और अन्य विशिष्ट लोगों ने भी संगम में डुबकी लगाई जिनमें केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया, केंद्रीय राज्यमंत्री एस.पी. सिंह बघेल और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस शामिल थे। केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा, अभी तक 53 करोड़ लोग यहां आकर स्नान कर चुके हैं।

यहां इतने व्यापक स्तर पर स्नान ईश्वर की कृपा से हो रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री एस पी सिंह बघेल ने कहा, आज महाकुंभ में स्नान करने का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह ईश्वर की कृपा और जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। बघेल ने इस्कॉन और अदाणी समूह द्वारा महाकुंभ मेले में चलाए जा रहे प्रसाद वितरण में भी हाथ बंटाया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने संगम में स्नान करने के बाद कहा, महाकुंभ भारत की महान संस्कृति और परंपराओं का सर्वोत्तम उदाहरण है। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है कि दुनिया का सबसे बड़ा जनसमूह यहां स्वेच्छा से आकर स्नान कर रहा है।

पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता दिवंगत अरुण जेटली के पुत्र एवं दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भी पत्नी के साथ संगम में डुबकी लगाई। जेटली ने कहा, अपनी पत्नी के साथ महाकुंभ का दिव्य अनुभव प्राप्त कर धन्य और सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस विशाल आयोजन और अपार जनसमूह के बावजूद स्थानीय प्रशासन ने अत्यंत कुशल और उत्कृष्ट प्रबंधन किया है। पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह ने संगम में स्नान करने के बाद कहा, यह मेरा दूसरा कुंभ है। यहां दोबारा आकर और कुंभ में स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। यह अकल्पनीय है कि 50 करोड़ लोगों को कैसे संभाला जा सकता है। सोमवार को आंध्र प्रदेश के मानव संसाधन विकास मंत्री नारा लोकेश ने भी परिवार के साथ संगम में स्नान किया। नारा लोकेश ने कहा, महाकुंभ का अनुभव जीवन में एक बार मिलने वाला अनमोल क्षण है। पवित्र संगम में डुबकी लगाते हुए मैंने अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा महसूस की।

## विपक्ष को पच नहीं रहा है महाकुंभ : दयाशंकर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/बलिया।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने प्रयागराज महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों के बयानों का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि विपक्ष को दुनिया का यह सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन पच नहीं रहा है इसीलिए वह इसमें सिर्फ कमी ही ढूंढ़ रहा है। परिवहन मंत्री सिंह ने सोमवार को बलिया में एक सरकारी कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा महाकुंभ में कथित अव्यवस्था को लेकर दिये जा रहे बयानों के बारे में पूछे जाने पर यादव के पैतृक गांव सैफई के विकास कार्यों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सैफई में हवाई अड्डा बनाने की क्या जरूरत थी? आप जाकर उनसे पूछिये कि क्या वहां कोई जहाज उतरता है? सिंह ने कहा, महाकुंभ के बारे में ऐसे लोग गलत बातें कर रहे हैं जो खुद सैफई महोत्सव कराते थे, मुंबई के कलाकारों को बुलाकर वहां नृत्य कराते थे। परिवहन मंत्री ने कहा, भारतीय संस्कृति को दुनिया में स्थापित करने वाला इतना बड़ा आयोजन विपक्ष को पच नहीं रहा है। विपक्ष इसमें केवल कमी ही ढूंढ़ रहा है। उसे यह नहीं देख रहा कि महाकुंभ के दौरान अब तक करोड़ों लोग डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के कुंभ को फालतू कहे जाने के बारे में कहा, लालू जी खुद छठ पूजा करते थे। गंगा नदी में डुबकी लगाते थे। वह खुद इसको मानने वाले व्यक्ति हैं।

## फायर अफसरों की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

विशेष संवाददाता (vol)

- महाकुम्भ में श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में लगी आग, फायर यूनिट ने पाया काबू
- दोनों ही घटनाओं में नहीं हुई कोई जनहानि, स्थिति नियंत्रण में

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में सोमवार को श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविरों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। फायर सर्विस यूनिट की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ 2025 के दौरान सुरक्षा और अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसकी मदद से आग की घटनाओं पर तत्काल प्रतिक्रिया और नियंत्रण संभव हो रहा है। महाकुम्भ के नोडल और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह श्री कपि मानस मंडल शिविर के दो टेंट में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन यूनिट ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि श्री कपि मानस मंडल की आग बुझाने के दौरान फायर यूनिट ने देखा कि सेक्टर 8 में धुआं उठ रहा है। तुरंत मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में भी आग लगी थी। फायर टीम ने पंपिंग वाहनों से पानी छिड़काव कर आग को पूरी तरह बुझा दिया। उन्होंने बताया कि आग लगने की दोनों घटनाओं पर फायर स्टेशन कोटेश्वर महादेव के प्रभारी एफएस भारद्वाज अपनी यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य का नेतृत्व किया। उनकी त्वरित कार्रवाई से बड़ी जनहानि टल गई। इन दोनों घटनाओं में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फायर सर्विस की तत्परता के कारण आग पर तुरंत काबू पाया जा सका।

उल्लेखनीय हो कि गत मकर संक्रान्ति में कुंभ में आग लगने की घटना के बाद मेला प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। सोमवार को लगी आग लगने के तुरंत बाद फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। त्वरित कार्रवाई के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

## शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे कर्पूरी ठाकुर : योगी

- कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर सीएम, डिप्टी सीएम ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, सामाजिक न्याय के पुरोधा, जननायक कर्पूरी ठाकुर शोषित और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने लिखा, कि सामाजिक समता के लिए उनका संघर्ष और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, कि गरीबों, पिछड़ों व वंचितों की सशक्त आवाज, सामाजिक समरसता के प्रतीक एवं कुशल राजनीतिज्ञ, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, भारतरत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी, 1924 को ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के पितौंझिया गांव में हुआ था, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है। सोमवार ही के दिन 17 फरवरी, 1988 को पटना में उनका निधन हुआ था। कर्पूरी ठाकुर एक स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता तथा किसानों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों के हितैषी थे। जनहित के कार्यों के कारण उन्हें जननायक कहकर संबोधित किया जाता है। उनका जीवन लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने और भारत के संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल है।

## भाजपा सरकार ने इंतजाम कम प्रचार ज्यादा किया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा अध्यक्ष ने महाकुम्भ को लेकर भाजपा सरकार पर साधा निशाना
- सरकार से महाकुम्भ आयोजन का समय बढ़ाने की उठायी मांग

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार ने महाकुंभ का इंतजाम करने के बजाय सिर्फ अपना प्रचार किया। इवेन्ट मैनेजमेंट की कम्पनियों को लगाकर बड़े-बड़े चेहरों को बुलाया। इसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में आम श्रद्धालु संगम पहुंचे। सरकार ने सौ करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान का इंतजाम का दावा किया लेकिन कुंभ की ठीक ढंग से तैयारी नहीं की। भाजपा बता रही है कि कुंभ का आयोजन पहली बार हो रहा है जबकि डाक्यूमेंटेड हिस्ट्री बताती है कि कुंभ सम्राट हर्षवर्धन के समय से हो रहा है हालांकि कुंभ पौराणिक है। इसका आयोजन सदियों से हो रहा है लेकिन इस कुंभ के आयोजन को भाजपा बता रही है कि कुंभ पहली बार हो रहा है। पहले कुंभ होता ही नहीं था। 144 साल वाला जो गणित बता रहे हैं, कोई भी वैज्ञानिक और जो लोग ज्योतिष को समझते हैं। ग्रह, नक्षत्रों को समझते हैं वह जानते हैं कि कुंभ हर 12 साल में आता है लेकिन इन्होंने जो 144 साल का गणित बताया है वह किस वर्ष से नापा है, किस कारण नापा है कोई नहीं जानता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भोली-भाली है। आस्थावान है। उनकी बात में आ गयी। भाजपा सरकार कुंभ में आये श्रद्धालुओं की गिनती कम बता रही है। वह जानबूझकर गिनती छिपा रही है। अभी तक कुंभ में 65-70 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ के महा आयोजन में अभी बुजुर्ग लोग स्नान नहीं कर पाये हैं। कुंभ के आयोजन का समय और बढ़ाया जाना चाहिए, जिससे सभी लोगों को स्नान का मौका मिले। अखिलेश ने प्रयागराज महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हुई मौतों को दुःखद बताते हुए कहा कि सरकार संगम में डुबकी लगाने वालों की संख्या की गिनती कर ले रही है लेकिन मृतकों की सही संख्या नहीं गिन पायी। न तो मृतकों की सही संख्या आयी और न खोये लोगों की जानकारी मिल पा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में बड़े पैमाने पर जान गयी है। यह सरकार की नाकामी है। सरकार की नाकामी से जान गयी है। सोशल मीडिया, कुलियों और आम जनता से लेकर अलग-अलग तरीकों से जानकारी आ रही है।

## जनता की समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



- उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाये और समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये।

उप मुख्यमंत्री सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाये और जहां जरूरत हो वहां कठोर कार्यवाही की जाये। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाये और सार्थक समाधान कराया जाये।

## मंत्री संजय निषाद ने सभी आरोपों को किया खारिज

विशेष संवाददाता (vol)



- मंत्री ने की पार्टी के प्रदेश सचिव रहे धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग

**लखनऊ।** निषाद पार्टी प्रमुख और प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद ने उनकी पार्टी के प्रदेश सचिव पद पद पर रहे धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या को लेकर अपनी बात रखीं। उन्होंने उन पर और उनके परिवार पर लगाये गये सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया। साथ ही उन्होंने इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

मंत्री संजय निषाद ने सोमवार को पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि कल 16 फरवरी, रविवार को पार्टी के कार्यकर्ता धर्मात्मा निषाद के आत्महत्या का प्रकरण सोशल मीडिया पर सामने आया। साथ ही आत्महत्या प्रकरण में मेरे और मेरे परिवार पर कई व्यर्थहीन आरोप लगाये गये। मैं हमेशा से पक्षधर रहा हूं कि जीवन अनमोल है, इसको अपने परिवार और समाज सेवा में लगाये रखना चाहिये। कल से लेकर आज तक न जाने कितने आरोप प्रत्यारोप मेरे व मेरे परिवार पर लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि धर्मात्मा निषाद की आत्महत्या मेरे लिए खुद झकझोर देने वाली है क्योंकि जहां तक मुझे पता है वह बच्चा मुझसे लड़ाई कर सकता है, अधिकारियों से लड़ाई कर सकता है, सामाजिक सामंतवादियों से भी लड़ाई कर सकता है लेकिन आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता है। मैं स्वयं इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूं। इस प्रकरण की जांच निष्पक्ष हो साथ जांच अधिकारी व पुलिस अधिकारियों से भी कहूंगा कि मेरे द्वारा इस प्रकरण में कुछ विषय रखे जा रहे हैं, उन विषयों को संज्ञान में लेते हुए जांच की जाय।

उन्होंने कहा कि धर्मात्मा निषाद की फेसबुक वाल से मेरे द्वारा धर्मात्मा निषाद के सोशल मीडिया एकाउंट को देखा गया तो विगत दो महीनों में मेरे, मेरे परिवार व निषाद पार्टी को लेकर एक भी विरोध में एक भी पोस्ट नहीं किया गया है। हाल ही में 13 जनवरी 2025 को निषाद पार्टी के संकल्प दिवस के अवसर पर भी धर्मात्मा निषाद शामिल हुआ था एवं संवैधानिक अधिकार यात्रा के महराजगंज व गोरखपुर पहुंचने पर धर्मात्मा निषाद शामिल हुआ था। मैं खुद यह समझने में असमर्थ हूं कि अगर किसी व्यक्ति का मुझसे या मेरे परिवार से या मेरी पार्टी से कोई द्वेष भावना होती तो वह 01 फरवरी तक मेरे परिवार, मेरी व मेरी पार्टी की तारीफ क्यों करता। 13 फरवरी के बाद से मैं गोरखपुर नहीं गया हूं और तब से लेकर आज तक उससे मेरी बात भी नहीं हुई है और मेरे बेटे प्रवीण निषाद की लगभग दो महीने से अधिक समय से उससे बात नहीं हुई है। मेरे छोटे बेटे सरवन निषाद से 04 फरवरी को फोन पर बात हुई थी और बात इस सम्बन्ध में हुई थी। मंत्री ने धर्मात्मा निषाद की फेसबुक वाल से विगत दो महीने में उनके, उनके परिवार और पार्टी के लिए किये गये पोस्ट के स्कीन शॉट और वीडियो भी दिखाये।

## क्षेत्रीय भाषाओं को भी बढ़ावा देना जरूरी : सतीश महाना

### विस की कार्यवाही का अवधी, ब्रज, भोजपुरी, बुंदेली व अंग्रेजी बोलियों में अनुवाद के पूर्वाभ्यास का सीएम को विस अध्यक्ष ने अवलोकन कराया

विशेष संवाददाता (vol)

- विधानभवन के प्रवेश द्वार व भित्ति चित्र का सीएम योगी व विस अध्यक्ष महाना ने किया अनावरण
- बजट सत्र से पहले ऐतिहासिक पहल, क्षेत्रीय भाषाओं में सुनाई देगी कार्यवाही





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा अपने गठन के बाद से लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। इसी क्रम में इस बार बजट सत्र से पूर्व विधानसभा में एक अनूठी पहल की गई। अब विधानसभा की कार्यवाही हिंदी के साथ-साथ अवधी, ब्रज, भोजपुरी, बुंदेली और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुनी जा सकेगी। यह देश की किसी भी विधानसभा में अपनी तरह का पहला प्रयोग है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के आम नागरिकों, विशेषकर ग्रामीण अंचल के लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से और अधिक जोड़ना है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इस ऐतिहासिक पहल पर कहा कि उत्तर प्रदेश एक विशाल और विविधता से भरा राज्य है, जहां अलग-अलग क्षेत्रों की अपनी विशिष्ट बोलियां और भाषाएं हैं। ऐसे में यह आवश्यक था कि प्रदेश की विधानसभा अपनी जनता से अधिक से अधिक जुड़ाव स्थापित करे। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है, लेकिन क्षेत्रीय भाषाओं को भी बढ़ावा देना जरूरी है। इससे न केवल जनप्रतिनिधियों को अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलेगी, बल्कि आम नागरिक भी अपनी भाषा में विधानसभा की कार्यवाही सुन सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग और दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश विधानसभा जो प्रयास कर रही है, उसे पूरे देश की विधानसभाएं अपना रही हैं। यह पहल लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के बीच संवाद और अधिक प्रभावी और सहज हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा के नए प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया और भित्ति चित्रों का लोकार्पण किया। इन भित्ति चित्रों में उत्तर प्रदेश के समग्र विकास को दशार्या गया है। महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उन्नति, औद्योगिक विस्तार तथा सामाजिक समरसता को इन चित्रों के माध्यम से खूबसूरती से उकेरा गया है।

## धर्मात्मा निषाद के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

- निषाद पार्टी के कार्यकर्ता की आत्महत्या की जानकारी लेने पहुंचा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** महाराजगंज से निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव धर्मात्मा निषाद ने निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं सरकार में मंत्री संजय निषाद और उनके दोनों बेटों पर गंभीर आरोप लगाकर आत्महत्या करने की घटन को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक जताया और परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने कहा कि अब तक तो योगी सरकार के इस कुशासन काल में सिर्फ विपक्ष के लोग ही पीड़ित थे लेकिन अब ऐसा लगने लगा है कि क्या पक्ष-क्या विपक्ष सभी लोग इनसे पीड़ित हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी होते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पार्टी के विधायक वीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल स्व. धर्मात्मा निषाद के आवास महाराजगंज पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की एवं घटना की पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद स्थानीय प्रशासन से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अजय राय ने कहा कि कांग्रेस स्व. धर्मात्मा निषाद के परिजनों के साथ खड़ी है एवं हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा एवं परिवार में किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

## मिल्कीपुर में सामाजिक सेवा का अनूठा उदाहरण

# गरीब बच्चों को दे रहा निःशुल्क शिक्षा



मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र में पुनीत फाउंडेशन समाज सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहा है, फाउंडेशन ने पिछले 6 महीनों में पर्यावरण संरक्षण के लिए करीब पाच हजार लोगों को फलदार और छायादार पौधे निःशुल्क वितरित किए हैं। साथ ही सर्दी के मौसम में लगभग पाच सौ जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे हैं। फाउंडेशन की सबसे महत्वपूर्ण पहल शिक्षा के क्षेत्र में है। सिधौना ग्राम पंचायत के खदरा गांव में स्वामी दयानंद सरस्वती बाल संस्कार केंद्र की स्थापना की गई है, जहां गांव के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जा रहे हैं। केंद्र में गरीब बच्चों को नियमित रूप से स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई जाती है। पुनीत फाउंडेशन के सचिव आकाश सिंह के अनुसार, संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार द्वारा पुस्तकें तो मिल जाती हैं, लेकिन कॉपी-पेंसिल जैसी बुनियादी चीजों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा बनती है। फाउंडेशन ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें आवश्यक शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराता है। श्री सिंह का मानना है कि शिक्षा के माध्यम से ये बच्चे न केवल अपना बल्कि अपने परिवार, क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे। फाउंडेशन निःस्वार्थ भाव से इस सामाजिक कार्य को आगे बढ़ा रहा है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है।

# दीप यज्ञ व भंडारे के साथ सपन्न हुआ गायत्री महायज्ञ

अयोध्या ।शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का रविवार को पूणार्हुति व भंडारे के साथ समापन हो गया। कथावाचक राम चरित्र ने समाज में तेजी से फैल रही दहेज रूपी कुप्रथा पर विस्तार से चर्चा की। कथावाचक ने कहा कि सुखी और सफल दांपत्य जीवन तभी संभव है, जब नर एवं नारी दोनों एक दूसरे के पूरक होकर जीते है। पति पत्नी में आपस में कोई दुराव छिपाव ना हो। गलतियां दोनों में से किसी की भी हो सकती हैं। उन्हें विनम्रता से इंगित कर उनका समाधान निकाला जा सकता है। जब पति व पत्नी का आपस में खूब मिलकर रहते हैं, तो घर स्वर्ग नजर आता है। चारों ओर आनंद ही आनंद संव्याप्त होता है। परिस्थितियां चाहे कितनी भी विषम क्यों ना हो। कहा कि ऐसे में हमें परिवार को एकजुट रखने का प्रयास करना चाहिए। कहा कि दहेज एक कुप्रथा है तथा इसको पुष्पित पल्लवित करने वालों का समाजिक बहिष्कार करना होगा तभी हम एक स्वस्थ व सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन की पूर्व संध्या पर दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें जब असंख्य दीप एक साथ प्रज्वलित हुए, तो श्रद्धालुओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति हुई। आयोजक धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने कहा कि हमें दीपक से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस तरह से एक दीपक अपने सामर्थ्य के अनुसार अंधकार से लड़ता रहता है। वैसे ही हमें भी अपनी योग्यता, सामर्थ्य व प्रतिभा के अनुसार समाज में ज्ञान का दीपक प्रज्वलित रखना चाहिए।

# श्री अयोध्या न्यास का भंडारा सातवें दिन भी जारी



अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में संचालित भण्डारे के तीसरे चरण में सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमडे। भण्डारा प्रात 10 बजे से प्रारम्भ होकर देर रात्रि 2 बजे तक अनवरत चल रहा है। भण्डारे का पहला चरण मौनी अमावस्या स्नान के समय 29, 30 तथा 31 जनवरी को चलाया गया था। बसंत पंचमी पर 3 व 4 फरवरी तथा माघ पूर्णिमा स्नान से अनवरत भण्डारे का संचालन किया जा रहा है।

भण्डारे में देश की विभिन्न राज्यों समेत अन्य देशों के नागरिक भी पहुंच रहे है। भण्डारा स्थल पर आने वालों लोगों का अभिवादन किया जा रहा है। भक्तिमय संगीत की धुनों पर भक्ति मे लीन कुछ श्रद्धालुओं के पांव थिरकने लगते है। सब के मन में आराध्य के दर्शन की आस लिए श्रद्धालु भक्ति में लीन है। प्रभु श्री राम की मातृ भूमि पहुंचने पर उनका उल्लास अपने शीर्ष पर है। भण्डारे स्थल पर ही विश्रामालय की व्यवस्था की गई है। जहां श्रद्धालु रात्रि प्रवास भी कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ता व भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक श्रद्धालुओं का स्नान व दर्शन को लेकर गाइडेंस कर रहे हैं। भण्डारे की व्यवस्था में लगे स्वंयसेवक रात से ही अगले दिन की व्यवस्था में जुट जाते हैं। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि जब तक श्रद्धालुओं का आवागमन सामान्य नही हो जाता है तब तक भण्डारे का अनवरत संचालन चलता रहेगा। अतिथि देवो भव के भाव के साथ सभी श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। भण्डारे की व्यवस्था ओम प्रकाश सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, वीरेंद्र बहादुर सिंह, दीपक पाठक, पंकज कनौजिया, सूरज सोनकर, राम धीरज पांडे, जिला जीत सिंह, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, सौभाग्य श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, राज वर्मा, नन्हे गुप्ता, जय नारायण सिंह रिंकू, पार्षद संतोष सिंह, श्री कृष्ण, बृजेन्द्र सिंह, गणेश गुप्ता, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी देख रहे हैं।

# निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का विरोध प्रदर्शन जारी

## बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी




गोरखपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 82 वें दिन पूरे प्रदेश में समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर बिजलीकर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने मांग की है कि निजीकरण करने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा में किए गए निजीकरण के करार भारी अनियमितता के चलते रद्द किए जाएं।

संघर्ष समिति गोरखपुर के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 41 हजार करोड़ रुपए का राजस्व बकाया है और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का राजस्व का बकाया है। निजीकरण की आगरा वाली ही कहानी दोहराई जाती है तो पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में आने वाली निजी कंपनी के खाते में क्रमशः 41 हजार करोड़ रुपए और 25 हजार करोड़ रुपए की धनराशि चली जाएगी और पावर कॉरपोरेशन को एक झटके में लगभग 66 हजार करोड़ रुपए की चोट लगेगी। दरअसल निजी कंपनियों की नजर इसी बकाए पर है। उप्र के अलावा अन्य प्रांतों में भी निजी कम्पनी ने बकाए की धनराशि हड़प ली है। संघर्ष समिति गोरखपुर के संरक्षक इस्माइल खान ने कहा कि इसके अलावा महंगी दर पर बिजली खरीद कर आगरा में टोरेंट कंपनी को सस्ती दर पर बिजली देने के कारण पावर कारपोरेशन को प्रति वर्ष 275 करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। आगरा में बिजली का औसत विक्रय मूल्य 07.98 रुपए प्रति यूनिट है। पावर कॉरपोरेशन टोरेंट पावर कंपनी को मात्र 04.13 रुपए प्रति यूनिट में बिजली दे रहा है। टोरेंट कंपनी इसे आगरा में 07.98 रुपए प्रति यूनिट पर बेच कर प्रति वर्ष 800 करोड रुपए का मुनाफा कमा रही है। यदि आगरा का निजीकरण न हुआ होता तो अकेले आगरा शहर से ही पावर कारपोरेशन को 1000 करोड़ रुपए का मुनाफा मिल रहा होता।

संघर्ष समिति गोरखपुर के वरिष्ठ सदस्य इ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बिजली कर्मी शांति पूर्वक लोकतांत्रिक ढंग से निजीकरण का विगत 82 दिनों से विरोध कर रहे है। अत्यन्त खेद का विषय है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने संघर्ष समिति से वार्ता तक नहीं की है। ऐसा लगता है कि प्रबंधन की निजी कंपनियों से सांठ गांठ है और इसीलिए प्रबन्धन निजीकरण की जिद पर अड़ा है जिससे प्रदेश को अपूर्णीय क्षति होने जा रही है।

संघर्ष समिति गोरखपुर के वरिष्ठ सदस्य एवं प्राविधिक संघ के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि बिजली कर्मी चालू वित्तीय वर्ष में अधिकतम राजस्व वसूली के संकल्प के साथ अपने काम में जुट हुए हैं किन्तु पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन ने निजीकरण का राग अलाप कर अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना दिया है। निजीकरण का निर्णय तत्काल वापस लिया जाय तो बिजली कर्मी रिकॉर्ड राजस्व वसूली करने में सक्षम हैं।

आज जनपद गोरखपुर सहित राजधानी लखनऊ एवं वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभा हुई। प्रदर्शन में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों जितेन्द्र कुमार गुप्त, जीवेश नन्दन, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, अखिलेश गुप्ता, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह, विकास राज श्रीवास्तव, पीयूष राज श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, उपेंद्र पाल, सरोजनी सिंह, ओम गुप्ता, सत्यव्रत पाण्डेय, विनय पाण्डेय एवं करुणेश त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, रूड़की, लक्सर, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली जं., शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04613 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुवा, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रुड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरु सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, षोरनूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01550 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01549 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 01552 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01551 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सिवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सेलमपुर जं., बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लाहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सेलमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सिवान जं., हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति | 11:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवाड़ा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुधनी, औबेदुल्लागंज एवं मंडीद्वीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरु, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 09030 | बलिया | 23:30 | विश्वामित्री जं. | 10:05 | गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, ओरई, विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजलपुर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद एवं गोधरा जं. स्टेशन |
| 09032 | गाजीपुर सिटी | 00:30 | उधना जं. | 12:45 | औड़िहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, ओरई, विरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ललितपुर, बीना जं., गंज बासौदा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजलपुर, उज्जैन जं., नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., विश्वामित्री एवं भरूच जं. स्टेशन |
| 06007 | तिरुवनंतपुरम उत्तर | 14:00 | बनारस | 21:50 | कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टायम, एर्णाकुलम टाउन, आलुवा, त्रिचूर, पालक्काड जं., कोयंबटूर जं., तिरुप्पूर, इरोड जं., सेलम जं., जोलारपेटै जं., कटपडी जं., अरक्कोणम जं, पेरांबूर, तिरुवोट्टियूर, गुडुर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, रामगुंडम, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी.रामचंद्रन सेन्ट्रल | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 03430 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाऊन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 03411 | मालदा टाऊन | 20:45 | झूँसी | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जंक्शन, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं., बनारस |

**दिनांक 19.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुवा, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01550 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01549 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 01552 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सेलमपुर जं., लार रोड, बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 01551 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागाँव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मसरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सिवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सेलमपुर जं., बेलथारा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जखनियां, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लाहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सेलमपुर जं., भटनी जं., भाटपार रानी, मैरवा, सिवान जं., हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढ़ौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागाँव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 03412 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहान पुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

## एसपी उत्तरी ने किया चिलुआताल थाने का निरीक्षण

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाने का वार्षिक निरीक्षण एसपी उत्तरी जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्पन्न हुआ। एसपी ने अपने निरीक्षण में थाना परिसर निरीक्षण के साथ ही सम्बधित सभी कार्यालयो का सुक्ष्म निरीक्षण किया गया। सोमवार को चिलुआताल थाने पर पहुचे यस पी उत्तरी जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना परिसर में संचालित महिला हेल्प डेस्क , मेस, बैरेक , जनसुनवाई , कार्यालय , सी सी टी यन यस , का सुक्ष्म निरीक्षण करने के पश्चात थाने के सभी उपनिरीक्षको को बुला कर बिभिन्न प्रकार के असलहो के रखरखाव व चलाने की जानकारी लेने के पश्चात थाने में उपलब्ध सभी असलहो की पहचान एवं उनको चलाने की बिधि का बिस्तृत जानकारी दी। एसपी नार्थ ने थाने में तैनात सभी महिला पुरुष प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को पुलिसिंग का पाठ पढ़ाया कार्यालय मे रखे सभी अभिलेखो के रख रखाव के लिये सम्बधित लोगो को टिप्स दिये अन्त में जनसुनवाई में आये प्रार्थना पत्रो के पिड़ितो से बात कर उनके सन्तुष्टी का हाल जाना बीट प्रभारियो से उनके बीट में आने वाले दिक्कतो की जानकारी लेकर उसके निदान का रास्ता बताया।

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मुहम्मदपुर निवासी बलिराम सिंह की तहरीर पर धारा 303 (2) में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बलिराम सिंह ने चौरीचौरा पुलिस पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार दिन पूर्व सुबह अपना एक लाख तीस हजार रुपए का कीमती मोबाइल फोन घर के बरामदे में चार्जिंग में लगाया था। परंतु आधा घंटे बाद हमने देखा तो मोबाइल बरामदे में नही था। और मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था काफी खोजबीन किया गया ।लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया। पुलिस को तहरीर दिया गया ।पुलिस तहरीर के आधार पर 303(2) में केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## पेंशनर पेन कार्ड जमा करें

इटावा! वरिष्ठ कोषाधिकारी, डोगरा शक्ति ने अवगत कराया कि कोषागार इटावा से पेंशन प्राप्त कर रहे सभी पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि जिन पेंशनरों की वार्षिक पेंशन से आय की धनराशि रू 775000/- (रू0 सात लाख पचहत्तर हजार) से अधिक है तो वह अपना आगणन का विवरण, धारा-80 सी0 इत्यादि के अन्तर्गत ली गयी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र प्रणव कुमार मिश्रा व पुत्रवधु प्रिया मिश्रा को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **रजनीश कुमार मिश्रा पुत्र कैलाश नाथ मिश्रा नि.- 652/447 सेक्टर-सी बटहा सबौली, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथिनी अनुराधा गिल (ANURADHA GILL) पत्नी प्रभजोत सिंह गिल निवासिनी - ब्लाक नं.-6, प्लाट नं.-19, गीतापल्ली आलमबाग, जिला-लखनऊ उ.प्र.- यह सूचित करना चाहती हूं कि मैने अपना नाम परिवर्तित कर करमजीत कौर गिल (KARAMJEET KAUR GILL) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अनुराधा गिल पत्नी प्रभजोत सिंह गिल निवासिनी - ब्लाक नं.-6, प्लाट नं.-19, गीतापल्ली आलमबाग, जिला-लखनऊ।**

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट-7**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**मु.सं.-टी202504680402065**
**तारीख पेशी 28.02.2025**
**धारा 67 क**
**वंदना पत्नी बलराम**
**बनाम**
**ग्राम सभा मेवपुर वरचौली।**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाख करने के लिए 28.02.2025 को पूर्वांह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 17.02.2025 को निकाली गई।

**न्यायालय**

# आपसी कहासुनी के बाद गोली मारकर युवक की हत्या

- बारात गए मृतक और हत्यारोपित, सोपाई घाट में आपसी कहासुनी के बाद कर दी हत्या

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। बेलघाट इलाके में सोपाई घाट के पास रविवार की देर रात लगभग डेढ बजे आओपसी कहासूनी के बाद एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। परिजन क्षेत्र के ही एक बदमाश व उसके भाई पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। आरोप है कि मृतक और हत्यारोपित एक साथ गोरखपुर बारात में शामिल होने गए थे, और घर वापसी पर सोपाई घाट के पास आपसी कहासूनी के बाद हत्या कर दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। इस मामले में मानवेंद्र, ज्ञानेंद्र व अतुल सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, बेलघाट थाना के सोपाई घाट के रहने वाले मृतक अभिषेक सिंह (31) उर्फ चंचल पुत्र शंभू सिंह रविवार की शाम अपने पड़ोसी मानवेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह व एक अन्य युवक के साथ बस से गोरखपुर के सिंघड़िया में एक शादी में गए थे। वापसी में तीनों एक साथ ही सोपाई घाट चौराहे पर उतरे। बताया जा रहा है कि उस दौरान अभिषेक व ज्ञानेंद्र की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि ज्ञानेंद्र के भाई मानवेंद्र ने गोली चला दी। गोली अभिषेक के सीने में लगी, जिससे वह गिर पड़ा। उसे गांव के बाहर फेंक कर आरोपित फरार हो गए। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस से उतरे तो सभी नशे में थे। इसी बीच कहासुनी हो गई।

मानवेंद्र एवं अभिषेक का घर आसपास ही है। अभिषेक उसी के साथ रहता था। मानवेंद्र का बालू का ठेका है। उसे अभिषेक ही देखता था। वह उसके साथ ही शादी में भी गया था। आपस में कुछ कहासुनी के बाद मानवेंद्र ने गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मानवेंद्र पर गोरखपुर व आसपास के जिलों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आसपास उसके नाम की दहशत भी रहती है। घटना के बाद से तीनों फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। इस घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। अभिषेक का फोन गायब है। पुलिस फोन की लोकेशन ट्रेस कर रहे है। इसके लिए सर्विलांस टीम को लगाया गया है। शादी समारोह व आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं। अभिषेक की काल डिटेल भी निकाली जा रही है। हत्या के बाद घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजन आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि अभिषेक की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। गांव के लोगों में भी इस घटना से गुस्सा है।

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की टीम मामले की जांच कर रही है। कई साक्ष्य मिले हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना का पदार्फाश कर दिया जाएगा।

# धूमधाम से विद्यालय पर मनाया गया वार्षिकोत्सव



चौरीचौरा, गोरखपुर। सरस्वती पब्लिक स्कूल, रामपुरा, ब्रह्मपुर में वार्षिकोत्स आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक एवं राज्यमंत्री (रउ/रळ आयोग) बेचनराम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, नाटक, समूह गान और कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। खासतौर पर छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य और लोकनृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्य कमलनाथ प्रजापति ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर विपिन निषाद, विजय निषाद, अमरजीत निषाद, सिद्धार्थ कुशवाहा, उमेश चंद्र यादव, देवेंद्र नाथ प्रजापति, सद्दाम हुसैन, वेदप्रकाश चंद, घनश्याम यादव, राधेश्याम राय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सपा ने पीडीए चर्चा में एकजुटता पर दिया जोर



चकरनगर, इटावा! तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव नगला चौप में सपा के कार्यक्रताओं ने बैठक कर पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन संपन्न किया। मुख्य अतिथि उदयभान सिंह यादव ने पीडीए को मजबूत बनाने का क्षेत्रीय कार्यकताओं से आह्वान किया। ब्लाक अध्यक्ष हेमरुद्ध सिंह सेंगर की अध्यक्षता में आहूत पीडीए की बैठक में क्षेत्र के गांव नगला चौप में सोमवार को सपा पार्टी के मुख्य अतिथि उदयभान सिंह यादव ने पीडीए को मजबूत बनाने का आवाहन करते हुए अभी से भरथना विधानसभा चुनाव में एकजुटता व लगन के साथ जुटने का संकल्प भी दिलाया, उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आवाहन के मुताबिक सभी कार्यकर्ता बूथ व सेक्टर स्तर पर बैठक कर लोगों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। इसी क्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब का बनाया हुआ संविधान बदलना चाहती है। उमेश यादव उर्फ लंकू ने कहा कि भाजपा संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है, आप इसी बात से अनुमान लगा लो कि देश के गृहमंत्री ने लोकसभा में बाबा साहब के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर देश की जनता का दिल आहत किया है। इस लिए पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पीडीए को एकजुट कर पार्टी को मजबूती दें। उन्होंने कहा कि भरथना विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव पीडीए चर्चा पंचायत चल रही है। आगामी 2027 के चुनावों की तैयारियों में जी-जान से जुट जाएं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष हेमरुद्ध सिंह सेंगर के द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, जनवेद सिंह सेंगर, भरत यादव, विशंभर यादव, पंकज यादव, कल्लू यादव, यदुनाथ सिंह, जलालुद्दीन खान, महेवा ब्लाक अध्यक्ष दीपू कुशवाह सहित पीडीए के कार्यकर्ता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## इलाज के दौरान किसान की मौत

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर 32वर्षीय घायल युवक की इलाज के दौरान पीजीआई सैफई में 5दिन बाद मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम कवार्खेडा निवासी राम प्रकाश का 32वर्षीय पुत्र विक्रम सिंह 12फरवरी को ग्राम परशुपुरा के पास सिक्स लेन हाइवे पार कर अपने घर जा रहा था कि उसी समय इटावा की ओर से तेज गति से आ रहे आटो चालक ने युवक के टक्कर मार दी थी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया था जहाँ इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने के कारण युवक विक्रम सिंह की पीजीआई सैफई में रविवार को मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर बकेवर उपनिरीक्षक विनीत पाण्डेय पीजीआई सैफई पहुँचे और मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। पुत्र की मौत की सूचना जैसे ही माँ बाप को हुई तो वह रोने बिलखने लगे।

# शौचालय निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद के बाद फायरिंग

जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के गोपलापुर मोहल्ले में सोमवार को दो पक्षों के बीच हुए जमीनी विवाद में गोली चलने का मामला सामने आया है। शौचालय निर्माण को लेकर दोनो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक खोखा कारतूस बरामद किया। आरोपी को असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह विवाद शौचालय निर्माण को लेकर था, जिसमें दो पक्षों के बीच तकरार बढ़ने के बाद गोलीबारी की घटना घटित हुई। जानकारी के मुताबिक, गोपलापुर मोहल्ले में दो पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था, और इस विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीव्र बहस हो रही थी। विवाद के दौरान एक पक्ष ने अचानक अपने हथियार से गोली चला दी, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से खोखा कारतूस बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है और यह सुनिश्चित किया है कि इस प्रकार की घटनाएं फिर से न घटित हों।

# ढोल नगाड़े के साथ निकली कलश यात्रा



चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड सरदार नगर के ग्राम सभा गौनर, विशुनपुरा बाबू के शिव दुर्गा मंदिर से हाथी घोड़े ढोल नगाड़े तथा जयकारों के साथ रुद्र महायज्ञ की कलशयात्रा निकाली गई। शिव दुर्गा मंदिर पर आयोजित रुद्र महायज्ञ के कलश यात्रा में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा में शिव नाम का जयकारा तथा हाथी घोड़े, डी जे श्रद्धालुओं को बरबस अपनी तरफ आकर्षित कर रहे थे। बताते चलें कि यज्ञस्थल से पूजन अर्चन के बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। करीब 2100 कन्याएं पीत वस्त्र धारण कर कलशयात्रा में निकली तो शोभा यात्रा देखते ही बन रही थी। शिव दुर्गा मंदिर से निकली कलशयात्रा गौनर, मौनहा होते हुए मझना नाले पर पहुंची। जहां कलश भरा गया। और पुनः मंदिर पर पहुंच कर कलशयात्रा का समापन किया गया। आयोजक मंडल ने बताया कि यज्ञाचार्य पंडित शिव शंकर मिश्र व उनकी टीम में शिवम मिश्रा, दिव्यम द्विवेदी, प्रदीप तिवारी, विवेक मिश्रा, प्रतिदिन पूजन पाठ व हवन कार्य कराएंगे। अयोध्या से आई रामलीला मंडली द्वारा रामचरित्र का दर्शन कराया जाएगा। पंडित जे.पी. व्यास श्रद्धालुओं को प्रतिदिन कथा रसपान कराएंगे। यज्ञ की पूणार्हुति 26 फरवरी को किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से रमेश वर्मा, राम कृपाल यादव, योगेश पांडे, मनोज जायसवाल, छोटेलाल चौधरी, अनूप चौधरी, रमेश गुप्ता, मनजीत पासवान, अरविंद, व मंदिर के पुजारी गिरी जी, महेश शर्मा, नीलू जायसवाल सूरज ओझा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## निःशुल्क लोटस चिकित्सा वैन का हुआ शुभारंभ



इटावा! समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से सोमवार को शास्त्री चौराहे पर लोटस चिकित्सा वैन का सदर विधायक सरिता भदोरिया ने फीता काट करके किया शुभारंभ, सदर विधायक ने बताया की निशुल्क लोटस चिकित्सा वैन हर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ उच्च स्तरीय संसाधनों के साथ में कोलकाता से आए कुशल डॉक्टरो द्वारा सभी स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं प्रदान की जा रही है यह सौभाग्य है इटावा वासियों की समाजसेवी रामशरण गुप्ता के प्रयास से विगत वर्ष की भांति सोमवार से 1 महीने के लिए जनपद के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी , वहीं रामशरण गुप्ता ने बताया बुजुर्गों , दिव्यांगों के लिए निशुल्क लाने ले जाने की भी व्यवस्था है। इस अवसर पर राजीव चतुवेर्दी, सदन राजावत, हरिशंकर पटेल, अंशुल कुशवाहा, बल्ले चौधरी , मंगू ठाकुर, अजय गुप्ता, गगन चौहान, रघुराज सिंह यादव आदित्य लोग मौजूद रहे!

# पति गया कुंभ, पत्नी से पड़ोसी ने किया बलात्कार

## पीड़िता ने सीओ नागेंद्र चौबे को बतायी आपबीती, दिये जांच के आदेश

जसवंत नगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता का पति महाकुंभ स्नान करने गया तभी घर में अकेला पाकर आरोपी पड़ोसी ने पत्नी संग बलात्कार किया ।शिकायत पर थाने में कोई सुनवाई न होने पर पीड़िता ने सीओ नागेंद्र चौबे की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई तो सीओ ने तत्काल जांच के आदेश दिए।

थाना बलरई क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली एक महिला ने सीओ नागेंद्र चौबे को शिकायती प्रार्थना पत्र देते न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि मेरा पति आठ फरवरी को प्रयागराज कुम्भ नहाने गया थे ।मै घर पर अकेली थी उसी दिन रात्रि को हमारे पड़ोसी ने घर का दरवाजा खटखटाया ।दरवाजा खोलने पर आरोपी ने घर में अकेला पाकर मेरे साथ गन्दी गन्दी हरकते करने लगा, आपत्ति जतायी तो थपड़ मारकर जमीन पर गिरा दिया और मेरे साथ जबरिया बलात्कार करने के बाद धमकी दी कि अगर तूने किसी से शिकायत की तो तेरे बच्चे को जान से मार दूँगा ।जब पति वापस आया तो पूरी घटना बतायी। मैं और मेरा पति शिकायत करने थाने गये और हलकाई दरोगा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया तो मेरी एक भी नहीं सुनी गई और न ही डाक्टरी करायी बल्कि उल्टा आरोपियों को दबंग बताते हुए हमसे राजीनामा की कहने लगे ।आज तक थाने में और दरोगा जी ने मेरी कोई सुनवाई नहीं की ।मजबूर होकर न्याय के लिए आपकी चौखट का दरवाजा खटखटाना पड़ा ।सीओ नागेंद्र चौबे ने पीड़िता की बात सुन तुरंत ही थाना प्रभारी बलरई को कानूनी कार्रवाई कर जांच के आदेश दिए।

## जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

बकेवर, इटावा ! लखना कस्बे में नामजद आरोपित तीन भाइयों ने एक महिला किसान के खेतों में पानी भरकर फसल नष्ट कर उसे जान से मारने की धमकी का मामला पुलिस ने ढाई सप्ताह बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज कर जांच शुरू की । लखना कस्बे के कालिका मोहल्ला निवासी मुन्नी देवी पत्नी सुरेश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 31 जनवरी को अपने खेतों पर गई तो वहां उसने देखा कि खेतों में पानी भरा हुआ था और उसकी तकरीबन 25 हजार रुपए मूल्य की फसल पानी में डूबकर नष्ट हो गई। उसने जानकारी की कि खेतों में पानी किसने भरा तो उसमें संदीप, दिलीप राजीव पुत्रगण सोने लाल के नाम प्रकाश में आए जिसपर वह उनके पास उलहाना देने गई तो नामजद आरोपितों ने उसके साथ गाली-गलौच की और मारने का प्रयास भी किया।

# स्कूली छात्रा को टैंकर ने रौंदा, मौके पर मौत



जसवंतनगर, इटावा ! कचोरा घाट बाईपास पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूली छात्रा की मौत हो गई। 16 वर्षीय कामिनी, पुत्री स्वर्गीय मनीष चंद्र, हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज जसवंत नगर में दसवीं कक्षा की छात्रा थी। वह मैथ की कोचिंग से लौट रही थी, तभी एक तेज रफ्तार टेंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मृत्यु हो गई ।सोमवार की शाम चार बजे सिरहोल पुल के समीप उक्त छात्रा अपने घर ग्राम झीला आ रही थी तभी यह घटना घटित हुई। जैसे है इस घटना की खबर आसपास के लोगों को मिली बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए और उन्होंने बाइके लगाकर सड़क पर जाम लगा दिया इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली मौके पर क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ,प्रभारी निरीक्षक राम सहाय मय फोर्स के पहुंच गए इसके बाद मृतका के परिजन नहीं माने और किसी उच्च अधिकारी को बुलाने की मांग करते रहे इसके बाद मौके पर तहसीलदार जसवंतनगर दिलीप कुमार पहुंच गए और परिजनों को आश्वासन दिया और मामले का तुरंत मुकदमा लिखा जाए और मृत्यु के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए उसके बाद लगभग 1 घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन



भरथना, इटावा! आधा सैकडा से अधिक दिवंगत समाजसेवियों की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के दूसरे यानि समापन दिवस पर रविवार को मिडिल स्कूल प्रांगण में विभिन्न जनपदों से आये खिलाडियों का रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसे देखने के लिए सैकडों की संख्या में खेलप्रेमी एक ही स्थान पर डटे रहे। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी आदर्श वालीबाल क्लब भरथना के तत्वाधान में आधा सैकडा से अधिक समाजसेवियों की स्मृति में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता व बैट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के दूसरे यानि समापन दिवस रविवार को विभिन्न जनपदों की आई टीमों के खिलाडियों का रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसके चलते फाइनल में बालीबाल टीम आगरा ने विजयश्री हासिल की। जबकि उपविजेता बालीबाल टीम मथुरा बनी। वहीं वैट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शशांक शुक्ला शिम्पू व द्वितीय स्थान अभिषेक ने हासिल किया।

## भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ 19 से

भरथना, इटावा ! विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर महामंशापूर्ण गंगाधर विश्वनाथ धाम शिव मन्दिर रमायन पर आगामी 19 फरवरी से 28 फरवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।

उक्त आशय की जानकारी मन्दिर समिति अध्यक्ष अरविन्द पोरवाल सर्राफ व कोषाध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि क्षेत्र के ग्राम रमायन स्थित प्राचीन शिव मन्दिर पर महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। कथा का रसपान सरस कथावाचक व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पं0 रामबाबू द्विवेदी मयंक जी महाराज बिल्हौर कानपुर के मुखारबिन्दु से कराया जायेगा।

# इटावा से ही कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी

## उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



इटावा। उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक एक होटल में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश में युवा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्येक जनपद में कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे कांग्रेस पार्टी का युवा कांग्रेस एक मजबूत अंग होता है यदि युवा कांग्रेस मजबूत होगी तो कांग्रेस पार्टी को और अधिक बल मिलेगा।

उन्होंने कहा हम इटावा कांग्रेस को कमजोर समझते थे लेकिन आज इटावा में आकर मुझे एहसास हुआ कि कांग्रेस का एक एक जांबाज कार्यकर्ता मजबूती के साथ कांग्रेस के साथ खड़ा है और यहां कांग्रेस बहुत मजबूती के साथ काम कर रही है इटावा से कांग्रेस का जन्म हुआ? था और इटावा से ही कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेगी। हम एक मजबूत संगठन तैयार करने का काम कर रहे हैं और हम बूथ स्तर तक संगठन को ले जाएंगे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, महासचिव कौशलेंद्र यादव, कनिष्क पांडे, जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे, युवा जिला अध्यक्ष शौजब रिजवी, कोमल सिंह कुशवाहा, आशुतोष दीक्षित, प्रमोद शंखवार, अरुण यादव, आलोक यादव, प्रेम किशोर दुबे, संजय तिवारी ,वाचस्पति द्विवेदी, संजय दोहरे ,प्रशांत तिवारी, करन सिंह राजपूत, कीरत प्रसाद पाल, आर बी सिंह पाल, सुनीता कुशवाहा, विष्णु कांत मिश्रा, सरला जाटव, कमलेश वर्मा, सतीश नागर मनोज दीक्षित, आसिफ जादरान, सचिन शंखवार, मिथलेश कुशवाहा, शानू परवेज, मनीष वाजपेई, रामगोपाल वाजपेई, सोनू यादव, राम दीक्षित, आदि लोगों उपस्थित रहे ! वही त्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय बैठक के उपरांत यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी के आवास घटिया अजमत अली गए जहां उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शौजब रिजवी ने अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का अभूतपूर्व स्वागत किया। श्री राय ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एंव शौजब रिजवी के पिता मुस्ते हसन डॉली से मुलाकात के उनका स्वास्थ्य लाभ जाना। इसके पश्चात श्री राय ने शौजब रिजवी के आवास पर स्वल्पाहार किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 08/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है ।, **क्र.सं. :-1., कार्य का विवरण:-** बरेली सिटी-कासगंज अनुभाग के मध्य एच-बीम स्लीपरों के द्वारा ब्रिज सं. 409 का टी.बी.एस. आर. का कार्य। (स्वीकृत कार्य के अर्न्तगत भोजीपुरा-लालकुऑं अनुभाग के मध्य बी.सी. एम मशीन से छनाई एवं बैलास्ट की आपूर्ति पूर्ण करना (64.3) किमी.)।, **अनुमानित लागत रूपयों में:-** रु. 3,62,08,420.71, **बयाना राशि रूपयो में:-** रु. 3,31,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य,** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **03 माह**।, **क्र. सं.:- 2., कार्य का विवरण:-** लालकुऑं स्टेशन पर एन.एम.जी (साइज-35x18मी) के लिए सिक लाइन शेड के विस्तार का प्रावधान।, **अनुमानित लागत रूपयों में:-** रु. 1,26,58,450.83 **बयाना राशि रूपयो में:-** रु. 2,13,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य,** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **06 माह**। **1.** क्रम सं 1 की ई-निविदा दिनांक **11.03.2025** को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।, **2.** क्रम सं 2 की ई-निविदा दिनांक 10.03.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **3.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे ।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
**मुजाधि/डब्लू-406 इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है: **1. अति अल्पकालीन खुली ई-निविदा संख्या टी.-11/2024-25,** विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, इटावा पर 132 के.वी. लाइन बे पर 02 नग 145 के.वी. सर्किट ब्रेकर की ओवरहॉलिंग करने इत्यादि का कार्य। **2. खुली ई -निविदा संख्या टी.-12/2024-25,** विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैफई एवं 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, इटावा पर सेंड पिट बनाने तथा फायर शेड (हट) इत्यादि बनाने का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति / कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचायें"**

**(पत्रांक 264 / दि. 17.02.2025)**

संक्षेप

## पुत्री के लापता होने पर पुलिस को दी सूचना

पाटन, उन्नाव। घर से अचानक लापता हुई पुत्री की माँ द्वारा दी गयी सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के एक गॉव निवासिनी सोमवार को अचानक घर से लापता हुई पुत्री की सूचना थाना पुलिस को दी औ? बताया कि वह सुबह खेत गयी थी जब लौटकर आयी तो पुत्री घर मे नही मिली तो नाते रिश्तेदारी व पास पड़ोस में काफी खोजबीन की। किन्तु पता नही चला। पता न चलने पर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जानकारी दी। पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़िता की पुत्री की खोजबीन के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है।

## दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह कल से

महमूदाबाद/सीतापुर। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय डिग्री कालेज महमूदाबाद का दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ 19 फरवरी बुधवार की सुबह 11 बजे होगा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डा. प्रवीण रंजन सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव होंगे। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के प्राचार्य प्रो. शहला नुसत किदवई द्वारा गुरुवार 20 फरवरी को दोपहर एक बजे किया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्या डा. सीमा सिंह व क्रीड़ा प्रभारी एके दिवाकर ने संयुक्तरूप से दी।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक लापता

महमूदाबाद/सीतापुर। हमीरपुर जिले से मधुमक्खी पालन का कार्य करने अपने भाई के साथ आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। क्रांतिवीर (19) उर्फ कमतू पुत्र अनारसिंह हमीरपुर जिले के सिरापुर कस्बे का रहने वाला है। क्रांतिवीर अपने भाई पवन कुमार के साथ सीतापुर के सदरपुर के चांदपुर सेठ गांव में मधुमक्खी पालन के लिए आया था। क्रांतिवीर बीते शुक्रवार को अचानक चांदपुरसेठ गांव में बने मधुमक्खी पालन केंद्र से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। गायब युवक के भाई ने काफी तलाश की और रिश्तेदारों से जानकारी की किंतु लापता युवक का पता नही चला। युवक के भाई पवन ने पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएसआई सुनील सिंह ने बताया कि लापता युवक के भाई की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में पांच घायल

सकरन /सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम तारपारा निवासी मोहित 18 वर्ष और कुलदीप 19 वर्ष सकरन कस्बा स्थित स्कूल में हाई स्कूल के छात्र हैं। सोमवार को दोनों छात्र साइकिल से स्कूल से छुट्टी होने पर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में सकरन कस्बे में एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से साइकिल सवार छात्र मोहित और कुलदीप समेत बाइक सवार सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम कुटी पुरवा सुमरावां निवासी देवी शंकर उम्र 22 वर्ष, पप्पू उम्र 20 वर्ष व विपिन उम्र 23 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी सांडा में भर्ती कराया है।

## आजाद अधिकार सेना ने किया प्रदर्शन

सीतापुर। आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को प्रशासन को ज्ञापन सौपा। इस दौरान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन दुर्घटना मामले में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर भारत के राष्ट्रपति के नाम अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि मृतकों तथा घायलों को दिया गया मुआवजा बहुत ही कम है। क्योंकि यह दुर्घटना पूरी तरह सरकार और रेलवे प्रशासन की नाकामयाबी का नतीजा है। अतः पार्टी ने प्रत्येक मृतक के लिए एक करोड़ तथा प्रत्येक घायल के लिए 50 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने की मांग करती है। इसी प्रकार पार्टी ने इस घटना के लिए जिम्मेदार दोषी कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्यवाही कि मांग की। पार्टी ने रेल विभाग तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को गैर जिम्मेदार बताते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाए जाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन में चन्द्र भान सक्सेना, प्रदीप कुमार माथुर, राज कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की।

विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर, विद्युत और आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली के प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर, प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। स्टांप में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों व अन्य वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि हैसियत संबंधी जो भी प्रमाण-पत्र प्राप्त हों, उसको जल्द से जल्द जारी किया जाये।

## नवनिर्मित पुलिस चौकियों का एसपी ने किया उद्घाटन



सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र की तीन चैकियों का सोमवार को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा बिसवां की नवनिर्मित पुलिस चौकियों का शुभारंभ किया। एसपी ने मंसाराम चैकी , बिसवां देहात (सत्तिनपुरवा) चौकी व चौकी-इटियाशहीद का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित चैकी क्षेत्र में अपराध एवम् अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने एवम्‌कानून, व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया।

सुरक्षा एवमं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस चौकी पर उपस्थित पुलिसकर्मियों व ग्राम प्रहरियों को अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने को कहा। संबंधित को यथाशीघ्र सूचना देने को कहा। यातायात नियमों का पालन करने, साइबर फ्रॉड से बचने हेतु जागरुक करने व सतर्क रहने आदि के संबंध में निर्देश/अपील की गयी। साथ ही चौकी क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में सीसीटीवी लगवाने अथवा लगे हुए सीसीटीवी को निरंतर क्रियाशील रखने के लिये कहा। कोतवाली बिसवां के लोकार्पण में चैकी क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा पहुंचकर चौकी के निर्माण से आमजनमानस की पुलिस तक शीघ्र पहुंच व सुविधा के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार , एसडीएम बिसवां मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला , बिसवां प्रभारी कोतवाली प्रभारी तेज प्रकाश सिंह , रामापुर काला थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा, रेउसा थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी, सकरन थाना प्रभारी कृष्ण कुमर , मानपुर प्रभारी दिलीप चैबे। बिसवां अपराध निरीक्षक भानू प्रताप , उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, उपनिरीक्षक मंजीत सिंह, उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज, उपनिरीक्षक आशुतोष मिश्र, उपनिरीक्षक अतुल वर्मा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार व ग्राम प्रधान व व्यापारी लोग मौजूद रहे।

## कंप्यूटर मशीन व इनवर्टर, बैट्रा के साथ सोलर प्लेट चोरों ने किया पार

महमूदाबाद/सीतापुर। मुबारकपुर गांव के सामने पैंतेपुर मार्ग पर लगे धर्मकांटे से चोरों ने कंप्यूटर मशीन व इनवर्टर, बैट्रा के साथ सोलर प्लेट चोरी हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महमूदाबाद के मुबारकपुरकलां के रामकिशुन का पैंतेपुर मार्ग के किनारे धर्मकांटा लगा है। रविवार की रात राकिशुन के बेटे करन कुमार की बारात बाराबंकी के फतेहपुर के मिजार्पुर गई थी। धर्मकांटे पर सुरक्षा के लिए रुकने वाला चैकीदार प्रदीप कुमार भी रात नौ बजे बारात चला गया जो दो बजे रात वापस आया। वापस आने पर चैकी ने देखा कि धर्मकांटे पर तौल के लिए लगी कंप्यूटर मशीन, इनवर्टर, बैट्रा व सोलर प्लेट गायब थी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

## पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन

महमूदाबाद/सीतापुर। जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक महमूदाबाद के क्रीड़ा समारोह के तृतीय अंतिम दिवस पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन हो गया।



छात्र तेज नरायन यादव व छात्रा काजल वर्मा को चैंपियन का खिताब हासिल हुआ। क्रीड़ा प्रतियोगिता के तृतीय दिवस में आयोजित लंबीकूद बालिका वर्ग में शिवानी शुक्ला प्रथम, काजल वर्मा द्वितीय, अंशिका वर्मा तृतीय, चार सौ मीटर दौड़ में काजल वर्मा प्रथम, समृद्धि पांडेय द्वितीय, सोनिका शर्मा तृतीय, दो सौ मीटर दौड़ में ज्योति वर्मा प्रथम, समृद्धि पांडेय द्वितीय, पूजा देवी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गोला फेंक में तेज नरायन यादव, अनुभव वर्मा, शिवम भारती को, तावा फेंक में अमित सिंह, तेज नरायन यादव, नितीश मौर्या, लंबी कूद बालक वर्ग में अमित कुमार, नवनीत तिवारी, सचिन वर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में 16 अंकों के साथ तेज नरायन यादव को तथा बालिका वर्ग में काजल वर्मा को चैंपियन का खिताब हासिल हुआ। विजयी प्रतिभागियों को पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर शरद मिश्र, कमल वर्मा, विनोद मिश्र, बृजभूषण पांडेय, प्रदीप कुमार, अपेक्षित राज, ज्शेति कुमार, मेराज फातिमा, अंजुम फातिमा, अशरा रिजवी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

महमूदाबाद/सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक बीआरसी महमूदाबाद में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के जिला मंत्री पद पर निर्वाचन संबंधी रणनीति बनाई गई। आगामी चैबीस फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित शिक्षक भवन में चुनाव होना है। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष हंसराज वर्मा ने बताया कि विभिन्न विकास खंडों के अध्यक्ष मंत्रियों की



सलाह पर जनभावनाओं का आदर करते हुए उन्होंने जिलामंत्री पद के लिए नामांकन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की सेवा करने और संगठन को मजबूती प्रदान करने में उनकी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने सहयोग व समर्थन देने का आश्वासन दिया। हंसराज वर्मा ने बीस में से चैदह ब्लॉकों से पूरा समर्थन मिलने का दावा किया। उन्होंने बताया कि आम सहमति बनाने की कोशिश विफल होने के बाद जिले में कुल दो लोगों ने नामांकन किया है। उनका सीधा मुकाबला खैराबाद अध्यक्ष पवन सिंह से है। बैठक में अजय मिश्र, ज्ञानेश मिश्र, वहीदुज्जमा, सुशील वर्मा, विजय वर्मा, कमाल अहमद, अशेष ईशान वाजपेई, संतोष वर्मा, अर्चना वर्मा, जावित्री देवी, संगीता वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, समरेंद्र वर्मा, ओम प्रकाश, उमेश वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व डेलीगेट मौजूद रहे।

## कार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांग्रेस सांसद से जेल में की मुलाकात

सीतापुर। जिला कारागार में बंद कांग्रेस सांसद राकेश राठौर से कांग्रेस के कार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने मुलांकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली इस मुलाकात में सांसद के जिला प्रतिनिधि वसीउल्लाह और सांसद के भाई अनिल राठौर भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से सांसद राकेश राठौर और उनके परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जो व्यक्ति ईमानदारी से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, उसके विरुद्ध षड्यंत्र रचे जाते हैं। राकेश राठौर भी इसी का उदाहरण हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने इसे एक वैचारिक लड़ाई बताते हुए कहा कि इस संघर्ष में किसी भी तरह के आरोप लग सकते हैं और कुछ भी हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे प्रदेश नेतृत्व हो या केंद्रीय नेतृत्व, पूरी पार्टी सांसद के साथ है। दिनेश सिंह ने यह भी कहा कि जब भी सरकार के सामने सच्चाई उजागर की जाती है और न्याय की लड़ाई लड़ी जाती है, तो मुश्किलें आती हैं। उन्होंने मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया और कहा कि मीडिया के बिना कुछ भी उजागर नहीं हो सकता।

## शिक्षक प्रदीप वर्मा व संजीव संखवार सम्मानित



उन्नाव। छत्तीसगढ़ रायपुर के एक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में इंटलेक्चुअल सोसायटी ऑफ मीडिया प्रमोटर्स की ओर से टाटीबंद स्थित होटल पिकैडिली में तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन संपन्न हुआ। यहां महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और अन्य राज्यों से मीडिया प्रोफेशनल्स, चयनित शिक्षकों सहित विश्वविद्यालय के स्कॉलर्स ने सम्मिलित होकर शोध पत्र प्रस्तुत किया। कांफ्रेंस का थीम- न्यू डायमेंसंस ऑफ मीडिया एंड सोसायटी रहा।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ भारती बंधु, डॉक्टर शाहिद अली, आईएसएमपी चेयरमैन चंद्रशेखर, छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक सुधीर शर्मा ने देश भर से चयनित लगभग 25 मीडिया प्रोफेशनल्स और समाज सेवियों को राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया गया। आयोजन के विभिन्न सत्रों में कार्टून वॉच के संपादक त्रयंबक शर्मा ने कहा कि भाषा के साथ न्याय करने का दायित्व मीडिया का है। शाहनवाज कादरी ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के साथ पत्रकारिता भी परिवर्तित हुई है। पद्मश्री डॉ. भारती बंधुने कहा कि हर पत्रकार के भीतर कबीर जैसी निर्भीकता और सत्य के प्रति निष्ठा होनी चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इकबाल ने बताया कि तकनीकी समृद्धि के कारण ही विश्व की घटनाओं की जानकारी पल भर में भारतीय मीडिया के माध्यम से पाठकों व दर्शकों तक पहुंच रही है। उन्नाव के शिक्षक डॉ प्रदीप वर्मा ने समाज में नशे के कारण गुमराह हो रहे लोगों को सही दिशा में लाने हेतु अपने प्रयासों को सभी तक पहुंचाने की कोशिश की। संजीव संखवार ने नशे के दुष्परिणाम और जान के जोखिम होने की बात कहते हुए इससे दूरी के उपाय बताए। एसआरजी अखिलेश शुक्ल ने अपने अध्यक्षता सत्र में उन्नाव के गौरवशाली इतिहास पर चर्चा के साथ ही अगले वर्ष के आयोजन को वर्धा में किए जाने की जानकारी दी। तीन दिवसीय आयोजन में मीडिया में तकनीकी के उपयोग के साथ ही छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय और प्रमुख स्थलों के भ्रमण एवं नालंदा परिसर की सैर मुख्य रही।

समापन दिवस पर डॉक्टर शाहिद अली कृत डॉक्यूमेंट्री ष्शबरी के रामष के प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट से परिसर गूंज उठा, फिल्म में भगवान राम के जीवन से जुड़े इतिहास के साथ ही प्रमुख धार्मिक स्थलों का जीवंत चित्रण प्रमुख रहा। उन्नाव से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में उत्तर प्रदेश नशामुक्ति आंदोलन संचालक प्रदीप एवं संजीव, उन्नाव में एसआरजी पद पर नियुक्त अखिलेश शुक्ल सहित शिक्षिका रत्ना और प्रीति रहे। आईएसएमपी 2025 वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में मुख्य रूप से चेयरमैन चंद्रशेखर, आइएसएमपी महारष्ट् के चेयरमैन कौशल मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार रवि भोई और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय कुमार शर्मा, निमिषा, प्रिया पांडे, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जन सम्पर्क अधिकारी बी एस मिरगे, चेतन भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## थाने में स्टीयरिंग फेल होने से घुसा डंपर



सीतापुर। लखीमपुर-सीतापुर राजमार्ग स्थित हरगाँव थाने में सोमवार दोपहर बाद एक 22 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए थाने की दीवार तोड़ते हुए घुस गया। जिससे अफरा तफरी मच गई।

जनपद झाँसी से गिट्टी लादकर यह ट्रेलर(ट्रक) लखीमपुर जा रहा था। जनपद जालौन के ग्राम मदारीपुर निवासी शत्रोहन पुत्र भगवान दास ट्रेलर का ड्राइवर है वह दिन में सोने लगा और ट्रक चलाने के लिए अपने क्लीनर जैकी पुत्र ओमकार निवासी मदारीपुर जिला जालौन को दे दी जिसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। वह जैसे ही ट्रक लेकर कस्बे में थाने के पास पहुंचा तभी ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में लगी स्ट्रीट लाइट तोड़ते हुए दूसरी तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को चपेट में लेते हुए थाने की दीवार तोड़कर ट्रैक्टर समेत थाने में घुस गया जिसमें ट्रैक्टर चालक कमाल खान पुत्र अब्दुल रहमान खान निवासी मुमताजनगर हरगाँव जो गन्ना भरने जा रहे थे वह गंभीर रूप से घायल हो गए तथा ट्रैक्टर ट्राली के भी परखच्चे उड़ गए।पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को सी एच सी में भर्ती कराया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। ट्रेलर के ड्राइवर और क्लीनर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार, देशी बम बरामद



सीतापुर। कोतवाली नगर पुलिस में मुखबिर की सूचना पर शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगाधर मिश्र कॉलोनी मोड़ के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम शमशेरी पुरवा निवासी कासिम पुत्र कदीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में उसके पास से दो अवैध देशी बम बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि कासिम शातिर अपराधी है। देशी बम बरामद होने के संबंध में पुलिस ने शहर कोतवाली में कासिम के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम आदि धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## भाग्य से मिलता है महापुरुषों का सत्संग : संत पंकज



सीतापुर। परम संत बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज महाराज के साथ 64 दिनों से लगातार चल रही धर्म यात्रा शाकाहार-सदाचार एवं प्रभु की भक्ति के प्रति भाव जगाते हुये कल सायंकाल हरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम हिलालपुरवा-जर्थुआ पहुंची। जहा पर स्थानीय श्रद्दालुओ ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर फूल मालाओं, पुष्प वर्षा, वाद्ययन्त्र तथा आरती की थाल सजाकर भव्य स्वागत किया। यहाँ आयोजित सत्संग समारोह में संत पंकज महाराज ने अपने सम्बोधन में सत्संग जल जो कोई पावै, मैलाई सब कटि-कटि जावै। पंक्तियों को उद्धृत करते हुये कहा महापुरुषों का सत्संग बड़े भाग्य से मिलता है और सत्संग से मनुष्य में विवेक जागृत होता है। तब मानव जीवन पाने का उद्देश्य का पता चलता है। मनुष्य जब बड़ा हुआ तो मन इन्द्रियों के घाट पर विषय विकारों में फंस गया और उस परम पिता परमात्मा को भूल गया। यह आत्मा जिसके कारण हमारा आपका शरीर चल रहा है, वह शब्द (नाम) के द्वारा यहां लाई गई और उसका साथ शब्द से टूट गया। उसे बोध नहीं रहा कि हम कहाँ से आये? मरने के बाद हम कहाँ जायेंगे? हमारे रिश्तेदार व अन्य लोग मरने के बाद कहाँ जा रहे हैं? ये मानव मात्र के जटिल प्रश्न हैं। ये प्रश्न तब तक हल नहीं होंगे जब तक कि प्रभु को प्राप्त करने वाले सन्त महात्मा न मिल जायें। ऐसे गुरु की प्राप्ति से जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने मिली नर देह यह तुमको, बनाओ काज कुछ अपना को उद्धृत करते हुये कहा यह अनमोल मानव शरीर आप को मिल गई है इससे अपना आत्म कल्याण करा लें। यही जीवन का असली लक्ष्य है। उन्होंने कहा इस कलयुग में महापुरुषों ने गृहस्थ आश्रम को सबसे अच्छा बताया क्योंकि कलयुग में अन्न में प्राण है। यदि भगवान के नाम पर घरबार छोड़ दिया तो भी तो जीने के लिये कुछ व्यवस्था करनी पड़ेगी।

## लेखा विभाग की कार्यशैली न सुधरी तो आंदोलन करेंगे शिक्षक

जिला संवाददाता(vol)

- शिकायत के बावजूद जीपीएफ लेखा पर्ची में भारी अंतर का निस्तारण अब तक नहीं



उन्नाव। लेखा विभाग की मनमानी का दौर कोई नया नही है। इसके पहले भी दो बार बीते वर्ष में निरीक्षण के दौरान बीएसए कार्यालय के लेखा विभाग में भारी अनियमितताएं पायी गयी थी। बावजूद इसके विभागीय छवि को सुधारने के बजाय यहां तैनात कर्मी मनमाना रवैया अपना रहे है।

आमतौर पर शिक्षकों को स्कूल समय में शिक्षण कार्य करने के साथ ही अनेक विभागीय कार्यो में उलझा दिया जाता है। इसके बाद शिक्षकों की लेखा पर्ची में विसंगति सहित तमाम प्रकार की समस्याए उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में शिक्षक को इसके लिए भी विभाग के चक्कर काटने को मजबूर होना पडता है। बता दें कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्वमाध्यमिक) शिक्षक संघ की मासिक बैठक स्थानीय लखनऊ बाईपास स्थित सोना पैलेस में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला महामंत्री अवनीश कुमार पाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही को सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया। जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी ने बताया कि विकास खण्ड नवाबगंज की लेखापर्ची विसंगति के सम्बन्ध में बीती 20 जनवरी एवं 10 फरवरी वर्ष 2025 को प्रत्यावेदन के बाद भी निस्तारण नही किया गया।

ब्लॉक नवाबगंज में एक ही तिथि में नियुक्त शिक्षिका की जीपीएफ लेखापर्ची में भारी अन्तर का अभी तक निस्तारण नही हुआ। इसको लेकर आगे की रणनीति पर शिक्षकों ने विचार विमर्श किया। पुरवा में चयन वेतनमान जुलाई 2024 से लम्बित है। जिसका अभी तक कोई निस्तारण नही हुआ। जबकि 01 जनवरी 2025 से ऑनलाइन चयन वेतनमान प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। पुरवा ब्लाक में 68500 भर्ती में चयनित शिक्षकों का माह जनवरी और फरवरी 2019 का डी.ए. में अन्तर का भुगतान नहीं प्राप्त हुआ है। सितंबर 2023 (माह का अवरुद्ध वेतन) एरियर 20 फरवरी को आनलाइन एरियर आवेदन अभी तक अप्राप्त है, एनपीएस की कटौती धनराशि एनपीएस खाते में प्रदर्शित नहीं हो रही है, चयन वेतनमान एरियर भुगतान का आवेदन 17 नवंबर 2024 को किया गया जो अभी तक अप्राप्त है। जिला अध्यक्ष के.एस. मिश्रा ने कहा कि सुधार न होने पर शिक्षक संगठन आन्दोलन करेगा। बैठक में वरिष्ठ प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिला अध्यक्ष के.एस.मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, राकेश बघेल, जिला महामंत्री अवनीश पाल, जिला कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, जिला मीडिया प्रभारी ब्लाक बिछिया अध्यक्ष विनीत कुमार बाजपेई पुरवा ब्लाक के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश पाल, महामंत्री पवन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पटेल, औरास ब्लाक महामंत्री पवन कनौजिया, गंज मुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष सचीन्द्र कुमार पटेल, महामंत्री वीरेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार गौड, अमित कुमार दुबे, मोहम्मद तहसीन हैदर, कृष्णपाल सिंह, अखिलेश कुमार ब्लाक बांगरमऊ, विवेक द्विवेदी सुमेरपुर आदि शिक्षकों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

## बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में नये शिवलिंग की हुई स्थापना

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय श्री बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में खण्डित शिवलिंग के स्थान पर नये शिवलिंग की स्थापना की तीन दिवसीय क्रियाविधि सोमवार को गतिमान रही। भारी पुलिस बल के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विशाल शोभा यात्रा निकाली।

ऐतिहासिक एवं पौराणिक किंवदंतियों में प्रचलित कस्बा के प्रतिष्ठित श्री बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य मंदिर में शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार को गतिमान रहा। सोमवार को वेदी पूजा, मूर्ति महास्नान व नेत्रोंनमिलन के पश्चात भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रस्थान होकर मौरावां के मोतेश्वर मंदिर, सगौली, भवानीगंज, कालूखेड़ा होते हुए सुप्रसिद्ध भंवरेश्वर मंदिर पहुंची और वहां से जलाभिषेक व मूर्ति पूजन के पश्चात पुनः यात्रा श्री बिल्लेश्वर महादेव मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा में डीजे, चार पहिया व दो पहिया वाहनों के साथ भारी संख्या में श्रद्धालु व साधु-संत शामिल हुए। इसके पहले 15 फरवरी को वेदी-रचना, गणेश-पूजा व जलाधिवास से पुनीत कार्य का शुभारंभ हुआ जबकि अगले दिन वेदी-पूजा, अनाधिवास, फलाधिवास,



पुष्पाधिवास व शय्याधिवास सम्पन्न हुआ था। सोमवार को यात्रा के पश्चात पैपुजी, हवन-पूजन व विशाल भण्डारे का आयोजन भी भक्तों द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में भी विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा फल, पानी व प्रसाद वितरित किया गया। आपको बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा व शिवलिंग स्थापना में प्रसिद्ध आचार्यों काशी से आचार्य अंकित मिश्रा, चित्रकूट से दंडी स्वामी जी महाराज, काशी से राधेश्याम पाठक, प्रयागराज से राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी आदि के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि-विधान से पूजन व शिवलिंग कार्यक्रम जारी रहा। पूरा मंदिर प्रांगण बेहतरीन रोशनी से जगमगा उठा। बीते आठ जनवरी को मुख्य मंदिर के शिवलिंग को एक मानसिक विक्षिप्त ने कुल्हाड़ी से वार करके खण्डित कर दिया था जिससे भक्तों में आक्रोश था और उन्हीं के प्रयासों से पुनः शिवलिंग स्थापना की जा रही है। इस दौरान जिला जज उन्नाव, क्षेत्रीय विधायक अनिल सिंह, डॉ० रजनीश वर्मा, स्थानीय एसडीएम उदित नारायण सेंगर, सीओ अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ सिंह, कस्बा इंचार्ज सियाराम चैरसिया समेत पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। भक्तों में सुरेश शुक्ल, संदीप शुक्ल, सुधीर शुक्ल, जयकुमार कुशवाहा, एडवोकेट रत्नम चैरसिया, लेखपाल प्रशांत अवस्थी, प्रशांत पाण्डेय, दिनेश पटेल, शुभम श्रीवास्तव, एडवोकेट अजय, बीरेंद्र लोधी आदि हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। खबर लिखे जाने तक भक्तों का आवागमन जारी था।

संक्षेप

## युवा चिंता छोड़ सकारात्मकता में जियें: आयुक्त

**बांदा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस और व्याख्यान माला कार्यक्रम के तहत मोटीवेशनल लेक्चर का आयोजन हुआ। आयुक्त ने मोटीवेशन व्याख्यान भाषण में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अतीत और भविष्य की चिंताओं से विमुख होते हुए वर्तमान में और वर्तमान के हर पल को सकारात्मक अंदाज में जीने और खुश रहने की कोशिश करें। उन्होने छात्राओं को सरकारी योजनाओं छात्रवृत्ति, मिशन शक्ति, दिव्यांग उद्यम, विधवा पेंशन आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होने जल संरक्षण पर जोर देते हुए स्वच्छता की प्रेरणा दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अनावश्यक बोलना, अनावश्यक देखना और हर अनावश्यक काम से दूरी बनानी चाहिए। अपनी ऊर्जा को पहचानें और इसे जगाएं। सृजनात्मक बनें, सकारात्मक बनें। सुबह उठकर सूरज को देखें 4,5 मिनट खुली हवा का आनंद लें। संचालन सबीहा रहमानी ने किया। प्राचार्य प्रोफेसर दीपाल गुप्ता ने आभार जताया।

## बाइक की टक्कर से मौत होने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरियामिश्र निवासी राघवेन्द्र यादव पुत्र साधुसिंह यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 30 जनवरी को अपराह्न करीब ढ़ाई बजे उसके पिता साधु सिंह पुत्र भवानी सिंह गांव की ही दुकान से सामान लेकर पैदल घर लौट रहे थे। इसी बीच जाखलौन की ओर से तेज गति से भाग रही डीलक्स मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.बी. 7833 के चालक ने तेजी व लापरवाही से साधुसिंह यादव को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में साधु सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर होने पर झांसी और फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान 12 फरवरी को साधुसिंह की मौत हो गयी। पुलिस ने राघवेन्द्र सिंह की तहरीर पर मोटर साइकिल चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## हलवाई से मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

ललितपुर। विगत दिनों देहरे मंदिर के पास स्थित एक विद्यालय में चल रहे चल रहे कार्यक्रम के दौरान हलवाई से मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है। प्रकरण की जानकारी देते हुये रामनगर निवासी धनीराम राठौर पुत्र भरोसे राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत 13 फरवरी को उसका पुत्र दीपचंद्र राठौर रात करीब 11 बजे देहरे मंदिर के पास स्थित विद्यालय में हलवाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान रामनगर निवासी सुमित राठौर पुत्र दिलीप, दीपक पुत्र बाबूलाल और लक्ष्मन पुत्र तोरन एकराय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे उसे अंधरूनी चोटें आयीं। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने दीपचंद्र को जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# उपभोक्ता को महंगा पड़ा घटतौली का विरोध

- दूसरे का कोटा चला रहे दबंगों ने मोबाइल फोड़ा, की मारपीट
- गांव के दर्जनों लोग दबंगों के खिलाफ पहुंचे मुख्यालय
- डीएम-एसपी को शिकायती पत्र भेजकर उठायी कार्यवाही की मांग

**ललितपुर।** पीओएस मशीन में नेटवर्क की विकराल समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं को कोटेदारों की घटतौली का सामना भी करना पड़ रहा है। इलैक्ट्रॉनिक कांटों में छेड़छाड़ की खबरें भी अक्सर प्राप्त होती रहीं हैं। अब घटतौली का विरोध करने पर मारपीट का दंश भी झेलना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम बुढ़वार से प्रकाश में आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि किसी और के नाम से आवंटित उचित दर विक्रेता की दुकान गांव के दबंग संचालित कर रहे हैं। इतना ही नहीं बाल्टी रखकर घटतौली करते हुये उपभोक्ताओं को कम खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। बुढ़वार में घटतौली का विरोध करना युवक को काफी मंहगा पड़ गया। दबंगों ने घटतौली का विरोध कर फोटो खींच रहे उपभोक्ता का मोबाइल फोन तोड़ते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। मामले में जिला पूर्ति अधिकारी का बयान जारी हुआ है, जिसमें वह उपभोक्ताओं के सोशल



डिस्टेंस और लाइन लगाकर खाद्यान्न न लेने को लेकर विवाद होने की बात कहते हुये नजर आ रहे हैं। पूरे मामले की जांच उच्चस्तरीय हो तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

बुढ़वार के मजरा फौजपुरा के दर्जनों ग्रामीणों ने कोटे पर हो रही घटतौली के खिलाफ आवाज उठाते हुये उपभोक्ता के साथ हुयी मारपीट के मामले में जिला व पुलिस प्रशासन को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मजरा फौजपुरा में मोहनलाल पुत्र प्रागी रजक के नाम से उचित दर विक्रेता की दुकान आवंटित है, लेकिन इस कोटे का संचालन गांव के दबंग रामनरेश यादव पुत्र महताब और उसका चचेरा भाई रामायन सिंह यादव पुत्र जयराम यादव द्वारा दबंगई से किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को शाम करीब 5 बजे मजरा निवासी खेमचंद्र कुशवाहा पुत्र दयाली दुकान पर राशन लेने के लिए गया हुआ था। आरोप है कि दुकान पर मौजूद रामनरेश कोटा का संचालन करते हुये तौल सही नहीं कर रहा था। जब खेमचंद्र ने तौल सही करने की बात कही तो आग बबूला होकर उसके साथ गाली-गलौज की गयी।

इतना ही नहीं आरोप है कि बाल्टी रखकर हो रही घटतौली की फोटो खींचकर जब खेमचंद्र ने तौल को ठीक करने की बात कही तो रामनरेश व उसके चचेरे भाई रामायन सिंह ने उसका फोन छीनकर तोड़ दिया और मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे गांव के राकेश के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। बताया कि दुकान के अंदर खींचकर उसके साथ जान से मारने की कोशिश की गयी। इस हमले में हाथ-आंख व घुटने में चोटें आयीं हैं। मामले की सूचना तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गयी, जिससे पुलिस भी मौके पर जा पहुंची। ग्रामीणों ने रामनरेश यादव व रामायन सिंह यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कड़ोरेलाल, पप्पू, रामअवतार, करन सिंह, लाखन सिंह, रक्षपाल, दिनेश, रामकुमार, संतोष सिंह, भरत, बलराम, प्रकाश, लालाराम, आशाराम, खुशीलाल कुशवाहा, विश्वनाथ, दम्मे, अशोक के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

**कोटा किसी का, संचालन कर रहा कोई और**

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि मजरा फौजपुरा में उचित दर विक्रेता की दुकान मोहनलाल पुत्र प्रागी रजक के नाम से आवंटित है, लेकिन इस कोटे का संचालन रामनरेश यादव व उसके चचेरे भाई रामायन सिंह के द्वारा जबरन दबंगई के बल पर किया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को घटतौली और आये दिन के विवाद की स्थिति से जूझना पड़ रहा है।

# जिला कारागार में नशा मुक्ति के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिजनौर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर मदन पाल सिंह के मार्गदर्शन में अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रेय शुक्ला द्वारा जिला कारागार बिजनौर में नशा मुक्ति के विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

सोमवार को जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी बन्दियों को बताया गया कि तम्बाकू एक मीठा जहर है, तंबाकू निकोटिया टैबेकम पौधे से प्राप्त किया जाता है। यह एक धीमा जहर की तरह धीरे धीरे आदमी की जान ले लेता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि तम्बाकू के सेवन से जीवन शक्ति का ह्रास भी होता है। व्यक्ति को पता चल भी जाता है कि तम्बाकू का सेवन करना हानिकारक है किंतु बाद में लाख छुड़ाने पर भी यह लत नहीं छूटती है और धीरे-धीरे तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्ति का जीवन शक्ति भी कम होता जाता है और वह अपने आपको एक तरह से विनाश के हवाले कर देता है। तंबाकू खाने से मुंह के कैंसर की बीमारी का खतरा सबसे ज्यादा होता है। उपजिलाधिकारी मंयक



कुमार द्वारा बताया गया कि स्वयं के संकल्प एवं सहयोग से नशे से मुक्ति पायी जा सकती है जिस पर बंदियों द्वारा इच्छुकता जतायी गयी।

चिकित्सक डॉ0 राहुल कुमार द्वारा कैंसर को पहचानने का तरीका व उपचार बताये गये व बताया गया कि तंबाकू का सेवन सेहत के लिए जानलेवा हो सकता है। धूम्रपान मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है। धूम्रपान व तंबाकू के नकारात्मक प्रभाव को जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन करते हैं। बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से कैंसर या फेफड़े की बीमारी भी हो सकती है। जिला अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन ओ0पी0डी0 के माध्यम से उपचार उपलब्ध है।

उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाईन न0 14416 पर स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकतें है। साथ ही यह भी बताया कि जेल प्रशासन के सहयोग से बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी कैम्प आयोजित किये जायेगे। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अदिती श्रीवास्तव, डिप्टी सी0एम0ओ0 डॉ0 कृष्ण कान्त राहुल, डिप्टी जेलर अरविन्द कुमार, लक्ष्मी, निखिल निमेश एवं बन्दीगण उपस्थित रहे।

# सासाराम में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप



**ललितपुर।** बिहार राज्य के सासाराम में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किये जाने के मामले में प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद ने जिलाध्यक्ष श्रीप्रकाश कुशवाहा के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बिहार राज्य के सासाराम में रहने वाली नाबालिग बालिका शिक्षा ग्रहण कर रही थी। बताया कि एक फरवरी को बालिका का शव संदिग्धावस्था में मिला। इसके बाद से मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया। परिषद का आरोप है कि उक्त नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या जैसी घटना को अंजाम दिया गया है, जिसका पदार्फाश किये जाने के साथ ही घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। यह भी आरोप है कि नाबालिग का शव परिजनों को न देकर बिना परिजनों की मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया, जो कि न्यायहित में नहीं है। परिषद ने केन्द्रीय गृहमंत्री से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनू कुशवाहा, प्रदेश मंत्री जगदीश कुशवाहा, वरिष्ठ महामंत्री जानकी कुशवाहा, महामंत्री नन्दराम कुशवाहा, जिला प्रभारी देवेंद्र कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष पाली वृंदावन कुशवाहा बम्हौरीवंशा, सोनू कुशवाहा, राजा कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा, बृजेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# मसौराकलां में पेंचकस से गोद कर युवक की नृशंस हत्या

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत चैकी मसौरा के ग्राम मसौराकलां में बीती देर रात आयोजित एक शादी समारोह के दौरान हुये झगड़े में एक युवक की पेचकस से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गयी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस महकमे के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर

- शादी समारोह में शामिल होने गया था युवक

शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यह विवाद किन परिस्थितियों में हुआ, यह प्रत्यक्षदर्शी बेहतर तरीके से बता सकते, लेकिन यहां बताया जा रहा है कि किन्हीं अज्ञात कारणों के चलते समारोह के मध्य ही विवाद की स्थिति पनप गयी और देखते ही देखते कुछ लोगों ने दबंगई दिखाते हुये पेचकस से गोदकर युवक की हत्या कर दी। मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने भी अपना बयान सोशल मीडिया के जरिए जारी करते हुये घटना की पुष्टि कर दी है। बताया जा रहा है कि मसौराकलां गांव के मोहल्ला कुरयाना में रात करीब 10 बजे शादी समारोह में शामिल होने के लिए पड़ौस में रहने वाला 25 वर्षीय शरद पुत्र स्व.रामकिशन पहुंचा हुआ था। समारोह के दौरान किसी बात को लेकर उसका कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया।

देखते ही देखते विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि दबंगों ने शरद की पेंचकस से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिये। घटना के समय मौके पर हड़कम्प की स्थिति बन गयी। भय व दहशत के माहौल के बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें शरद जमीन पर पड़ा हुआ दिखायी पड़ा, जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान शरद को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस प्रकरण से जुड़े कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

**फोटो खींचकर रुपये देने के बहाने जेवरात ले गये बदमाश**

ललितपुर। तालबेहट क्षेत्र के ग्राम रारा निवासी हल्के पुत्र सोनी कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को वह गांव से तालबेहट अपनी पत्नी दस्सी को लेकर आया हुआ था। बताया कि इब्राहिम व लल्ला की दुकान के सामने वह बैठे हुये थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति आये और उससे पैसों का झांसा देकर फोटो के बहाने तहसील ले गये, वह अपनी पत्नी को वहीं बैठाकर तहसील आ गया। बताया कि उक्त दो व्यक्तियों में एक व्यक्ति उसे तहसील छोड़कर उसकी पत्नी के पास वापस पहुंचा और चूड़ी उतार लेने की बात कहते हुये रुपये मिलने का आश्वासन दिया। महिला ने चूड़ी उतारकर फोटो लेने के लिए दे दी और मंगलसूत्र भी दे दिया। आरोप है कि उक्त लोग जेवरात लेकर भाग गये। उसने काफी खोजबीन की लेकिन वह दोनों लोग नहीं मिले। पीड़ित की तहरीर पर बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मरीजों को बेहतर चिकित्सा मुहैया करायें डॉक्टर :डीएम



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज का डीएम ने निरीक्षण किया। उन्होने इमरजेंसी वार्ड, ईएमओ कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, ब्लड बैंक, जेनेरल वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा कक्ष पीआईसीयू, अल्ट्रा साउंड व ईसीजी कक्ष का निरीक्षण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान सीजेरियन केसों के बारे में जानकारी ली और ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के ब्लड की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। उन्होने नवजात शिशु एवं बाल रोग कक्ष का जायजा लिया और भर्ती बच्चों के इलाज के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों की देखभाल नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होने पुरूष, महिला वार्ड का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत की तथा उपचार एवं बीमारी के बारे में जानकारी ली। चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने पैरामेडिकल स्टॉफ को निर्देश दिए कि यहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होने नवजात शिशुओं को प्रथम डोज, हर हाल में दिलाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ एस के कौशल, चिकित्सक एवं स्टॉफ मौजूद रहा।

## गलत खाते में पहुंचे 45 हजार वापस

**बांदा।** गलत बैंक खाते में ट्रांसफर हुए 45 हजार रुपये तिंदवारी पुलिस टीम ने वापस कराए। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बेंदा निवासी पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह का फोन पे ऐप से 45 हजार रुपये का गलत ट्रांजैक्शन हो गया था। इसकी जानकारी पुष्पेन्द्र सिंह ने थाना तिंदवारी में दी थी। साइबर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 45 हजार रुपये पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराए। पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया। इस टीम में महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर व कां0 राजन दुबे रहे।

## बेंदा खदान में अवैध खनन, ओवरलोडिंग जारी

**बांदा।** बेंदा बालू खदान में संयुक्त टीम की कार्रवाई के बावजूद अवैध खनन और ओवरलोडिंग बड़े पैमाने पर शुरू हो गयी है। जनपद फतेहपुर के बार्डर में खदान होने के करण बेखौफ होकर संचालक भारी मशीनों से लगातार खनन कर



रहे हैं। अवैध खनन के चलते यहां नदी की धारा नाले के रूप में तब्दील होने लगी है। खदान संचालक नदी का सीना चीरकर लाल सोने की लूट कर रहे हैं। भारी मशीनों से नदी की ऊंची कगारों में भरी बालू की खुदाई हो रही है। यहां के समाजसेवी केन नदी को बचाने के लिए अनेकों प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नही दे रहा। जिलाधिकारी जे0 रीभा अवैध खनन और ओवरलोडिंग को लेकर बेहद सख्ती बरत रही हैं। लेकिन रात के समय ओवरलोड ट्रकों को बेंदाघाट पुल पार कराकर फतेहपुर, रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ, प्रतापगढ़ आदि जनपदों में भेजा जाता है। बीते दिनों डीएम के निर्देश पर खदान में कार्रवाई हुई थी। कुछ दिन रूकने के बाद यहां अवैध खनन बड़े पैमाने पर रात के समय किया जा रहा है। जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही है।

# भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शिविर का आयोजन, 50 यूनिट रक्त दान

**नगीना, बिजनौर।** भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगीना धामपुर रोड पर गोयल हॉस्पिटल में बीते दिन रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। नगीना थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ फीता काटकर किया तथा रक्ता दान करने वाले रक्त वीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

रक्त दान शिविर में 50 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। रक्तदान शिविर में नजीबाबाद से आए डॉक्टर सुभाष जैन वरुण पोखरियाल प्रदीप सिंह, अजय सिंह, भास्कर सिंह, कहकशा, नासिर आदि ने रक्तदान कराया। रक्तदान करने वालो में शेख मौ0 जमशेद, शेर सिंह, शेख सद्दन ठेकेदार, सलाउद्दीन, डॉक्टर अभिषेक गुप्ता, वैभव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमन, सचदेवा, फरीद, मौ0 अमजद, मनजीत विश्नोई आदि ने रक्तदान किया। चिकत्सकों ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में



सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है।

नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी हो इमरजेंसी स्थिति में खून को आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। कार्यक्रम के अंत में भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट नगीना के संस्थापक मनजीत विश्नोई तथा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने रक्त शिविर में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक, भेजा जायेगा प्रस्ताव

**बांदा।** बांदा विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आयुक्त, अध्यक्ष अजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड की 70वीं बैठक में एजेंडा बिंदुओं को सचिव बांदा विकास प्राधिकरण ने बिंदुवार बोर्ड के सामने प्रस्तुत किया। इस पर आयुक्त ने महायोजना 2031 पर शासकीय समिति के दिए गये सुझावों को समायोजित करते हुए शासन को स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश दिए। विकास प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट में प्राधिकरण की आय के मद में सभी श्रोतों से 8125.00 लाख अर्जित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। इसके सापेक्ष खर्च के मद में 7734.27 लाख व्यय करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान की। अलीगंज पुलिस चैकी के निर्माण के लिए प्राधिकरण ने 20 लाख रुपये की धनराशि नगर पालिका को दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया। इससे नगर पालिका परिषद निर्माण कराएगी। बैठक में सूक्ष्म और लघु मध्यम उद्योगों के लिए शासन के बिल्डिंग बाई लाज में शासन द्वारा किए गये संशोधन को बोर्ड ने प्रस्ताव स्वीकृत किया जिससे कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम को बढ़ावा मिल सके। बैठक में डीएम जे0 रीभा, उपाध्यक्ष, सचिव, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य लेखाधिकारी, कोषाधिकारी विनोद कुमार, सहायुक्त नियोजक झांसी, आर पी यादव सहायक अभियंता कंसल्टेंट, आईएसपीईआर के प्रतिनिधि, अधिकारी व प्राधिकरण कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील के पीछे जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**ललितपुर।** दबंगों द्वारा जमीन पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रोकने और कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते हुये मोहल्ला पिसनारी बाग निवासी आशाराम कुशवाहा पुत्र स्व.छक्कीलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि नई तहसील के पीछे पिसनारी में उसकी जमीन है, जिसका आराजी नम्बर 309 है। बताया कि उक्त जमीन पर मोहल्ला रामनगर निवासी पिता-पुत्र मिलकर जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं। बताया कि उसकी जमीन पर निर्माण कार्य भी तेजी से उक्त लोगों के द्वारा किया जा रहा है।



पीड़ित ने बताया कि 14 फरवरी को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह अपनी जमीन देखने गया तो वहां मौजूद उक्त लोगों द्वारा जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। विरोध करने पर उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामला दर्ज कर विवेचना किये जाने की गुहार लगायी है।

## कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का हुआ वितरण

**ललितपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर ने विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का संक्षिप्त विवरण देते हुये लाभार्थियों को योजना की जानकारी दी। शिविर में 269 ट्राई साइकिल, 40 व्हील चेयर, 54 स्मार्ट केन, 16 कान की मशीन व 13 ब्रेल किट का वितरण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। सीडीओ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# नजीबाबाद में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

**नजीबाबाद, बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नगर के चांदनी मैरिज हाल में पीडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी एंव भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नजीबाबाद नगर के चांदनी मैरिज हाल में आयोजित पीडीए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजवादी नेता रफीक अहमद अंसारी ने एंव संचालन वरिष्ठ सपा नेता तसनीम सिद्दीकी ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी के फाउंडर मेंबर सैय्यद मुनव्वर अली ने कहा कि पीडीए का मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक होता हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों ही समुदायों की हमेशा अनदेखी होती रही है लेकिन इन्हें अपनी ताकत का अहसास नही है। उन्होंने आगे कहा कि यह तीनों समुदाय अपनी ताकत पहचानते हुए एक प्लेट फार्म पर आ जाएं तो कोई ताकत इनके सामने टिक नही सकती और वह इसलिए कि यह देश की कुल आबादी का लगभग 90 प्रतिशत हैं। पूर्व जिला महासचिव डा0 महमूद कुरैशी ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों की पॉलेसियों से आमजन कितना दुखी और परेशान है वह कोई ढकी छुपी बात नही है इसलिए अगले चुनावों के लिए सभी को अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। इस मौके पर काजी आसिफ, तहनीम सिद्दीकी, आयशा सिद्दीकी, फुरकान खान सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चालीस तौला सोने के जेवरात चुरा ले गये बदमाश

**ललितपुर।** एक महिला के साथ ट्रेन में हुई चोरी का मामला सामने आया है। खजुराहो-ललितपुर पैसेंजर ट्रेन में यात्रा कर रही महिला से दो अज्ञात युवकों ने चालाकी से 40 तोला से अधिक सोने के जेवरात चुरा लिया। घटना 16 फरवरी की बतायी जा रही है, जब मगरपुर निवासी मंजू देवी छतरपुर से ललितपुर जा रही थीं। सुबह 8 बजे ट्रेन में सवार हुईं मंजू के अनुसार, टीकमगढ़ स्टेशन पर दो अज्ञात व्यक्ति ट्रेन में चढ़े। उन्होंने पहले मंजू से बातचीत शुरू की। फिर एक व्यक्ति ने अखबार से मंजू की आंखें छिपाई। जबकि दूसरे ने उनकी सीट के ऊपर रखे बैग से टिफिन बॉक्स चुरा लिया। जिसमें सोने के जेवरात रखे थे। जीआरपी थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मामले में दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उनकी तलाश जारी है। पुलिस सीसीटीवी और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## चेयरपर्सन की मौजूदगी में एमएम कॉलेज में फेयरवेल पार्टी धूमधाम से मनाई गयी




**नगीना, बिजनौर।** एमएम इंटर कॉलेज नगीना में फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कक्षा 11 की छात्राओं के द्वारा कक्षा 12 की छात्राओं को विदाई दी गई जबकि कक्षा 9 की छात्राओं ने कक्षा 10 की छात्राओं को विदाई दी। फेयरवेल पार्टी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद नगीना की अध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबंधक ताहिरा बेगम थी। इस फेयरवेल पार्टी की विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर की पुत्री डॉ0 समरीन शाहिद थी। कार्यक्रम का संचालन इलमा सिद्दीकी ने किया। इस कार्यक्रम में समस्त लेडीज स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की छात्रा जोहरा जबी एवं हाई स्कूल की छात्रा सादिया अंसारी को अपने अपने ग्रुप में मिस फेयरवेल चुना गया।

## पूराकलां पुलिस ने दो वारण्टी दबोचे

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूराकलां पुलिस ने ग्राम विजयपुरा निवासी फूलसिंह पुत्र हरपू व ग्राम चैबारा निवासी सोबरन सिंह पुत्र नवल सिंह को हिरासत में लिया है। वारण्टियों को पकड ? वाली पुलिस टीम में एसओ अरुण कुमार तिवारी, उ.नि.नरेन्द्र सिंह, हे.का.अमित निरंजन, का.मुनेश कुमार आदि शामिल रहे।

## वक्फ़ बिल पर सियासत

वक्फ़ कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी संस्तुति के साथ सौंप दिया है। अब इसे बजट सत्र के दौरान ही संसद में विधेयक के रूप में पेश किया जा सकता है। नये वक्फ़ कानून पर सरकार और विपक्ष के बीच किसी तरह की सहमति नहीं दिख रही है। ऐसा लगता है कि विपक्ष वक्फ़ कानून का विरोध वोट बैंक की राजनीति के कारण कर रहा है। लेकिन आम जनता का हित वोटों के गुणा गणित से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए सरकार को जनहित में आगे बढ़ना चाहिए और एक ऐसा वक्फ़ कानून बनाना चाहिए जिससे वक्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा के साथ ही उनका उपयोग समाज के गरीब तबके के उत्थान के लिए किया जा सके। देश में मुस्लिम समाज की आबादी बीस करोड़ से अधिक है और यह देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। ऐसे में सरकार के लिए इतने बड़े समाज का हित सर्वोपरि होना चाहिए। अल्पसंख्यक समाज को भी अधिक से अधिक राष्ट्रीय धारा से जोड़ना चाहिए। हमेशा यह नहीं समझना चाहिए कि सरकार उनसे संबंधित मामलों पर कोई काम करती है, तो वह दख है। जब अभी लोग देश के नागरिक हैं तो सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सबके हितों का ख्याल रखे। ऐसे में कैसे सरकार वक्फ़ संपत्तियों को अवैध अतिक्रमण और नाजायज कब्जे के लिए




खुला छोड़ सकती है। वक्फ़ बोर्ड और अल्पसंख्यक समाज को भी निहित स्वार्थी तत्वों के बहकावे में आने के बजाय इस मुद्दे पर गंभीरता से और कानून के तथ्यों और उसके सरोकारों पर विचार मंथन अपने समाज के बीच करना चाहिए। भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, स्वतंत्र न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ़ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 19942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ़ के खिलाफ कर रखे हैं। देश में सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक वक्फ़ बोर्ड की 9.40 लाख एकड़ जमीन है। आर्थिक विश्लेषण किया जाए, तो इस जमीन से 1.25 लाख करोड़ रुपये की आमदनी होनी चाहिए। वक्फ़ जमीन के कब्जेबाज सिर्फ 200 करोड़ रुपये की आमदनी ही मानते रहे हैं। क्या यह किसी घोटाले की ओर संकेत करता है? क्या ऐसी निरंकुशता और कानून हीनता किसी संवैधानिक देश में स्वीकार्य हो सकती है? यह बुनियादी आधार है जिसके कारण मौजूदा वक्फ़ कानून में संशोधन अनिवार्य है। भारत में सेंट्रल और राज्य के कुल 30 बोर्ड कार्यरत हैं। लाखों संपत्तियां वक्फ़ बोर्ड के अधीन हैं, लेकिन आम मुसलमानों को इससे कोई विशेष लाभ नहीं हो पा रहा है। आम मुसलमान के लिए कोई अधिकृत अस्पताल नहीं। आधुनिक स्कूल, कॉलेज नहीं हैं। जरूरतमंद के लिए आर्थिक मदद की कोई विशेष योजना नहीं है। मुसलमानों की स्थिति पर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में भी वक्फ़ पर कई गंभीर और तल्ख टिप्पणियां की गई थीं। दरअसल एक ताकतवर तबके का वक्फ़ बोर्ड के जरिए लाखों संपत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 के तहत न तो किसी के मौलिक अधिकार छीने जा रहे हैं, न मजहबी आजादी को कोई सरकार खत्म कर सकती है। सरकार किसी मस्जिद, इबादतगाह, दरगाह, मदरसों, कब्रिस्तानों आदि पर अवैध रूप से कब्जा करने की मंशा भी नहीं रखती है। अगर कोई करना भी चाहे तो संविधान और प्रभावशाली न्यायपालिका के देश में यह सब संभव ही नहीं है। लोकतांत्रिक भारत में असंवैधानिक तो यह है कि वक्फ़ संपत्तियों का कोई सेंट्रल डाटा ही उपलब्ध नहीं है। वक्फ़ वाले तो संसद भवन की जमीन को भी वक्फ़ की संपत्ति मानते हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि वक्फ़ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। संशोधित बिल के अनुसार ट्रिब्यूनल के फैसले को राजस्व अदालत, सिविल कोर्ट और उच्च न्यायालय वर्ग में चुनौती दी जा सकेगी। दरअसल वक्फ़ में ऐसे कई बिंदु और व्यवस्थाएं हैं जिन्हें कानून के दायरे में लाना संसद का दायित्व है।

विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

-रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

-इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

-दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

-महात्मा गांधी.

# सामूहिक लापरवाही का नतीजा है भगदड़

वीना सुखीजा

> जापान के रेलवे स्टेशनों में आधुनिक तकनीक के जरिये जीरो टॉलरेंस के स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया जाता है। लंदन में मैराथन और विंबलडन चैंपियनशिप के दौरान भारी भीड़ से गुजरता है, वह भी इसे नियंत्रित करने के लिए क्राउड साइंस नामक तकनीक का इस्तेमाल सफलतापूर्वक करता है। हमें भी बार बार होने वाली भगदड़ से बचने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग बढ़ाना होगा।

एक बार फिर भगदड़ हुई और देखते ही देखते 18 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। साथ ही अभी भी दो दर्जन से ज्यादा घायलों में से कईयों की हालत नाजुक है। इसलिए अचरज नहीं होगा अगर मरने वालों की अंतिम संख्या इससे ज्यादा हो जाये। बीते 15 फरवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ अधिक थी। ऐसा होना ही था। क्योंकि 144 सालों बाद आये इस बार के दुर्लभ कुंभ में पहले ही दिन से आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। ऐसे में सतर्कता जरूरी थी लेकिन जिस तरह भगदड़ मची उससे स्पष्ट है कि रेल प्रशासन से लेकर आम यात्री तक सभी इस हादसे के लिए जिम्मेदार हैं। रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट, राजधानी दिल्ली की पुलिस व्यवस्था और खुद आम लोग यानी तीर्थयात्री भी इस आपराधिक लापरवाही के दोषी हैं। मगर चूंकि रेलवे स्टेशन की व्यवस्था संभालने की बुनियादी जिम्मेदारी रेलवे स्टेशन प्रशासन की है। इसलिए इस भगदड़ और उससे होने वाली मौतों की सबसे ज्यादा और अक्षम्य जिम्मेदारी रेलवे के स्टेशन प्रशासन की ही है।

निश्चित रूप से इस मैनेजमेंट की जिम्मेदारी रेल मंत्री को लेनी चाहिए और अगर वह इस्तीफा न भी दें तो खुद से उन्हें यह वायदा तो करना ही चाहिए कि भविष्य में ऐसी गलतियां न दोहरायी जाएं। हालांकि रेलवे की जांच कमेटी की घोषणा हो गई है। स्टेशन के सभी सीसीटीवी फुटेज सूचना के मुताबिक सुरक्षित कर दिये गये हैं और एनाउंसमेंट सिस्टम की रिकॉर्डिंग भी सील की गई है, क्योंकि दिल्ली पुलिस का दावा है कि यह भगदड़ रेलवे स्टेशन पर हुई गलत एनाउंसमेंट का नतीजा है। मगर हमें नहीं भूलना चाहिए कि दूसरे पर आरोप मढ़कर हर कोई खुद के बचाव का रास्ता ढूंढता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत में रेलवे स्टेशनों में होने वाला प्रसारण बहुत ही घटिया दर्जे का होता है। इसकी पहली खामी तो यह होती है कि भले भारत दुनियाभर में डिजिटल तकनीकी में माहिर होने के तौर पर जाना जाता हो, लेकिन आज भी हमारे रेलवे स्टेशनों में होने वाला प्रसारण आमतौर पर डिजिटल नहीं है, इस कारण उच्चारण इतना खराब होता है कि कानों को पूरी तरह से लगा देने के बाद भी अगर आपको रेलवे प्रसारणों को सुनने की आदत और अभ्यास नहीं है,



तो 90 पर्सेंट गारंटी है कि आप नहीं समझ पाएंगे कि प्रसारण में क्या कहा जा जा रहा है, क्योंकि सीधे माइक के सामने बोल देने पर जो उच्चारण प्रसारित होता है, वह बिल्कुल फटे बांस की आवाज जैसा होता है। अगर कुछ सूचनाएं स्टूडियो स्तर के प्रसारण वाली होती हैं, तो उनमें पता नहीं ये किसका सुझाव है कि सूचनाओं के आगे पीछे और बीच में इतना ज्यादा और तेज ध्वनि का संगीत ठूंसा जाता है कि काम की सूचना तो समझ में आती नहीं है, कान तेज आवाज वाले संगीत से जरूर परेशान हो जाते हैं। इसलिए सबसे पहले तो रेलवे प्रशासन को स्टेशनों पर होने वाले प्रसारणों को लेकर संवेदनशील होना चाहिए।

### भीड़ और भगदड़

जहां तक बात भीड़ के मैनेजमेंट की है, तो फिर वही पुरानी बात सामने आती है कि हम यूं तो दुनिया के लिए सबसे ज्यादा स्किल्ड मैनपावर होने के लिए जाने जाते हैं, विशेषकर आईटी क्षेत्र के लिए लेकिन खुद हम अपने यहां सार्वजनिक व्यवस्थाओं में न तो डिजिटल वाइस का इस्तेमाल करते हैं और न ही दुनिया में किस तरह आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का इस्तेमाल करके भीड़ को व्यवस्थित किया जाता है, इससे भी कुछ नहीं सीखते। यही कारण है कि पिछले महज सात महीनों में देशभर में एक दर्जन से ज्यादा भीड़ के भगदड़ की घटनाएं हो चुकी हैं और इनमें करीब आधा दर्जन ऐसी घटनाएं हैं, जिनमें सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। 15 जनवरी 2025 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मची भगदड़ में जहां 4 बच्चों व महिलाओं सहित 18 लोग कुचलकर मारे गये, वहीं 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ प्रशासन के मुताबिक 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई और लगभग 60 लोग घायल हो गये। हालांकि गैर सरकारी खबरें एक नहीं बल्कि तीन भगदड़ों की बात करती हैं और मारे गये लोगों की संख्या को भी प्रसारण की संख्या से कहीं ज्यादा बताती हैं। इसी साल की जनवरी माह में 8 जनवरी को तिरुपति बालाजी के मंदिर आंध्र प्रदेश में मुफ्त दर्शन पास हासिल करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी, जिस कारण हुई भगदड़ में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 35 से ज्यादा बुरी तरह से घायल हो गये। पिछले साल 2 जुलाई 2024 को भीड़ के भगदड़ की ऐसी ही घटना राजधानी से 140 किलोमीटर दूर उत्तर प्रदेश के हाथरस में घटी थी, जहां नारायण साकार हरि उर्फ भोलेबाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। ऐसी ही और भी कई घटनाएं पिछले कुछ महीनों के भीतर ही घटी हैं, जो इस बात का सबूत हैं कि हिंदुस्तान में बार बार भगदड़ से कुचलकर होने वाली मौतों के बाद भी न तो शासन प्रशासन, न ही आयोजक और न ही आम लोग ही भीड़ और भगदड़ को लेकर जरा भी संवेदनशील होते हैं। क्योंकि आज जब दुनिया की आबादी 8 अरब से ज्यादा है तो अकेले हिंदुस्तान में ही भीड़ समस्या थोड़े है। दुनिया में सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन जापान के होते हैं, जहां मुंबई के जनसैलाब बने रेलवे स्टेशनों से भी ज्यादा इंसानी रेला उमड़ता है। लेकिन इतनी भीड़ के बावजूद टोक्यो मेट्रो सिस्टम और दुनिया में सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाला रेलवे स्टेशन ओसाका पूरे साल स्टेशन को भगदड़ से करीब करीब मुक्त रखता है। पिछले पांच सालों में यहां भगदड़ से एक भी इंसान की मौत नहीं हुई और न ही कोई घायल हुआ और शायद 10 से 15 सालों में भी कोई एकाध दुर्घटना हुई हो तो हुई हो वर्ना आसानी से दुनिया के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ वाली जापानी रेल व्यवस्था में दुर्घटना नाम की कोई चीज नहीं होती।

ऐसा नहीं है कि जापान को दुर्घटना न होने का कोई ईश्वरीय वरदान प्राप्त है। वास्तव में यह बेजोड़ मानवीय सजगता अपने काम में सौ फीसदी ईमानदारी से मुस्तैदी या और आम लोगों यानी यात्रियों के सिविक सेंस या नागरिक जागरूकता के कारण शून्य दुर्घटनाओं का नतीजा हासिल होता है। टोक्यो मेट्रो सिस्टम और जापान में रेलवे स्टेशन का मैनजमेंट ऐसे प्रशिक्षित ह्यकुशियाह्न कर्मचारियों को भीड़ को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी सौंपता है, जो स्टेशनों को ऐसी किसी भी दुर्घटना से बचाते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने में ये प्रशिक्षित कर्मचारी कुशिया यात्रियों को संयमपूर्वक ट्रेन में चढ़ने-उतरने में मदद करते हैं और कड़ाई से खुद भी अनुशासित रहते हैं तथा यात्रियों को भी अनुशासित रखने में मददगार होते हैं। जापान के रेलवे स्टेशनों में आधुनिक तकनीक के जरिये जीरो टोलरेंस के स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया जाता है।

हर समय एक्टिव मोड में मौजूद एआई कैमरे यात्रियों की संख्या का न सिर्फ पल पल विश्लेषण करते रहते हैं बल्कि आने वाली परेशानियों का भी अनुमान लगा लेते हैं और पहले ही उसे टालने के लिए मुस्तैद हो जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह भीड़ को नियंत्रित करने वाले कुशिया कर्मचारी बेहद प्रशिक्षित और विनम्र होते हैं ताकि यात्री इनसे किसी तरह का तनाव या परेशानी न महसूस करें। अकेले जापान ही भीड़ को दुर्घटना रहित नियंत्रित करने का रिकॉर्ड नहीं बनाया बल्कि यूनाइडेट किंगडम जो लंदन में मैराथन और विंबलडन चैंपियनशिप के दौरान भारी भीड़ से गुजरता है, वह भी इसे नियंत्रित करने के लिए क्राउड साइंस नामक तकनीक का इस्तेमाल सफलतापूर्वक करता है। यहां डायनमिक बैरियर सिस्टम भीड़ की गति को धीमा करने के लिए इस्तेमाल होते हैं और रियल टाइम ट्रैकिंग तकनीक से प्रतिभागियों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। इस सिस्टम की सबसे खूबी हाई रिस्क जोन में जियो फेंसिंग और पब्लिक इंफोर्मेशन को लगातार डिस्प्ले करती हैं।

सोशल मीडिया

सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व सीएम जननायक कपूर्री ठाकुरजी वंचितों व शोषितों के अधिकारों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहे, पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। सीएम योगी.



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर जी की पुण्य तिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, बहुजनों के हक व अधिकारों के लिए उनका संघर्ष प्रेरणा देता रहेग। राहुल गांधी.



पॉडकास्ट में की गयी अभद्र टिप्पणी अश्लील और आपत्तिजनक थी, अगर कंटेंट क्रिएटर्स खुद को नियंत्रित नहीं करेंगे, तो फिर राज्य को हस्तक्षेप करना होगा। प्रियंका चतुर्वेदी.



## उपासना का महत्व

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषोधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें।

श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

## वे कुछ काम करते मगर...

व्यंग्यलोक


वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात ने तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सीजन के कारण रेलों-बसों में भीड़ जा रही है। हाथ-पां व टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढूंढ़ लिये है। डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न। ग्राहक तो खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी थोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है। अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण।



पूरन सरमा

वे डिजायनर हैं। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी मैं कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समझ में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुररमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज।

## प्रकृति के सौंदर्य का बोध कराता है पक्षियों का कलरव



प्रकृति/प्रेम

अरुण दीक्षित

सौंदर्य आंनदित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य के लिए रमणीय, शोभन और चारु शब्द प्रयुक्त हुए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं, तब सौंदर्य ही है। जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंद बन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उद्दीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां -झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हों, तब उसमें सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो, तो यह सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं तो सौंदर्य ही है। जब अनायास ही कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है। रवीन्द्र नाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं कि सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता , कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं बल्कि कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

दार्शनिक अरस्तू कहते हैं कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। उन्होंने सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उनका मानना था कि कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी हैं। सौंदर्य मूल्य और कला की दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है। श्रीमद् भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य का कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। रामचरित मानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) के नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर में करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे (लाल) कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है।

सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टी.वी. सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए -दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं। रंगों के भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने का और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नही होती है। शरीर को काटकर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता। सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है, कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही चम्पा, लिली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता है। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं।

## आपकी बात

### स्वच्छ हवा, पानी का संकट

शहरों में बुजुर्गों का सांस लेना दूभर हो गया है। बच्चे, युवा और कामगार वर्ग दूषित हवा से बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों का तांता है और स्कूल से लेकर निर्माण गतिविधियों तक पर पाबंदी लगा दी गयी है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है इसलिए इसकी चर्चा कुछ अधिक है, लेकिन अगर दिल्ली से इतर अन्य शहरों की बात करें, तो उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में अक्टूबर से फरवरी तक, तीन-चार महीनों तक सांस लेना दूभर हो जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, लोग खांसी, गले की खरास, सिरदर्द, चिड़चिड़ापन, एंजाइटी आदि की गिरफ्त में हैं और सबसे गंभीर बात यह है कि अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण लोगों की जीवन प्रत्याशा कम हो गयी है। दिल्ली में लोगों की जिंदगी 12 वर्ष कम हो गयी है, तो उत्तर भारत के तमाम अन्य शहरों में भी प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य और उम्र प्रभावित हो रही है। इस गंभीर संकट पर भी अगर देश में जमकर राजनीति होती है, तो यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि देश की राजनीति अब जनहित के बजाय जनप्रिय हो गयी है। और एक बात सबको दिमाग में बैठा लेना चाहिए कि लोकप्रिय राजनीति हमेशा लोकहित की राजनीति नहीं होती है। कहा जाता है कि अच्छी बात प्रायः कड़वी होती है। इसी तरह सरकार के अच्छे फैसले प्रायः शुरूआत में तकलीफ देते हैं लेकिन लंबे समय में यह व्यापक जनहित के वाहक बनते हैं।

आज अगर दिल्ली से लेकर पटना तक, हवा खराब है। शहरों में धुंआ और धूल का जहरीला मिश्रण सीधे हमारे फेफड़े तक पहुंच रहा है, तो इसके लिए कहीं न कहीं लोकहित की राजनीति से सियासत का मुंह मोड़ना और हर वक्त चुनावी फायदे के लिए लोकप्रिय राजनीति में धंसे रहना है। दिल्ली में तो लोकप्रिय राजनीति इतनी अधिक हुई है कि दक्षिण भारत की राजनीति भी अब उसके आगे शर्माती है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्रीस बस यात्रा, फ्री तीर्थ यात्रा, जैसी योजनाओं की दिल्ली में इतनी अधिक जरूरत शायद नहीं थी। दिल्ली सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाली सिटी है। यहां फ्री के बजाय अगर सरकार संसाधनों का निवेश ट्रैफिक सिस्टम को बदलने में, सड़कों को दुरुस्त करने में, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों के लिए वाजिब प्रोटोकॉल विकसित करने और पराली प्रबंधन के लिए ठोस पहल की गयी होती, तो आज दिल्ली में दमघोंटू हवा का इतना संकट नहीं होता। विकास करने वाले बहुत से देशों में इस तरह का संकट आया है। अमरीका का लॉस एंजलिस जहां हॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग होती है, कभी हॉलीवुड का यह हॉर्टस्थल भी गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में था। अब जरूरत इस बात की है कि शहरों की हवा शुद्ध करने के लिए गंभीर प्रयास हों।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### असंगठित श्रमिकों की दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी ।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत सोमवार को उ0नि0 रामपाल सिंह थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अफजाल पुत्र आशिक अली निवासी लालगंज मजरे मकदूमपुर कला थाना बाजारशुक्ल उम्र करीब 30 वर्ष को ललिहामऊ मोड के पास से समय करीब 04:00 बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## महराजगंज महोत्सव का प्रभात साहू ने किया शुभारंभ

महराजगंज रायबरेली। नगर में पहली बार भव्य महोत्सव व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता प्रभात साहू ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया है। भाजपा नेता प्रभात साहू ने बताया कि बड़े-बड़े झूलों व दूसरे प्रदेशों से आई दुकानों से सजी प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता प्रभात साहू ने क्षेत्र के लोगों से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोग परिवार सहित प्रदर्शनी में पहुंचकर झूलों सहित खरीददारी आदि का आनंद ले व अन्य प्रदेशों से आई हुई दुकानों पर जाकर खरीदारी करें और उनके बारे में जाने। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की साथ-साथ बीजेपी नेता ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा जगह दी गई है और नगर पंचायत महराजगंज द्वारा इस महोत्सव को भव्य महोत्सव बनाने की पूरी तैयारी है। इस मौके पर सरदार फतेह सिंह सभासद मुस्ताक राइनी धर्मेंद्र वर्मा अमित त्रिपाठी नुरुल हसन रामकुमार यादव कमलेश कुशमेश सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 25 गोवंश सहित वाहन को पुलिस ने पकड़ा

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। रविवार की रात पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर पशु तस्करों का एक प्रयास नाकाम हो गया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पकड़ लिया।

गाजियाबाद के मधुबन थाना क्षेत्र के निवासी गौरक्षा प्रेमी सुमित शर्मा ने लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रहे एक संदिग्ध वाहन की सूचना जयसिंहपुर पुलिस को दी जिससे सूचना मिलते ही जयसिंहपुर कोतवाली की सेमरी चैकी प्रभारी अविनाश चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बिरसिंहपुर चैकी और दोस्तपुर थाने की टीमों की मदद से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 147 किलोमीटर माइलस्टोन पर बिरसिंहपुर गांव के पास संदिग्ध कंटेनर को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक ने कंटेनर को डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत दिशा में भागने का प्रयास किया, लेकिन वाहन का टायर फटने से चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कंटेनर से 25 गोवंश बरामद किए गए जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि वाहन को जब्त कर लिया गया है और बरामद पशुओं को सुरक्षित गौशाला भेजा गया और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यार्थियों का नैतिक और बौद्धिक विकास शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य

### उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज बछरावां का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न



बछरावां, रायबरेली। बछरावां नगर के प्रतिष्ठित उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने शिरकत की और छात्रों को आशीर्वाद दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी मौजूद रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का नैतिक और बौद्धिक विकास शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। यदि युवा ज्ञान के साथ संस्कारों को आत्मसात करेंगे, तो राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन की भी सराहना की। वहीं विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का साधन है। विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि छात्र भविष्य के निमार्ता है इन्हें सजाने और संवारने का काम शिक्षक ही कर रहे हैं। वहीं इसके साथ ही साथ नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी चैधरी ने कॉलेज की निरंतर प्रगति के साथ बच्चों के बहुत सुंदर भविष्य की कामना की। विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## जर्जर पड़े मकान की दीवार गिरने से मासूम की मौत, 10 घायल



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत दजीपुर गाँव में सोमवार शाम को एक बड़ा हादसा हो गया। मुस्तकीम उर्फ बखेडू के अधूरे पड़े निमार्णाधीन जर्जर हो चुके मकान की दीवार बच्चों के खेलते समय अचानक गिर गई, जिससे 7 बच्चे और 4 वयस्क मलबे में दब गए। वही लोगों की माने तो हादसा दीवार पर कुछ बच्चे चढ़ कर खेल रहे थे। तभी दीवार गिर गई, जिससे नीचे खेल रहे बच्चे और अन्य चपेट में आ गए। जिससे इस हादसे में 10 वर्षीय साहबान पुत्र मुख्तार उर्फ सच्चन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सैनुल (6 वर्ष) पुत्र सुद्धू, अलीम (5 वर्ष) पुत्र मोहम्मद आरिफ, आरिज (7 वर्ष) पुत्र वारिस, सैयम (9 वर्ष) पुत्र सिनबाद, अशरफ (9 वर्ष) पुत्र अख्तर, यीशु उर्फ जहान (7 वर्ष) पुत्र मुन्ना, वारिस (34 वर्ष) पुत्र रफीक, रज्जाक (32 वर्ष) पुत्र मोहम्मद अतीक, आफताब आलम (28 वर्ष) पुत्र अब्दुल समद शेहरे (42 वर्ष) पुत्र मग्गू घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अखिलेश सिंह चैकी इंचार्ज भटमई जितेंद्र यादव, सिपाही प्रमोद यादव, तहसीलदार जयसिंहपुर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच राहत कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। वहीं सैनुल, यीशु की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। वही मृतक साहबान का शव पुलिस ने पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि निमार्णाधीन मकान काफी समय से अधूरा पड़ा था, जिसकी दीवारें कमजोर हो चुकी थीं। इस बाबत तहसीलदार जयसिंहपुर मयंक मिश्र ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर मृतक परिवार को सरकारी व्यवस्था अनुसार राहत प्रदान की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया चाचा नेहरू इंटर कालेज का 24वां वार्षिकोत्सव



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में संचालित चाचा नेहरू इंटर कालेज के 24वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का अभिनंदन व सम्मानित भी किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक मिर्जा अल्ताब वेग ने तिरंगा फहराकर किया। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्य तौफीक अहमद ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही देश भक्ति और हिंदी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर भावविभोर किया। इस मौके पर शिक्षक भैया राम यादव, विकास चंद्र मिश्रा, शिव कुमार, आशीष सिंह, शिखर श्रीवास्तव, पूजा यादव, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं के निराकरण के निर्देश

### संत रविदास के वाणी पाठ में हुईं शामिल हुईं विधायक अदिति सिंह



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कई जनसभाओं को संबोधित करते हुए लोगों की समस्याओं के सद्भावना पूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने लालूपुर चैहान में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधानसभा क्षेत्र की तमाम समस्याओं से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान की। सदर विधायक ने छत्ता का पुरवा पूरे चैहान कासिमपुर बघेल मलिन का पुरवा पूरे केसव आदि ग्राम सभाओं में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया तथा ग्राम सभा गोबिंदपुर में प्रधान के भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने आस्था एवं भक्ति की सरोवर में डुबकी लगाने वाले लोगों को श्री श्याम निशान समर्पण पदयात्रा समानता और नैतिकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्री श्याम जी की प्राण प्रतिष्ठा से अनेको अनेक श्रद्धालुओं को प्रभु श्याम जी के दर्शन प्राप्त होंगे। वहीं उन्होंने सामाजिक सद्भावना पर्व पर शहर के रफी नगर में आयोजित संत रविदास के वाणी पाठ के अवसर पर गुरुओं की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का जीवन सुदृढ़ीकरण की ओर अग्रसर है। सोनिया नगर मोहल्ले में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जनता के हितों की रक्षा तथा सबका साथ सबका विकास पर सदर विधायक ने बल दिया तथा सीवर लाइन निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में प्रदेश सरकार ने गति प्रदान की है । विकास कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है बस जनता जनार्दन का कार्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों का अवलोकन कर कार्य को बेहतर गुणवत्ता परक बनाए जाने के लिए अधिकारियों के संपर्क में रहना आवश्यक है। आयोजित कार्यक्रमों में शहर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पत्रकार को पत्नी शोक



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। कूरेभार क्षेत्र के पुरखीपुर गांव निवासी सुशील चंद्र मिश्रा की पत्नी मिथिलेश मिश्रा उम्र 51 वर्ष का स्वास्थ्य अचानक खराब होने पर परिजन डॉ. राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान शनिवार को दोपहर तीन बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्रीय पत्रकारों में घटना की जानकारी होते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह 10:00 बजे उनके निज निवास पर किया गया।

## ऊंचाहार विधायक पर लगा दलितों की जमीन हथियाने का आरोप

### विकास भवन में धरने पर बैठे दलित पीड़ित



रायबरेली। सपा के बागी विधायक मनोज कुमार पांडेय पर दलितों की जमीन हथियाने के आरोप में दलित धरने पर बैठा। पीड़ित दलितों के समर्थन में विकास भवन में चल रहे धरने पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चैधरी भी पहुंची। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह भाजपा की सरकार है इसमें गुंडागर्दी नहीं बर्दाश्त की जाएगी। स्थानीय अधिकारियों की अनसुनी का नतीजा है कि आज दलित समाज धरने पर बैठने के लिए मजबूर हुआ है। दलितों के इस मामले को लेकर वह मुख्यमंत्री से जल्द ही मिलेगी तहसील ऊँचाहार के ग्राम पूरे टांघन मजरे चिचैली निवासी षोभा, अजीत, पवन, साहिल निर्मल, रेषमा आदि ने बताया कि हम लोग धोबी, पटेल गरीब, मजदूर परिवार से हैं हम सब मजदूरी करके भूमि गाटा सं0-207 मि0/0.385 हे0 में से घर बनाने के लिए भूखण्ड का बैनामा 14 जून 2004 को पूरब से पश्चिम 32मी०, उत्तर से दक्षिण-12मी०, इस प्रकार भूस्वामी शोभा देवी ने 6 मई 2021 को बैनामा कराया और नींव भराया। विधायक दबंगई के प्रभाव से हम लोगों की नींव भरी दीवार भूखण्डों का बैनामा सहखातेदारों के हिस्सों से अधिक भूमि को अगस्त, 2024 में कराकर हम सबके पुराने बैनामें 2004, 2021 के भूखण्डों पर जेसीबी से बराबर कराकर मिट्टी से पाटकर बल प्रयोग से कब्जा कर लिया। विधायक के दबंगई दहशत से घबरा गए और परेशान हुए। मुझ दलितों गरीबों के कमजोरी का फायदा उठाकर विधायक जी अपने लोगों से जमीन छोड़ देने के लिए धमकाया और कहा कि हम पेट्रोल पम्प लगवाएंगे। एक-एक मीटर जमीन हमें बैनामा कर दो तभी हम तुम्हारी जमीन से कब्जा हटा लेंगे। हम सब दहशतगर्दीवश एक-एक मीटर भूमि का बैनामा भी कर दिया फिर भी हमारे पुराने बैनामा भूखण्ड पर अवैध तरीके से बलपूर्वक विधायक कब्जा किए है और इसे भी बैनामा कराने के लिए धमका/दबाव बना रहे हैं कि यदि बैनामा नहीं करोगे तो जमीन से हाथ धो जाओगे, कब्जा नहीं हटायेंगे।

मामले में विधायक मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि मुझे बदनाम करने के लिए किया जा रहा है मैने स्वयं जिलाधिकारी से जमीन की नाप कराने के लिए अनुरोध किया है।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, कार सवार चार युवक घायल



अमेठी । एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई.हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है.सभी घायल उत्तराखंड और मुरादाबाद के रहने वाले थे जो महाकुंभ में स्नान कर अपने घर जा रहे थे । मामला जायस कोतवाली क्षेत्र के नसीराबाद रोड स्थित लोहिया पुल के पास का है. जहां आज सुबह श्रद्धालुओं से भरी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसे में कार सवार मनोज निवासी रामपुर मुरादाबाद,कमल निवासी रुद्रपुर उत्तराखंड,अजय सिंह निवासी रूद्रपुर उत्तराखंड और हरपाल निवासी रूद्रपुर उत्तराखंड घायल हो गए ।घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई ।हादसे की जानकारी मिलते ही जायस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नसीराबाद सीएचसी में भर्ती कराया जहां सभी का इलाज चल रहा है.कार सवार सभी युवक महाकुंभ में स्नान के बाद अपने घर वापस जा रहे थे ।बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने की वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई ।

## उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के गठन को लेकर हुई बैठक



गौरीगंज, अमेठी। सोमवार को जनपद मुख्यालय समृद्धि बेलजेस न्यूट्रिशियन सेंटर असैदापुर में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला ईकाई का गठन किया गया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्रदेश अध्यक्ष वेटरन अजमेर बहादुर सिंह ने अमेठी जिले में शारदा प्रसाद शुक्ला को अध्यक्ष नियुक्त कर 15 अन्य सदस्यों को नामित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था ने आठ जिलों का गठन कर लिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक की विभिन्न समस्याओं को लेकर यह गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक के साथ हो रही समस्या को लेकर यह संगठन तैयार किया जा दूर दराज पर रहे सैनिक को समस्या को लेकर यह संस्था आवाज उठायेंगी। बैठक को प्रदेश संयोजक अजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष ओपी द्विवेदी, राम प्रताप शुक्ला ने बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर गुरूशरण सिंह, हरिहर प्रसाद शुक्ला, जितेन्द्र प्रसाद शुक्ला, अनिल कुमार इन्द्र बहादुर सहित तमाम सैनिक मौजूद रहे।

## अचली प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार सीज

महराजगंज रायबरेली। विकासखंड क्षेत्र के अचली ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए। ग्रामीणों की शिकायत पर जांच में दोषी पाए जाने पर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कार्रवाई की गई है। वहीं इस करवाई से अन्य भ्रष्टाचारियों में भी हड़कंप देखा जा सकता है। ?नन्हई पुत्र राम आसरे रामचंद्र, रामअवतार, राम विश्वास, रमेश, सुखीलाल, ने ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला अधिकारी से लेकर कई अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया था। जिस पर रायबरेली डीएम ने सख्त होते हुए जांच के आदेश दिए थे। जिसपर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी व अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में जाकर जांच की। अधिकारियों को हैंडपंप रिबोर, ह्यूम पाइप, एवं कुर्सी मेज में काफी अनियमितताएं मिली। वाउचर कुछ और कह रहा था जबकि लागत कुछ और थी। ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार ग्राम प्रधान अचली कलावती के द्वारा ग्राम पंचायत में भारी अनियमिताएं की गई जिसे जांच में अधिकारियों द्वारा पकड़ा भी गया। वहीं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कार्यवाही करते हुए विकासखंड क्षेत्र के पूरे अचली के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए। इनसेट इस विषय में खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया जिले से लेटर आया है जिसमें पूरे अचली के प्रधान कलावती का वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज किया गया है।

## ससुराल आये युवक का शव मिलने से हड़कंप

रायबरेली। बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत पत्नी को विदा कराने ससुराल आये युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुट गई है। मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। वहीं पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर में कोई गहरे चोट कर निशान नहीं है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बगही गांव मजरे बिशुनपुर के रहने वाले मैंकूलाल (45) अपनी पत्नी रामदुलारी को विदा कराने रविवार को अपने ससुराल बछरावां थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव गया हुआ था। युवक ने जब अपनी पत्नी से घर चलने के लिए कहा तो पत्नी ने मना कर दिया इसी बात को लेकर युवक और उसकी पत्नी से तू-तू मैं-मैं हो गई और वह वहां से चला गया सुबह होने पर उसकी लाश उसी गांव की नर्सरी में पाई गई। युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके पत्नी सहित उसके ससुराल जनों को दी और पुलिस को भी मौके पर बुला लिया। परिजनों के मुताबिक युवक की हत्या हुई है। वहीं पुलिस के मुताबिक जांच के बाद ही दूध का दूध और पानी का पानी हो पाएगा। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया मृत युवक नशे का आदी था। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है शरीर में ज्यादा गंभीर चोटें नही है मामूली चोटें है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## टायर फटने से आलू लदा पिकअप पलटा, चालक घायल

बछरावां रायबरेली । कोतवाली क्षेत्र के बछरावां मोरावां मार्ग पर इचैली चैराहे के पास सोमवार सुबह 11रू00 बजे करीब बिल्हौर उन्नाव से पिकअप में आलू लादकर हरचंदपुर जा रहा पिकअप का टायर अचानक फट गया जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। जिसमें चालक धर्मेंद्र कुमार 30 पुत्र मोहनलाल निवासी बिल्हौर को ग्रामीणों ने शीशा तोड़कर बाहर निकाला । ग्रामीणों की मदद से चालक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाल पंकज त्यागी ने बताया कि जानकारी मिली है चालक का इलाज चल रहा है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीबीएसई बोर्ड की इंटर की परीक्षा सकुशल संपन्न

लालगंज रायबरेली। लालगंज तहसील क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के लिए बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज और रेल कोच सेंट्रल स्कूल केंद्र बने हैं। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि सोमवार को सीबीएसई बोर्ड से संबंधित इंटर की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा थी। बीएमपीएस 6 स्कूलों का केंद्र बना है। सोमवार की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा में 222 परीक्षार्थी एनरोलमेंट थे। 221 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी है। सोमवार को हुई परीक्षा में फिर से एक बार बृजलाल यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल बेनी माधवगंज के सुमित यादव ने परीक्षा छोड़ी है। छात्र सुमित यादव ने किस कारण परीक्षा नहीं दी है, इसका पता नहीं चल सकता है। वहीं परीक्षा देकर निकल रहे बच्चों ने पेपर के प्रति संतोष जताया और कहा की प्रश्न पत्र बढ़िया रहा है। विद्यार्थियों ने बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की व्यवस्थाओं की भी सराहना की है।

## वाहन पलटने से चालक समेत तीन मजदूर घायल

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार दोपहर को टांडा बांदा राजमार्ग पर गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गढ़ौली गांव के पास ईट लदी एक पिकअप वाहन गड्ढे में पलट गई जिससे चार लोग घायल हो गए। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रवनीया निवासी पिकअप चालक अजीत कनौजिया ईटों से भरा पिकअप वाहन लेकर पीढ़ी से कटका की ओर जा रहा था वाहन में तीन मजदूर भी सवार थे दीपक, वीरेंद्र और एक अज्ञात व्यक्ति जो जौनपुर जिले के खुटहन के निवासी हैं जैसे ही गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टांडा बांदा मार्ग पर गढ़ौली गांव के पास पहुंचे थे वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया। हादसे में पीछे बैठे मजदूरों पर ईट गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए चालक अजीत को भी चोट आई है। सभी घायलों को तत्काल बिरसिंहपुर स्थित 100 बेड अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने मजदूर दीपक की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया भटमई चैकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है और विधि कार्रवाई की जा रही है।


## व्यापार मंडल के अध्यक्ष को पुलिस ने पीटा, दिया तहरीर

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। कूरेभार में पुलिस की पिटाई का मामला थम नहीं रहा है। पुलिस है कि कभी श्रद्धालुओं को पीट रही तो कभी व्यापारी को। रविवार की रात कूरेभार चैराहे पर तैनात दोस्तपुर की पुलिस ने व्यापार मण्डल अध्यक्ष की पिटाई कर दिया जब वह घर जा रहे था। पुलिस की इस पिटाई को लेकर व्यापारी आक्रोशित हैं। फिलहाल व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर सिपाही के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। रविवार की रात कूरेभार निवासी व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुजीत कसौंधन कुछ सामान लेकर घर की तरफ जा रहा था। तभी चैराहे पर तैनात दोस्तपुर थाने के सिपाही विवेक सिंह ने अध्यक्ष से रोककर हाथापाई करने लगा और डंडा भी मारने के लिए दौड़ा लिया।

## बजट में हर वर्ग व हर क्षेत्र पर किया गया फोकस : सतीश शर्मा

**गौरीगंज अमेठी।** गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट पर संगोष्ठी संपन्न हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जनपद अमेठी सतीश शर्मा जी रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में कड़े और बड़े फैसले लेकर के आज देश को विकसित भारत की श्रेणी में लाकर खड़ा किया है देश की सांस्कृतिक विरासत का विकास हो देश की सीमाओं का सुरक्षा हो वैश्विक स्तर पर भारत की शाख बढ़ी है मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है उत्तर प्रदेश में मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में अयोध्या का विकास हो काशी का विकास हो मिजार्पुर जनपद के विंध्याचल का विकास किया और पूरा सजाने एवं संवारने का काम मोदी और योगी की सरकार ने किया है आज देश की केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है उसे बजट में हर वर्ग हर क्षेत्र पर फोकस किया गया है यह बजट बेहतर भविष्य के संकल्प की नई को मजबूत करेगा और विकसित भारत 2047 के लिए दिशा व दिशा तय करने वाला बजट है इस बजट में विकसित भारत की गति को निर्धारित करने का बजट पेश किया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर कटौती की सीमा को वर्तमान समय में 50000 से 2 गुना 1 लाख कर दिया है इसी प्रकार टीडीएस की वार्षिक सीमा 240000 से बढ़कर 6 लाख कर दी है विदेशी प्रश्न पर कर संग्रह टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़कर 10 लाख कर दी है इस बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पर बोझ कम करने के मार्ग को जारी रखा है शून्य कर श्रेणी को मौजूदा 7 लाख से बढ़कर 12 लाख कर दिया है जो की बहुत बड़ा निर्णय है। इस मौके पर चन्द्रमौलि सिंह, दया शंकर यादव, काशी प्रसाद तिवारी , राजेश अग्रहरी अध्यक्ष जिला पंचायत, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी भवानी दत्त दीक्षित जिला उपाध्यक्ष विजय किशोर तिवारी,निमिषा त्रिपाठी, गोविंद सिंह चौहान, हिंदेश सिंह, अरूण कुमार सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



गौरीगंज, अमेठी। भाजपा कार्यालय पर भाजपा के प्रभारी मंत्री के आगमन के उपरांत भाजपा कार्यकताओं ने जनपद में नवनिर्मित अन्त्येष्टि स्थल पर हो रहे निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कार्यकताओं ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनपद 15 अन्त्येष्टि स्थल बनाये जा रहे हैं जिसकी लागत लगभग 25 लाख है लेकिन अन्त्येष्टि स्थल बनाने में सिर्फ लगभग 15 लाख रुपए खर्च किये जा रहे शेष रुपये का बंदरबांट किया जा रहा है इस बंदरबांट के खेल में जनपद के उच्चाधिकारी व नेतागण शामिल हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद सिंह ने आगे कहा कि 2014 में मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त करने को लेकर सरकार आयी थी लेकिन आज भ्रष्टाचार की गूंज ऊपर तक पहुंच रही है। देखना होगा कि इस गूंज पर विराम लगेगा या नहीं।

संक्षेप

## मजदूर की हादसे में मौत

**मथुरा।** मजदूरी कर घर लौट रहे 60 वर्षीय वृद्ध की बीती देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वृद्ध मजदूर मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था। बीती देरशाम भी वह बेलदारी कर घर वापस लौट रहा था तभी थाना महावन के यमुना एक्सप्रेसवे पर यह हादसा हो गया।

मदनपुर गांव निवासी अमर सिंह (60 वर्ष) पुत्र चरण सिंह रोजाना की भांति रविवार सुबह मेहनत मजदूरी करने के लिए गया था और देर शाम बेलदारी कर घर को लौट रहा था तभी महावन थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेसवे के पुल पर सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर से मार दी। घायल को पुलिस हॉस्पिटल लेकर पहुंची यह डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग आज सुबह पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए। यहां मृतक के भतीजे सोनू ने बताया कि उसके चाचा बेलदारी कर घर के लिए लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया। यमुना एक्सप्रेसवे पर मौजूद चैकीदारों के द्वारा उन्हें इस घटना की जानकारी दी गई थी।

# दिल्ली में हुई भगदड़ के बाद अचानक जंक्शन स्टेशन पहुंचे डीएमः डीआईजी

जिला संवाददाता(vol)



**मथुरा।** गत दिन प्रयागराज जाने के लिए दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के बाद जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा और तीर्थयात्रियों

- श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें जल्दबाजी न करने की सलाह दी

को समझाया कि वे गाड़ी आने पर विचलित न हों। सभी को सीट मिलेंगी। हादसे के बाद मथुरा प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। प्रयागराज महाकुंभ के लिए बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए मथुरा जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने मध्यरात्रि में स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें जल्दबाजी न करने की सलाह दी। स्टेशन पर जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस के अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं, जो यात्रियों को क्रमबद्ध तरीके से ट्रेनों में बैठा रहे हैं। जीआरपी प्रभारी यादराम सिंह को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा में कोई चूक न हो। ताज एक्सप्रेस के रद्द होने से यात्रियों में थोड़ी हलचल मची। लेकिन सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभालते हुए श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्पेशल ट्रेन में व्यवस्थित तरीके से बैठाया। प्रशासन लगातार नजर रख रहा है कि दिल्ली जैसी घटना यहां न दोहराई जाए। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर इसी कारण देररात दोनों अधिकारी पहुंचे और रेलवे प्रशासन तथा फोर्स को सतर्कता रखने के निर्देश देते हुए यात्रियों को समझाया कि वे धैर्य रखें। पुलिस हर तरह से उनके सहयोग के लिए अलर्ट है। जीआरपी थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया कि दिल्ली में हुई घटना को लेकर पुलिस अलर्ट है, स्टेशन पर 20 से अधिक कांस्टेबल को तैनात किया गया है। जंक्शन पर आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को बैठाने के लिए के साथ सुरक्षा बढ़ा दी है। आरपीएफ प्रभारी अवधेश गोस्वामी ने बताया कि जंक्शन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोल रूम में निगरानी रखी जा रही है, इसी के साथ स्टेशन पर आरपीएफ महिला स्टाफ को भी तैनात किया गया है। जिससे प्रत्येक ट्रेन में चढ़ते समय यात्रियों को उद्घोषणा करके जागरूक किया जा रहा है। विदित रहे कि गत दिन दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी और काफी संख्या में लोग घायल हुए थे, इसको देखते हुए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता बरते हुए है।

## बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मथुरा।** एसओजी टीम एवं थाना छाता पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में डकैती के मुकदमा में वांछित चल रहे पन्द्रह हजार रुपये के इनामी शातिर बदमाश मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुआ, जिसे गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल, रुपये असलाह कारतूस एक चोरी की एक मोटर साइकिल बिना नंबर बरामद हुई। घायल बदमाश कुलदीप (21) पुत्र पदम सिंह निवासी आझई छाता है। इसको उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तगण कैश मेनिजमेन्ट कम्पनी के कर्मचारी द्वारा कैश कलेक्शन करके वापस जाते समय सुनसान रास्ते पर कार अडाकर तमंचे के बल पर डकैती की घटना को अंजाम देते हैं। 10 लाख रुपए का कलेक्शन करके लाने की सूचना पर अभियुक्त द्वारा सह अभियुक्त गण के साथ मिलकर गत 28 जनवरी को रेडियंट कैश मेनिजमेन्ट कम्पनी के कर्मचारी की मो०सा० के आगे आझई रेलवे स्टेशन के पास रास्ते पर वैन्यू कार अढाकर रेलवे स्टेशन से कैश कलेक्ट कर लाये गये कैश तथा मोबाइल, आइडी प्रूफ व एटीएम कार्ड आदि रखे बैग को लूट कर भाग गये थे, जिसके संबंध में थाना छाता पर मुकदमा पंजीकृत है।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा भगवती मैरिज होम से मोटरसाईकिल नम्बर वढ 83 द 8626 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की घटना के सम्बन्ध में थाना रामगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, उक्त चोरी की घटना के अनावरण हेतु थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त इशु पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी प्रताप नगर थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद मूल निवासी दनशाहपुर थाना निधोली कला जिला एटा को भीकनपुर से साती रोड की तरफ चोरी की मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर भाजपा पदाधिकारियों ने किया नमन



**टूंडला।** भाजपा कैंप कार्यालय टूंडला पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर भाजपा पदाधिकारियों कार्यकताओं ने उनके चरणो में पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया, इस अवसर पर जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार ओर देश के लिए मार्गदर्शक थे उन्होंने जनहित में अनेकों कार्य किए इसलिए उनको जननायक की उपाधि मिली, भाजपा सरकार द्वारा उन्हें जनहित के कार्यों के लिए भारत रत्न से सम्मानित करने का कार्य किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, मंडल प्रभारी वीरेन्द्र सिंह, ब्रज क्षेत्र अल्प संख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन, मुकेश धामा, पवन चक नरेंद्र सिंह, बिनोद बाबू, गौरव सिसोदिया, रामनरेश गुड्डा दीक्षित व समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला आयोजित कर किया जागरूक




**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा नगर क्षेत्र के महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में सोमवार को जनपद फिरोजाबाद के थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस टीम द्वारा उपस्थित शिक्षकों छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा साइबर अपराध अपराधियों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अपने मोबाईल, लैपटॉप आदि में बिना जानकारी के कोई भी अननॉन एप्लीकेशन इन्सटॉल न करें क्योंकि वह आपकी निजी जानकारी को चोरी कर सकते हैं, इसके साथ ही अपनी निजी जानकारी को सोशल मीडिया अथवा किसी अनभिज्ञ व्यक्ति के साथ शेयर न करें तथा प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना बैंक खाता संख्या पिन ओटीपी सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा व्यापारी बन्धुओं आमजनों को डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि पुलिस कभी-भी लोगों को डिजिटल अरेस्ट नही करती है। साइबर फ्रॉड धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा अपने निकटतम थाने की साइबर हेल्प डेस्क से सम्पर्क करें। इसके साथ ही उपस्थित शिक्षकों छात्राओं से सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरूद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में डिजिटल वॉरियर के रूप में भागीदारी करने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया, जागरुकता कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर अपराध व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा का आयोजन कल से

**आगरा।** बल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत कपिल नागर के अनुसार 17 फरवरी से मंदिर में प्रारंभ हो रही श्री राम कथा अब 19 से होगी। 19 को ही कलश यात्रा साईं बाबा मंदिर, कमला नगर से प्रातः 7 बजे निकाली जाएगी।

मीडिया प्रभारी ऋषि अग्रवाल ने बताया पूज्य राजन जी महाराज को अपने पूज्य गुरु प्रेम भूषण जी महाराज के यहां किसी विषेश परिस्थिती के कारण अचानक जाना पड़ गया है। अतः दो दिन वे उनके पास रहेंगे, इसलिए कथा अब दो दिन बाद प्रारंभ होगी। कथा का विश्राम 25 फरवरी को होगा। सात दिन में 9 सत्र पूरे किए जाएंगे। इस प्रकार नौ दिवसीय कथा को सात दिवसीय करते हुए 25 फरवरी को विश्राम दिया जाएगा।

## एमडी जैन कॉलेज में छात्र - छात्राओं को किया सम्मानित



**फिरोजाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें, वीवीएम ऑनलाइन परीक्षा के प्रतिभागी कु निदा, ऐंजल, सौम्या, चारु, रिंकल, अंजली, वंश, विकास, ईशू व अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रतीक प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन ने किया और समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थी विज्ञान मंथन, वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि, परीक्षा के पहले स्तर की ऑनलाइन परीक्षा 23 एवं 27 अक्टूबर को सुबह 10 से शाम 06:00 बजे तक की समयावधि में प्रतिभागियों को 90 मिनट का समय दिया गया था। जिसमें, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने ऑनलाइन परीक्षा दी थी।उन्होंने, जानकारी देते हुए बताया कि, विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र वीवीएम की वेबसाइट पर अपलोड हो गए हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से संदीप जैन, संजय कटारा, सुनील जैन, परेश जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार जैन, अंजय जैन, नितिन जैन, निशान्त जैन, सत्यपाल सिंह, धीरज जैन, निर्भय जैन, शिव कुमार सिंह, योगेश श्रीवास्तव, विपुल जैन व अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत बीतीरात हुये एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गयी तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। रविवार रात करीब 11 बजे रितिक पुत्र चंदन उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कैलाशनगर वृन्दावन व उसका साथी देवेंद्र उर्फ लडडू पुत्र मदन ठाकुर उम्र 22 वर्ष निवासी मधुवन कॉलोनी वृन्दावन बाइक पर सवार होकर वृन्दावन से छटीकरा की तरफ जा रहे थे। जैसे ही ये लोग अक्षयपात्र के सामने पहुंचे ही थे तभी बाइक अचानक अनियन्त्रित होकर पेड़ से जा टकरायी, जिससे दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को मथुरा के सिटी हॉस्पिटल ले गये, जहां डॉक्टरों ने रितिक को मृत घोषित कर दिया तथा देवेंद्र उर्फ लडडू का इलाज चल रहा है।जैंत पुलिस ने शव का पंचनाम भरकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को बताए बेहतरीन मोबाइल फोटोग्राफी के गुर



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब द्वारा विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में मोबाइल फोटोग्राफी इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टूडेंट काउंसिल के सक्रिय रूप से सम्मलित होने के कारण छात्रों ने कार्यक्रम में विशेष रुचि ली। इस अनूठे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को मोबाइल से फोटो खींचने की बारिकियों को विस्तार से बताया गया और यह भी बताया गया कि अच्छेचित्र खींचने के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखा जाय।

कार्यक्रम के दौरान ईशान समीर ने मोबाइल फोटोग्राफी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रेयांश त्रिपाठी ने बेसिक मोबाइल फोटोग्राफी से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकियों को प्रभावी ढंग से समझाया। संस्कृति विवि के फोटोग्राफर निखिल शर्मा ने विस्तार से कैमरे के प्रयोग और बारीकियों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि एक मोबाइल फोन से हम कैसे शानदार तस्वीरें ले सकते हैं और सही एंगल, लाइटिंग और फ्रेमिंग के बारे में ज्ञानवर्धन किया।

निखिल शर्मा ने छात्रों को यह भी बताया कि अपनी यादों को कैप्चर करने और उन पलो को खूबसूरत बनाने के लिए फोटोग्राफी कितनी अहम होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और अपने मोबाइल कैमरों से शानदार तस्वीरें खींचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि फोटोग्राफी केवल महंगे उपकरणों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि यह दृष्टिकोण, रचनात्मकता और प्रकाश संयोजन का अद्भुत समावेश है।कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें डीन डॉ. डी. एस. तोमर, डॉ. वैराचल्ली, डॉ. रीना रानी, डॉ. पंकज गोस्वामी, निखिल शर्मा और डॉ. श्वेता तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट काउंसिल की वाइस प्रेसिडेंट अनामिका बेनिवाल और कल्चरल क्लब के मीडिया कोऑर्डिनेटर कैफ इरशाद ने शानदार एंकरिंग के साथ किया, जिसने पूरे आयोजन में जोश और उत्साह का माहौल बनाए रखा। स्टूडेंट काउंसिल के प्रेसिडेंट यश श्रीवास्तव, फोटोग्राफी क्लब के प्रमुख सदस्य श्रेयांश त्रिपाठी (अध्यक्ष), दीपू यादव (उपाध्यक्ष), ईशान समीर (इवेंट कोऑर्डिनेटर), कोमल तिवारी (ट्रेजरर), सिद्धि शुक्ला (सेक्रेटरी), प्रशांत (जॉइंट सेक्रेटरी) और मयंक राजपूत (मीडिया कोऑर्डिनेटर) ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# केंद्रीय बजट पर बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित

जिला संवाददाता(vol)



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ने केंद्रीय बजट को लेकर मध्यम वर्गीय प्रबुद्धजन व विशिष्टजन का जिला महानगर स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार को होटल शीतल रीजेंसी में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार ने केन्द्रीय बजट पर आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को

- सांसद बोलेः केंद्रीय बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मूल अवधारणा
- व्यापारी, सीए सहित युवा बड़ी संख्या में हुए शामिल

सम्बोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की पथ पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यूपीए की सरकार में देश के उद्योग-धंधों को लगाने के लिए छोटे-बड़े व्यापारियों और उद्योपतियों को राजनीतिक भ्रष्टचार का शिकार होना पड़ता था, साथ ही उस वक्त की उद्योग नीति का दंश व्यापारियों को झेलना पड़ता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अब उद्योगों और व्यापार को बढ़ाने के लिए कई क्रांतिकारी और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इसके पीछे कारण है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में राजनीतिक करप्शन खत्म होना।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में तीन-चार प्रमुख महत्वपूर्ण बिंदु को ध्यान में रख कर काम हुआ है। विकसित भारत के लक्ष्य पर बढ़ने के लिए मोदी जी की सोच है कि मध्यम वर्ग को मजबूत बनाना है। साथ देश में अधोसंरचना के क्षेत्र में सड़क-रेल और एयरपोर्ट की कनेक्टविटी को बढ़ाकर देश के छोटे शहरों और महानगरों की दूरियों को खत्म करना।

ताकि व्यापार को एक नया स्वरूप दिया जा सके और लोगों के बनाए हुए उत्पाद देश के हर राज्यों में आसानी से पहुंच सके। वहीं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लार्जेस्ट इकोनॉमी बनाना है। चीन और अमेरिका के साथ मिलकर चलना है हमारे लोगों की स्किल भी बढ़नी चाहिए और हमारी स्पीड भी बढ ?ा चाहिए और इसलिए हमने कौशल विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व मंत्री रविकान्त गर्ग ने कहा कि इस बजट के बाद कई वर्षों में पहली बार व्यापारियों के चेहरे पर रौनक आई है। सम्मेलन संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रदीप गोस्वामी ने किया। इस अवसर पूर्व मंत्री रविकान्त कांत गर्ग पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा कार्यक्रम सम्मेलन संयोजक प्रदीप गोस्वामी सह संयोजक पंकज शर्मा श्याम सिंघल राजेश कुमार बजाज राजेंद्र पटेल मदन मोहन श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा नवीन चैधरी नरेश शर्मा यतेंद्र फौजदार नितिन कौशिक जितेंद्र वार्ष्णेय सोनू अग्रवाल पार्षद राजवीर चैधरी नीनू कुंज बिहारी भारद्वाज बृजेश खरे प्रिंस गौड़ अजय गोयल राघव अग्रवाल चिराग अग्रवाल सुरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।

# भगवान बाहुबली स्वर्ण जयंती महोत्सव पर 1008 कलशों से हुआ महामस्तकाभिषेक, दर्शन को उमड़े हजारों श्रद्धालु



**आगरा।** 936 वर्ष प्राचीन मंदिर आज पुष्पों की सुगंध और जगमग रोशनी से सुसज्जित था। हजारों श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति के साथ हर तरफ श्रद्धाभाव बिखरा नजर आ रहा था। भगवान बाहुबली की प्रतिमा पर जलाभिषेक के लिए हर भक्त ललायित था। कुछ ऐसा ही नजारा था आज मोती कटरा स्थित 936 वर्ष प्राचीन एवं अतिशयकारी जिनालय में। जहां विराजित भगवान बाहुबली की प्रतिमा का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव (महामस्ताभिषेक) उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न शहरों से पधारे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान बाहुबली की 1008 कलशों से जलाभिषेक किया गया। श्री अग्रवाल दिगम्बर जैन समिति मोती कटरा द्वारा आयोजित स्वर्ण जयन्ति महोत्सव में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्रीविहसन्त सागर मुनिराज व मुनिश्री विश्वसाम्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में मुख्य शांति धारा के साथ महामस्ताभिषेक का शुभारम्भ किया।आयोजक समिति के अध्यक्ष राकेश जैन पदेर्वालों ने सभी विभिन्न शहरों से आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इसके उपरान्त केसरिया वस्त्र धारण किए भक्तों ने बारी-बारी भगवान बाहुबली का महामस्तकाभिषेक किया।

हेलीकॉप्टर में बैठे प्रद्युम्न, रोहित अहिंसा व मिलिन्द ने 10 से अधिक राउंड लगाते हुए मंदिर परिसर में पुष्प वर्षा की।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। स्वागत अध्यक्ष निर्मल मोठ्या हीरालाल बैनाड़ा थे। संचालन मुख्य संयोजक मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्ञानचंद जैन, प्रदीप जैन, जैन, संजय जैन, वीरेन्द्र जैन, महेन्द्र जैन, मुन्नालाल, रविन्द्र जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन आदि उपस्थित थे।

## पुष्पों और सतरंगी रोशनी से सजा मंदिर

आगरा। 937 वर्ष प्राचीन मंदिर में भगवान बाहुबली की प्रतिमा के 50वें स्थापना दिवस (स्वर्ण जयन्ती) के अवसर पर मंदिर परिसर को सतरंगी पुष्पों व झिलमिल रोशनी से सजाया गया। प्रातः 8 बजे से संध्या काल तक भगवान बाहुबली के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

## शातिर चोर तमंचा सहित गिरफ्तार किया

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले एक शातिर चोर को चोरी किये मोबाइल एक चोरी की अपाचे मोटर साइकिल व अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया है। थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैंकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त एक अभियुक्त सनी उर्फ सत्या पुत्र पप्पू निवासी हिमायुपुर माता मन्दिर वाली गली थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को बडी बाउन्ड्री लालऊ से मय चोरी का एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल व कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर तंमंचा बरामदगी पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा है।

## महाकुंभ यात्रा को लेकर रेलवे स्टेशनो पर रखी जा रही निगरानी



**फिरोजाबाद।** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ यात्रियों में हुई भगदड़ को लेकर जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में महाकुंभ में जा रहे यात्रियों की सुरक्षा को परखने हेतु जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर अपर जिलाधिकारी विशु राजा सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारियों के नेतृत्व में लगातार निगरानी रखी जा रही हैं, जिससे किसी प्रकार की अनावश्यक भगदड़ नहीं होने पाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि लगातार टीमें आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा का विशेष प्रबंध करें और यह सुनिश्चित करले की किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए।

## जीआरपी-आरपीएफ टूंडला पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान




**टूंडला।** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई घटना के बाद आरपीएफ जीआरपी थाना पुलिस स्टॉफ द्वारा रेलवे स्टेशन टूंडला पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन पर आने जाने वाले रेलयात्रियों पर कड़ी नजर रखी गई।

रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार व आरपीएफ पुलिस फोर्स द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टिकट घर, सभी प्लेटफार्म, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग रूम ट्रेनें में चेकिंग की गई। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि महाकुम्भ जाने वाले रेलयात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। प्रयागराज महाकुम्भ आने जाने वाले सभी रेलयात्रियों की काफी भीड़ के चलते ट्रेन में सकुशल बिठाया जा रहा है। इस मौके पर जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## रोमांचक मैच में सेक्रेटरी 11 बनी विजेता



**आगरा।** का सोल एवं कंपोनेंट संगठन द्वारा एकलव्य स्टेडियम पर मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच में प्रेसिडेंट इलेवन के कप्तान विनोद सीतलानी ने टॉस जीत पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 136 रन बनाए। जिसमें प्रमुख योगदान मयूर चांदनी का रहा।

इसको पीछा करते हुए सेक्रेटरी 11 जिसके कप्तान रवि चांदनी थे द्वारा अंतिम ओवर में रोमांचक जीत हासिल की। मैच में मैन ऑफ द मैच सागर हिंदुजा रहे। जिन्होंने 4 विकेट लिए। बेस्ट बैटसमैन का किताब मयूर चांदनी जिन्होंने 29 रन बनाए को मिला। बेस्ट बॉलर का खिताब हुए रोहित सीतलानी जिन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट 18 रन देखकर प्राप्त किया। मैच में शानदार कैच के लिए योगेश सेजवानी को सम्मानित किया गया। मैच के उद्घाटन सत्र में विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, टी एन अग्रवाल अध्यक्ष व्यापार मंडल, नितेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष नेशनल चैंबर एवं सतपाल बत्रा डायरेक्टर सी न्यूज द्वारा खिलाड़ियों के परिचय के साथ मैच प्रारंभ किया गया।मैच के अंत में पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल द्वारा खिलाड़ियों को मोमेंटो को देखकर किया गया। मैच का संचालन संस्था के सचिव अंबा प्रसाद गर्ग द्वारा किया।

संक्षेप

## हर्बलाइफ इंडिया की यशस्वी से साझेदारी

बेंगलुरु। हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में प्रीमियर कंपनी हर्बलाइफ इंडिया ने भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे यशस्वी जैस्वाल के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग भारत में स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की हर्बलाइफ इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर्बलाइफ लंबे समय से शीर्ष खिलाड़ियों की मदद करती आ रही है, उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक पोषण संबंधी साधन उपलब्ध कराती है। जैस्वालके साथ यह साझेदारी खेलों के जरिए स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के कंपनी के विश्वास को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे-से कस्बे से निकलकर भारतीय राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय करने वाले जैस्वालकी कहानी उनके संघर्ष, मेहनत और लगन की मिसाल है।

## स्प्राइट का ताजगी भरा 'ठंड रख' कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। लेमन-लाइम ड्रिंक स्प्राइटअपने चर्चित'ठंड रख'कैंपेन को एक नए अंदाज में लेकर आ रहा है। इस बार की नई कैम्पेन मेंशरवरी और वरुण तेजअपना डेब्यू कर रहे हैं, जबकिवेदांग रैना और देव अधिकारीअपनी मस्तीभरी कूलनेस के साथ फिर से वापसी कर रहे हैं। गर्मियों की तपिश बढ़ रही हो या जिंदगी कोई चुनौती दे रही हो, स्प्राइट की ताजगी से भरी चुस्की आपको याद दिलाएगी कि बस एक घूंट लो, रिलैक्स करो और मजे से आगे बढ़ो। यह कैंपेन रोजमर्रा की उन गर्मागर्म और चिड़चिड़े हालातों को मजेदार अंदाज में पेश करता है, जिनका सामना हम सभी कभी न कभी करते हैं।

## डिज्नी क्रूज लाइन ने नयी सीरीज से पर्दा उठाया

नई दिल्ली। डिज्नी क्रूज लाइन ने आज डिज्नी एडवेंचर में आने वाले नए और अविश्वसनीय अनुभवों की एक नई सीरीज पर से पर्दा उठाया, जिसमें फ्लीट के लिए कई नई अनुभव शामिल हैं, जिससे मेहमानों को समुद्र में एक जादुई छुट्टी बुक करने और उसका आनंद लेने के और भी कारण मिलेंगे। डिज्नी एडवेंचर पर मार्वल स्टाइल स्टूडियो के माध्यम से और अधिक प्रिय डिज्नी कहानियां और कैरेक्टर्स जीवंत हो उठेंगे, जो डिज्नी क्रूज लाइन, बिब्बिडी बॉबिडी बुटीक और रॉयल सोसाइटी फॉर फ्रेंडशिप एंड टी में अपनी शुरूआत करता है। फ्लीट के लिए एक और पहली बार, डफी एंड फ्रेंड्स खूबसूरत रिटेल और मनोरंजन अनुभवों की एक सीरीज के माध्यम से जहाज पर दिखाई देंगे, जिसमें बिल्कुल नया शो डफी एंड द फ्रेंड शिप शामिल है।

## आमरण अनशन करेंगे अंडा उत्पादक किसान

नोएडा। किसानों ने अपनी प्रमुख मांगों जैसे एनईसीसी पर पूर्ण प्रतिबंध, अंडे के रेट निर्धारण समिति का गठन, अंडों पर खाद्य सुरक्षा मानकर प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप अंडों पर उत्पादन तिथि, उत्पादन का स्थान एवं अंतिम उपभोग अवधि अंकित करने जैसे संवैधानिक प्रावधानों को तुरंत लागू करने की मांग की। अगर हम किसानों की मांगो को नही पूरा किया गया तो सभी अंडा उत्पादक किसान आमरण अनशन पर बैठकर भूख हड़ताल करेंगे, साथ ही उन्होंने यह आग्रह निवेदन कि हमारे जनप्रतिनिधि कुक्कुट किसानों की इस समस्या को 18 फरवरी को शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में उठाएं। प्रदेश के अंडा उत्पादक किसानों का 13 फरवरी से शुरू हुआ धरना प्रदर्शन पशुपालन निदेशालय लखनऊ में आज भी जारी रहा। सहारनपुर के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कोल्ड स्टोरेज में रखे अंडा उत्पादन तिथि से केवल 35 दिन के अंदर ही खाया जा सकता है।

## पेनियरबाई से जुड़कर अपनी दुकान की कमाई बढ़ाये

नई दिल्ली। डिजिटल युग में अपने बिजनेस को बढ़ाने, नए ग्राहक जोड़ने और महीने के रुपये 15,000+ की अतिरिक्त आय कमाने का एक शानदार मौका। पेनियरबाई भारत का अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल सेवा नेटवर्क अब रिटेलर्स को डिजिटल प्रधान बनने का अवसर दे रहा है। अब किराना दुकान, मोबाइल शॉप या जनरल स्टोर चलाने वाले व्यापारी अपनी ही दुकान से कैश निकासी, मनी ट्रांसफर, मोबाइल रिचार्ज, बिल भुगतान, पैन कार्ड, इंश्योरेंस और लोन जैसी कई वित्तीय सेवाएँ दे सकते हैं और अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं।

# सेंसेक्स में 58 अंकों की उछाल



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार में पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 58 अंक की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

कारोबार के अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 57.65 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 644.45 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.25 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, ऐसी रिपोर्ट है कि अमेरिका और भारत शुल्क दर कम करने के लिए व्यापार समझौते की व्यापक रूपरेखा पर निर्णय लेने के लिए जल्द ही बैठक करेंगे। इससे धातु, औषधि और वित्तीय शेयरों में खरीदारी को समर्थन मिला। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, जोमैटो और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,294.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कुल पूंजी निकासी इस साल अबतक 99,299 करोड़ रुपये पहुंच गयी है। एफपीआई ने इस माह के पहले दो सप्ताह में 21,272 करोड़ रुपये निकाले हैं। अमेरिका के आयात पर शुल्क लगाने के बाद वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच यह पूंजी निकासी की गयी है। भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अंतिम घंटे में लिवाली से बाजार हल्की बढ़त में रहा। इसके साथ पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा। उन्होंने कहा कि एशिया और यूरोप के बाजारों में तेजी से धारणा को मजबूती मिली। इसके अलावा चुनिंदा बैंक, तेल एवं गैस, धातु तथा बिजली शेयरों में लिवाली से बाजार ऊपर आने में सफल रहा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.51 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.56 प्रतिशत के नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को ज्यादातर नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.90 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# रुपया 16 पैसे की गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 86.87 पर बंद



मुंबई। रुपया सोमवार को 16 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की भारी निकासी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार से रुपये में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है। इसकी प्रमुख वजह है कि विदेशी बैंक डॉलर की खरीद पर उतारू हैं और आयातक डॉलर को सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वैश्विक अनिश्चितता के बीच भविष्य में मूल्यह्रास की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.70 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार के दौरान इसने डॉलर के मुकाबले 86.68 के उच्च स्तर और 86.88 के निचले स्तर को छुआ। अंत में डॉलर के मुकाबले 86.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद भाव से 16 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.71 पर बंद हुआ था। घरेलू बाजारों में कमजोरी और अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सुधार से आज भारतीय रुपये में गिरावट आई। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में कमी ने इसकी गिरावट को सीमित किया। घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। अमेरिकी डॉलर में समग्र मजबूती भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में और गिरावट या भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से किसी तरह का हस्तक्षेप निचले स्तरों पर रुपये को समर्थन दे सकता है। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़त के साथ 106.85 पर कारोबार कर रहा था। वायदा कारोबार में वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत बढ़त के साथ 74.83 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजार में, 30 शेयरों पर आधारित बंबई सूचकांक 57.65 अंक बढ़कर 75,996.86 अंक पर, जबकि निफ्टी 30.25 अंक चढ़कर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ।

# सेल ने लिया 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने संयंत्रोंइकाइयों में विभिन्न स्थायी समितियों की सिफारिशों पर गौर करने के बाद 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया है।

कंपनी के बयान के अनुसार, सेल की 50 वर्ष से अधिक आयु के अधिकारियों की सत्यनिष्ठा और प्रभावोत्पादकता का आकलन करने की नीति है। इस संबंध में कंपनी के निदेशक मंडल ने अनुमोदित विस्तृत दिशानिर्देशों में सेवा रिकॉर्ड के आधार पर अधिकारियों की प्रभावशीलता, दक्षता, आचरण और सत्यनिष्ठा की समीक्षा के लिए मानदंड निर्धारित किए हैं। इसमें कहा गया, समीक्षा के बाद सेल संयंत्रोंइकाइयों में विभिन्न स्थायी समितियों की सिफारिशों पर संबंधित सक्षम प्राधिकारियों द्वारा विचार किया गया। इसके बाद सेल के आचरण अनुशासन व अपील नियमों में नियम 56 (जे) के समान प्रावधानों के तहत, संगठन में दक्षता, सत्यनिष्ठा और जवाबदेही बनाए रखने के हित में 11 अधिकारियों को सेवानिवृत्त करने का निर्णय लिया। इस्पात मंत्रालय के तहत सेल एक महारत्न कंपनी है।

# भारत-अमेरिका प्रस्तावित समझौते की व्यापक रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे: वाणिज्य मंत्रालय

नयी दिल्ली। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका अगले कुछ सप्ताह में प्रस्तावित व्यापार समझौते की प्रकृति पर निर्णय लेने तथा इसकी व्यापक रूपरेखा या तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने और 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत पूरी करने की घोषणा की थी। अग्रवाल यहां पत्रकारों से कहा कि हमें यह तय करने के लिए कुछ सप्ताह का समय दें कि हम जिस पहले चरण (समझौते के) पर विचार कर रहे हैं उसमें महत्वाकांक्षा का स्तर क्या है और हम जिस समझौते पर पहुंचेंगे उसकी प्रकृति क्या होगी। दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर व्यापक रूपरेखा को अंतिम रूप देने की कोशिश करनी होगी। दोनों देशों ने भारत को औद्योगिक वस्तुओं के अमेरिकी निर्यात और अमेरिका को श्रम-प्रधान विनिर्मित उत्पादों के भारतीय निर्यात को बढ़ाकर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए सहयोग करने पर भी सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्ष कृषि वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका को चार अरब डॉलर से अधिक मूल्य की कृषि वस्तुओं का निर्यात करता है। भविष्य में इसमें और वृद्धि होगी। व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने के लिए एक कड़ी समयसीमा है। अग्रवाल ने कहा कि दोनों पक्ष अगले आठ से नौ महीनों में ऐसा करने पर सहमत हो गए हैं। इसलिए हमें इस पर काम करना शुरू कर देना चाहिए। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने पत्रकारों से कहा कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक खाके पर सहमति बनी।

# सेबी ने नियमों को संशोधित करने, सुझावों के लिए प्रक्रिया को अधिसूचित किया

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने अधिक पारदर्शिता लाने के मकसद से नियम बनाने, सार्वजनिक परामर्श अनिवार्य करने और मानदंडों को संशोधित करने के लिए संबंधित पक्षों की भागीदारी के लिए एक नई प्रक्रिया का निर्धारण किया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गजट में प्रकाशित अधिसूचना में सेबी (विनियमों को बनाने, संशोधन और समीक्षा करने की प्रक्रिया) विनियमन, 2025 को अधिसूचित किया है। सेबी नियम बनाने के लिए, अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नीति में सुझाए गए परिवर्तनों वाला प्रस्ताव प्रकाशित करेगा। इसके अलावा प्रस्तावित विनियमों के उद्देश्य और उसका विवरण, सार्वजनिक टिप्पणियां प्राप्त करने का तरीका, प्रक्रिया और समयसीमा की जानकारी दी जाएगी। सेबी ने कहा कि सार्वजनिक टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए आमतौर पर कम से कम 21 दिन दिये जाएंगे। सार्वजनिक टिप्पणियां प्राप्त होने पर, टिप्पणियों को अस्वीकार करने का औचित्य, यदि कोई हो, सेबी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित नियमों और संबंधित एजेंडा पत्र पर सेबी विचार करेगा। यदि एजेंडा पत्र सार्वजनिक परामर्श के बाद तैयार किया गया है, तो इसमें प्राप्त टिप्पणियों का एक व्यवस्थित संकलन या ऐसी टिप्पणियों का सारांश और उसपर सेबी की टिप्पणियां शामिल होंगी।

# मुनाफा के लिए विदेशी निवेशक कर रहे बिकवाली

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली को लेकर चिंता को दूर करते हुए कहा कि भारत में निवेश करने वालों को अच्छा रिटर्न (प्रतिफल) मिल रहा है और इसलिए वे मुनाफावसूली कर रहे हैं। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जहां निवेशकों को बेहतर रिटर्न मिल रहा है, जिससे मुनाफावसूली होती है।

उन्होंने कहा कि एफआईआई भी तब बाहर जाते हैं जब वे मुनाफावसूली करने में सक्षम होते हैं। आज भारतीय बाजार में ऐसा माहौल है कि निवेश पर अच्छा रिटर्न भी मिल रहा है और मुनाफावसूली भी हो रही है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआई ने पिछले साल अक्टूबर से 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कुल पूंजी निकासी इस साल अबतक 99,299 करोड़ रुपये पहुंच गयी है। इससे बाजार में गिरावट



आई है और निवेशकों को नुकसान हुआ। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि एफआईआई एक उभरते बाजार से दूसरे बाजार में नहीं जा रहे हैं। वैश्विक अस्थिरता के समय में एफआईआई अपने मूल देश वापस चले जाते हैं जो ज्यादातर अमेरिकी है। यही स्थिति अभी देखने को मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय बाजार मजबूत है और ये बदलाव अस्थायी हो सकते हैं। पांडेय ने कहा कि मांग-आपूर्ति के मुद्दों के अलावा, वृद्धि की संभावनाएं भी निवेशकों के व्यवहार को प्रभावित करती हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हाल ही में घोषित बजट में वृद्धि को गति देने वाले कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना किया है और आगे भी उनका सामना करते रहेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि भारत इसे संभालने के लिए मजबूत स्थिति में है। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने भारी बिकवाली के कारण बाजार में सरकारी हस्तक्षेप के किसी भी संभावना को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कदम केवल तभी उठाया जा सकता है।

## पेटीएम की एसबीआई म्यूचुअल फंड से साझेदारी

नई दिल्ली। पेटीएम (वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने घोषणा की है कि इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एक एएमएफआई पंजीकृत म्यूचुअल फंड वितरक, एआरएन-114595, अब लाखों भारतीयों के लिए अपने भविष्य में निवेश करना आसान बना रही है। एसबीआई म्यूचुअल फंड के साथ साझेदारी में, पेटीएम ने वित्तीय समावेशन को सक्षम करने और नागरिकों को अपने भविष्य में निवेश करने के लिए सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, जननिवेश रुपये250 एसआईपी लॉन्च किया है। यह पहल आज सेबी अध्यक्ष द्वारा शुरू की गई। उपयोगकर्ताओं को केवल रुपये 250 के साथ अपनी निवेश यात्रा शुरू करने में सक्षम बनाते हैं।

# उपराष्ट्रपति ने सूक्ष्म उद्योगों के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार का आह्वान किया

चंडीगढ़। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सूक्ष्म उद्योगों के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के पुनरोद्धार का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसी गांव या गांवों के समूह में एक ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए, जहां खेतों में सूक्ष्म उद्योग हों और जो कृषि उपज में मूल्य जोड़ते हों, जो पशुधन और उत्पादित दूध में मूल्य जोड़ते हों। इससे एक स्थायी समाज विकसित करने में मदद मिलेगी। धनखड़ ने कहा कि गांवों के समूहों में आइसक्रीम, पनीर, मिठाइयां और इसी तरह की चीजें बनाने के लिए उद्यमशीलता से हमें क्या रोकता है? ऐसा बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे रोजगार पैदा होगा और ग्रामीण युवा संतुष्ट होंगे। उन्होंने मोहाली में राष्ट्रीय कृषि-खाद्य और जैव विनिर्माण संस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों के साथ प्रौद्योगिकी को जोड़ना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्टार्टअप दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में हैं और उन्हें अब गांवों तक



पहुंचना होगा, क्योंकि कृषि उपज अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है, उद्योगों के लिए कच्चा माल है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे प्रौद्योगिकी में प्रगति और इसके संभावित लाभ के बारे में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि छोटे समूह बनाइए, अपने उत्पाद को अपनी पसंद की कीमत पर बेचिए। आप ऐसा कर सकते हैं। धनखड़ ने कहा कि सरकार की कृषि नीतियां किसान की बहुत मदद कर रही हैं, और किसान को इस बारे में जानना होगा।

पेज एक का शेष

## दिल्ली-एनसीआर

पांच बजकर 36 मिनट पर महसूस किए गए। सतह से पांच या दस किलोमीटर नीचे उत्पन्न होने वाले भूकंप, सतह से काफी नीचे उत्पन्न होने वाले भूकंपों की तुलना में अधिक क्षति पहुंचाते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि झील पार्क क्षेत्र में हर दो से तीन साल में एक बार छोटे, कम तीव्रता वाले भूकंप आते हैं। वर्ष 2015 में यहां 3.3 तीव्रता का भूकंप आया था। दिल्ली पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट कर लोगों से सुरक्षित रहने का अनुरोध किया। दिल्ली पुलिस ने कहा हमें उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षित हैं, दिल्ली उसने लोगों से आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करने का भी आग्रह किया। भूकंप के तेज झटकों के कारण दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, दिल्ली में अभी-अभी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सभी सुरक्षित हों।

## प्रयागराज, काशी

को बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा दूसरों की उपलब्धियों के बजाय पूर्वजों की विरासत पर गौरव की अनुभूति करेंगे तो दुनिया को बहुत कुछ दे पाएंगे। आज प्रयागराज वही कर रहा है। प्रयागराज, काशी तथा अयोध्या ने अपनी क्षमता को उजागर किया। अनेक लोगों को रोजगार मिला तो कइयों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिली। आदित्यनाथ ने कहा महाकुंभ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अगले नौ दिन तक यह उत्सव इसी रूप में जारी रहेगा। यही भारत की क्षमता है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों पर होता। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ है।

## जनहित के मुद्दों

गरिमा और मयार्दा को बनाए रखते हुए गम्भीर चर्चा को आगे बढ़ाने से लोकतंत्र के प्रति आमजन की आस्था बढ़ती है। प्रदेश सरकार राज्य के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। विधान सभा में सकारात्मक माहौल में चर्चा होनी चाहिए। संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए सभी सदस्यों को अपने सुझावों एवं मुद्दों को सदन में रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश विधान सभा ने पूरे देश में संसदीय कार्य प्रणाली की नजीर प्रस्तुत की है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह कार्य दलीय नेताओं के सहयोग से सम्भव हुआ है। विधान सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधान सभा में इनोवेशन की श्रृंखला शुरू हुई है। उत्तर प्रदेश विधान सभा देश में ई-विधान लागू करने वाली पहली विधान सभा है। सदन में गैलरी के सुन्दरीकरण, हॉल के नवीनीकरण तथा भित्ति चित्र स्थापित करने जैसे विभिन्न कार्य किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय व परिस्थिति के अनुरूप तकनीक को अपनाते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। उत्तर प्रदेश बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा। आज उत्तर प्रदेश का पर्सेप्शन चेंज हुआ है। देश व दुनिया के लोग प्रयागराज महाकुम्भ की सराहना कर रहे हैं। 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। विगत 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक महाकुम्भ नगर में आयोजित की गयी। मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने संगम में स्नान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ, अयोध्या व काशी में श्रद्धालुओं के आगमन से प्रदेश की जीडीपी में वृद्धि हो रही है। गोरखपुर में डेढ़ से दो लाख श्रद्धालु व चित्रकूट में ढाई से पांच लाख श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे हैं। लोगों में उत्साह व उमंग है। महाकुम्भ से लोग एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं। महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जा रही है। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने विधान भवन के प्रवेश द्वार एवं भित्ति चित्र का अनावरण किया। उन्होंने विधान सभा की कार्यवाही का अवधी, ब्रज, भोजपुरी व बुन्देली बोलियों में अनुवाद के पूर्वाभ्यास का अवलोकन भी किया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पक्ष एवं विपक्ष के सहयोग से ही सदन को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। सभी दलों ने सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। यह एक अच्छी परम्परा है।

## पूजा स्थल

की कार्यवाही शुरू होने पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा लोग नयी याचिकाएं दायर करते रहते हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने नए आधार उठाए हैं, हमारे लिए पहले से दायर की गई याचिकाओं के अलावा अन्य याचिकाओं पर विचार करना असंभव हो जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने पीठ से सहमति जताते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कोई नयी याचिका दायर करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पुराने याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने याचिकाओं पर केंद्र द्वारा जवाब दाखिल नहीं करने का मुद्दा उठाया और कहा कि इस उद्देश्य के लिए सरकार को अंतिम अवसर दिया जाना चाहिए। इससे पहले सुबह शीर्ष अदालत ने पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामले में कई नयी याचिकाएं दायर किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। पीठ ने यह भी संकेत दिया कि वह तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनी गई लंबित याचिकाओं पर आज सुनवाई नहीं कर सकती क्योंकि आज दो न्यायाधीशों की पीठ बैठी है। जब एक वादी की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दिन में सुनवाई के लिए एक नयी याचिका का उल्लेख किया, तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम शायद इस पर सुनवाई न कर पाएं। अदालत की कार्यवाही शुरू होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता ने मामले का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, याचिकाएं दायर करने की एक सीमा होती है। बहुत सारे आईए (अंतरिम आवेदन) दायर किए गए हैं... हम शायद इस पर सुनवाई नहीं कर पाएं। उन्होंने कहा कि मार्च में एक तारीख दी जा सकती है।

## मेरठ : योग

निराशा व्यक्त की। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, सरकार ने अभी तक हमें कोई सहायता नहीं दी है। अन्य खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार और सरकारी नौकरी भी मिलती है, लेकिन हमें एक पैसा भी नहीं मिला। मंत्रियों की बात तो दूर, सांसदों और विधायकों ने भी हमारी उपलब्धि को नहीं सराहा। केवल हमारे गांव के लोगों ने ही हमें चार से पांच बार सम्मानित किया है। प्रतियोगिता के बारे में बताते हुए स्वामी ने कहा, यह रिकॉर्ड तोड़ना बेहद मुश्किल था। हमारे लिए निर्धारित समयसीमा एक बड़ी चुनौती थी। पहले प्रयास में हम केवल 25 सेकंड तक ही वजन पकड़ पाए लेकिन दूसरे प्रयास में हम इसे 35.57 सेकंड तक पकड़ पाए। अपने शुभचिंतकों की प्रार्थना और आशीर्वाद की बदौलत हम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके दोनों बेटों को उपलब्धि के लिए प्रमाणपत्र मिले हैं। स्वामी ने 2023 में मुंबई में इंडियाज गॉट टैलेंट में भाग लेने के दौरान अपनी पिछली उपलब्धि को याद किया। स्वामी ने बताया, उस समय, हमने अपने दांतों से 80 किलोग्राम वजन उठाया था, इसे पांच सेकंड के लिए जमीन से दो इंच ऊपर उठाया था। यह देखकर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल दंग रह गए थे। हमारा नाम तब भी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया था।

## पर्यावरणीय

आयोजन किया गया। इस अवसर पर हे.न. बहुगुणा विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल द्वारा लिखित पुस्तक भारतीय हिमालय क्षेत्र एक सतत भविष्य की ओर का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड देश का एक महत्वपूर्ण वॉटर टॉवर भी है। यहां के ग्लेशियर पानी के अविरल स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी संकट से समस्याओं के समाधान के लिए राज्य में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेश अथारिटी का गठन किया गया है। उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन के.बेरी ने वाईब्रेंट विलेज योजना को गम्भीरता से लेते हुए ऐसे गांवों में रोजगार और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की बात कही।

## रेलवे स्टेशन पर

गया है। रेल मंत्री ने कहा, यात्रियों के प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए रोक क्षेत्र बनाने के वास्ते नयी दिल्ली, पटना, सूरत, बेंगलुरु, कोयंबटूर सहित 60 स्टेशन को चिन्हित किया गया है। यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान के समय के अनुसार प्लेटफॉर्म पर प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी, ताकि स्टेशन क्षेत्र में ज्यादा भीड़ न इकट्ठी हो। उन्होंने प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशन का उदाहरण दिया, जहां महाकुंभ मेले के दौरान इस तरह के रोक क्षेत्र बनाए गए हैं और यात्रियों के आवागमन को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया गया है। वैष्णव ने कहा कि सभी मौजूदा प्रावधानों को मिलाकर एक अलग भीड़ प्रबंधन नियमावली बनाई जाएगी और त्योहारों एवं खास मौकों के दौरान यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित की जाएगी।

उन्होंने कहा हमें भीड़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक नियमावली बनानी होगी। अधिकारियों के मुताबिक, मौजूदा भीड़ प्रबंधन मानदंड मजबूत एवं प्रभावी हैं, लेकिन ये रेलवे के विभिन्न परिपत्रों और संचार में दर्ज हैं, जिन्हें नियमावली के रूप में एक स्थान पर लाने से बहुत मदद मिलेगी।

## प्रयागराज स्टेशन

सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी थी। इस दुर्घटना के बाद लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर एडीजी रेलवे समेत अन्य उच्चाधिकारियों ने निरीक्षण कर प्रत्येक प्लेटफार्म खासकर फुटओवर ब्रिज पर आरपीएफ व जीआरपी के जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को नियंत्रित करके सवार किया जाने लगा। प्रयागराज संगम में महाकुंभ के अवसरपर देश-विदेश से करोड़ों लोग स्नान कर चुके है। चूंकि मौजूदा समय महाकुंभ में लाखों लोग है और प्रतिदिन देश भर से श्रद्धालुओं के प्रयागराज पहुंचने का दौर जारी है।

## दिल्ली के रामलीला

नेता बैठेंगे, वहीं तीसरे मंच पर अधिकारियों व अतिथियों को बैठाया जाएगा। इसके अलावा, मंच के सामने आम जनता के लिए करीब 30,000 कुर्सियों की व्यवस्था की जाएगी। समारोह को अधिक सुलभ बनाने के लिए मैदान में एक दर्जन एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी। इसके माध्यम से पीछे बैठने वाले लोग शपथ ग्रहण समारोह को बिना किसी परेशानी के देख सकेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर, मैदान में करीब 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मुख्य गेट पर एक टेंट से वेटिंग रूम भी बनाया जा रहा है, जहां समारोह से पहले सभी अतिथि, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारी बैठ सकेंगे। विधायकों और उनके परिवारजनों के लिए भी विशिष्ट व्यवस्था की गई है, जिसमें 400 कुर्सियां उनके बैठने के लिए निर्धारित की गई हैं। इस प्रकार, भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।




# दिल्ली ने बेंगलुरु को 142 रन का लक्ष्य

## रेणुका ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम को 3-3 विकेट; जेमिमा ने 34 रन बनाये

एजेंसी

वडोदरा। विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) के चौथे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 142 रन का टारगेट दिया। सोमवार को वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में आरसीबी ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली की टीम 141 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बेंगलुरु से रेणुका सिंह ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम ने 3-3 विकेट लिए। एकता बिष्ट और किम गार्थ को 2-2 विकेट मिले। दिल्ली से जेमिमा रोड्रिग्ज ने 34 और साराह ब्रायस ने 23 रन बनाए।

दिल्ली कैपिटल्स ने 20वें ओवर की तीसरी गेंद पर 10वां विकेट गंवाया। किम गार्थ ने अरुंधति रेड्डी को कैच कराया। इसी के साथ टीम 141 रन पर ऑलआउट हो गई। बेंगलुरु से रेणुका सिंह ठाकुर और जॉर्जिया वेयरहम ने 3-3 विकेट लिए। एकता बिष्ट और किम गार्थ को 2-2 विकेट मिले। दिल्ली से जेमिमा रोड्रिग्ज ने 34 और साराह ब्रायस ने 23 रन बनाए। 19वें ओवर में दिल्ली ने 9वां विकेट गंवाया। रेणुका ठाकुर ने शिखा पांडे को कैच कराया। पांडे ने 15 गेंद पर 14 रन बनाए। रेणुका ने शेफाली वर्मा और एनाबेल सदरलैंड को भी पवेलियन भेजा था। 18वें ओवर में बेंगलुरु के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने 2 विकेट लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर साराह ब्रायस को स्टंपिंग कराया। फिर पांचवीं गेंद पर राधा यादव कैच हो गईं। वेयरहम ने जेमिमा रोड्रिग्ज को भी कैच आउट कराया था। 14वें ओवर में दिल्ली ने छठा



विकेट गंवाया। एकता बिष्ट ने ओवर की तीसरी गेंद पर मैरिजान कैप को कैच कराया। कैप ने 13 गेंद पर 12 रन बनाए। 13वें ओवर में दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ओवर की तीसरी गेंद पर साराह ब्रायस ने 2 रन लिए। इसी के साथ टीम के 100 रन भी पूरे हो गए।

दिल्ली ने 11वें ओवर में एनाबेल सदरलैंड का विकेट गंवाया। फिर टीम ने 12वें ओवर की पहली गेंद पर पांचवां विकेट भी गंवा दिया। एकता बिष्ट ने जेस जोनासेन को शॉर्ट मिड-विकेट पर कैच कराया। जोनासेन 4 गेंद पर 1 ही रन बना सकीं। दिल्ली ने 8वें ओवर में तीसरा विकेट भी गंवा दिया। किग गार्थ ने ओवर की तीसरी गेंद पर दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग को एलिस पेरी के हाथों कैच कराया। लैनिंग ने 19 गेंद पर 3 चौके लगाकर 17 रन बनाए। दिल्ली ने 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया।

जॉर्जिया वेयरहम ने जेमिमा रोड्रिग्ज को स्टंपिंग कराया। जेमिमा रिवर्स स्वीप खेलने गईं, लेकिन आउट हो गईं। उन्होंने 22 गेंद पर 34 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। बेंगलुरु से वीजे जोशिथा छठा ओवर फेंकने आईं। उनके खिलाफ जेमिमा रोड्रिग्ज ने 2 चौके और 1 छक्का लगाया। इस ओवर से 15 रन बने। इसी ओवर में टीम ने फिफ्टी भी पूरी कर ली। दिल्ली कैपिटल्स ने किम गार्थ के खिलाफ पारी के चौथे ओवर में 11 रन बटोरे। ओवर में मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 1-1 चौका लगाया। दिल्ली कैपिटल्स से कप्तान मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ओपनिंग उतरीं। बेंगलुरु से रेणुका ठाकुर ने पहला ओवर फेंका। उन्होंने दूसरी ही गेंद पर शेफाली को कैच करा दिया। शेफाली खाता भी नहीं खोल सकीं। बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने लगातार दूसरे मैच में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया। टीम में एक बदलाव हुआ।

# भारत की उम्मीदें शमी के कलाई के जादू पर



बेंगलुरू। मोहम्मद शमी के दाहिने हाथ में जादूगर सा फन है और अपनी कलाई के झटके से वह दुनिया के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों को चकमा दे सकते हैं लेकिन क्या वह इस जादू से भारत को बारह साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में मदद कर सकते हैं ? प्रशंसकों को उम्मीद है कि शमी इस टूर्नामेंट में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस नहीं होने देंगे। बुमराह चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वैसे शमी की तैयारियों को लेकर काफी चिंतायें भी हैं। भारतीय टीम को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ 20 फरवरी को पहला मैच खेलना है। चौतीस वर्ष के शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न स्तरों और अलग अलग प्रारूप में कुछ मैच खेले हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंट में अपेक्षाओं पर खरे उतरने का दबाव अलग होता है। ऐसे में बुमराह की गैर मौजूदगी में उन पर दबाव और बढ जायेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी में शमी के साझेदार अर्शदीप सिंह होंगे लेकिन वह बुमराह की श्रेणी के गेंदबाज नहीं हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी का मानना है कि शमी के पास काफी अनुभव है और वह इस चुनौती का सामना कर लेंगे।

**मालेवार, शोरे की पारियों के दम पर मुंबई के खिलाफ विदर्भ के पांच विकेट पर 308 रन**

नागपुर। दानिश मालेवार के 79 रन और सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे के 74 रन की मदद से मेजबान विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन गत चैम्पियन मुंबई के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बना लिये। टेस्ट टीम मे जगह बनाने का दावा फिर पुख्ता करने वाले करूण नायर ने 45 रन बनाये। वह शिवम दुबे की गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने के फैसले से खुश नहीं थे हालांकि उन्होंने डीआरएस लिया। दो बार की चैम्पियन टीम के लिये बड़ी साझेदारियां नहीं बन सकी लेकिन पहले दिन 88 ओवर में 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

मुंबई ने 13 नोबॉल डाली। बायें हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 18 ओवर में 44 रन देकर दो विकेट लिये। दुबे ने नौ ओवर में 35 रन देकर दो विकेट चटकाये और उनमें से एक में सूर्यकुमार यादव ने स्लिप में डाइव लगाकर शानदार कैच लपका।

## संक्षेप

### मैजेस्टिक आर्यन्स 16 रन की जीत से फाइनल में

लखनऊ। करुणेश उपाध्याय (64) और कपिल शर्मा (चार विकेट) के शानदार खेल से मैजेस्टिक आर्यन्स ने हमसफर प्रीमियर लीग- सीजन 1 के एलिमिनेटर मैच में हंटर्ज क्रिकेट क्लब के 16 रन से हराकर फाइनल मे जगह बनाई। सीएसडी सहारा क्रिकेट ग्राउंड गोमती नगर पर खेले गए इस मुकाबले में मैजेस्टिक आर्यन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन बनाए। करुणेश उपाध्याय ने 48 गेंदों पर सात चौके व दो छक्के से शानदार 64 रन बनाए। उनके अलावा डॉ सुमित ने 20, शाहजेब खान ने 23 व विवेक ने 22 रन बनाए। संदीप और अभिमन्यु सिंह को तीन-तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए हंटर्ज क्रिकेट क्लब 18.3 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन पर ऑल आउट हो गया। अभिमन्यु सिंह ने 49, अब्दुल्ला जमाली ने 42 और सूफियान मोहताशिम ने 36 रन जोड़े लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मैजेस्टिक आर्यन्स से कपिल शर्मा को चार, उमैर अख्तर को तीन व संजीव को दो विकेट की सफलता मिली।

### चैंपियन्स ट्रॉफी : पाक पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम

लाहौर। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच गई। टूर्नामेंट की शुरुआत बुधवार को कराची में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगी। पाकिस्तान गत चैंपियन भी है जिसने 2017 इंग्लैंड में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत को हराकर खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 के लिए लाहौर पहुंच गई है। वे 22 फरवरी को गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना पहला मैच खेलेंगे। टीम दो समूह में पाकिस्तान पहुंची। पहले समूह में कप्तान स्टीव स्मिथ, कोच और सहयोगी स्टाफ के सदस्य शामिल थे जो दुबई के रास्ते कोलंबो से पाकिस्तान पहुंचे।

### आइजोल ने चर्चिल ब्रदर्स को ड्रॉ पर रोका

आइजोल। कोलंबिया के लुइ रोड्रिग्ज अपने आई लीग फुटबॉल पदार्पण मैच में हीरो बनकर उभरे जब उनके इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से आइजोल एफसी ने सोमवार को यहां चर्चिल ब्रदर्स को ।-। से बराबरी पर रोक दिया। चर्चिल ब्रदर्स ने 60वें मिनट में बढ़त हासिल की जब दक्षिण अफ्रीका के वेडे लेके ने पेनल्टी को गोल में बदलकर सत्र का अपना 10वां गोल किया।

# यूपी ग्रेस व राउंडग्लास हॉकी अकादमी सेमीफाइनल में



खेल संवाददाता

लखनऊ। पिछली विजेता राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) और मेजबान यूपी ग्रेस ने 35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब-जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में शानदार जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने मनमोहन सिंह हॉकी अकादमी को 7-1 से और मेजबान यूपी ग्रेस ने रितु रानी हॉकी अकादमी पंजाब को 1-0 से हराया। केडी सिंह बाबू स्मारक सोसायटी के तत्वावधान में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ध्यानचंद एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल में आज यूपी ग्रेस ने अबु हुजैफा के एकमात्र गोल से जीत दर्ज की। अबु हुजैफा ने यह गोल आठवें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर पर दागा। हालांकि दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे के खिलाफ मैदानी गोल दागने की कई कोशिशें की लेकिन आला दर्जे के डिफेंस के चलते गोल करने में नाकाम रही। पहले क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने गुरमानवदीप सिंह की हैट-ट्रिक सहित आक्रामक अंदाज के सहारे मनमोहन सिंह हॉकी अकादमी के खिलाफ 7-1 से जीत दर्ज की। राउंडग्लास से गुरमानवदीप सिंह ने 13वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील करते हुए शुरूआती गोल दागा। जवाब में एमएम सिंह अकादमी से हर्ष ने 18वें मिनट में मिले पेनाल्टी कार्नर से बराबरी का गोल दागा। हालांकि राउंडग्लास हॉकी अकादमी की टीम ने जल्द वापसी की और गुरमानवदीप सिंह ने 23वें मिनट में अपना व टीम का दूसरा गोल करते हुए टीम को दूसरे क्वार्टर में 2-1 की बढ़त दिला दी।

**35वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब-जूनियर (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट**

# पूर्व चैम्पियन स्वितोलिना दुबई चैम्पियनशिप के पहले दौर में जीती

एजेंसी

दुबई। दो बार की पूर्व चैम्पियन एलिना स्वितोलिना ने पिछली उपविजेता रूस की अन्ना कालिंस्काया को दुबई चैम्पियनशिप के पहले दौर में 6 . l, 6 . 2 से हरा दिया। पिछले साल कालिंस्काया क्वालीफाइंग दौर के जरिये पहुंची थी और लगातार तीन शीर्ष 10 में शामिल खिलाडि़यों को हराया था जिसमें नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक शामिल है।

इस बार हालांकि वह यूक्रेन की स्वितोलिना के सामने टिक नहीं सकी। अब स्वितोलिना का सामना रेबेगा स्रामकोवा या क्लारा टाउन से होगा। पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू ने मारिया सक्कारी को 6 . 4, 6 . 2 से मात दी। अब वह 14वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से खेलेगी।



**विट कोप्रीवा, ट्रस्टिन स्कूलकेट बेंगलुरू ओपन में शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी**

बेंगलुरू। चेक गणराज्य के विट कोप्रीवा 24 फरवरी से दो मार्च तक केएसएलटीए कोर्ट में होने वाले दाफान्यूज बेंगलुरू ओपन में शीर्ष 200 में शामिल नौ खिलाडि़यों की अगुआई करेंगे। टूर्नामेंट को एटीपी चैलेंजर 125 का दर्जा दिया गया है। प्रतियोगिता में दुनिया के 128वें नंबर के खिलाड़ी कोप्रीवा और अन्य शीर्ष खिलाड़ी दो लाख डॉलर की पुरस्कार राशि और एकल चैंपियन के लिए 125 एटीपी रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टूर्नामेंट के नौवें सत्र में 32 खिलाडि़यों का एकल ड्रॉ होगा जिसमें 20 को सीधे प्रवेश मिलेगा जबकि छह खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए आएंगे।

दो विशेष छूट, एक नेक्स्ट जेन एक्सेलेरेटर होगा और विश्व नंबर 237 की कटऑफ के साथ तीन वाइल्ड कार्ड धारक टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। विश्व के 135वें नंबर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के ट्रस्टिन स्कूलकेट, डेनमार्क के एल्मर मोलर (152), फ्रांस के उगो ब्लैंचेट (159) और कनाडा के एलेक्सिस गैलारनेउ (177) शीर्ष 200 में शामिल खिलाड़ी हैं। बर्नार्ड टॉमिक के रूप में शीर्ष 20 में शामिल पूर्व खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेगा जो 2016 में अपने करियर की सर्वोच्च 17 रैंकिंग पर पहुंचे थे।

# जर्मनी पर जीत की लय कायम रखने उतरेगा भारत

एजेंसी

भुवनेश्वर। खराब शुरूआत के बाद अपने अभियान को ढ़ें पर लाने वाली भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में मंगलवार को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ जीत की लय को कायम रखने उतरेगी। भारत को प्रो लीग के घरेलू चरण के पहले मैच में स्पेन ने 3 . । से हराया। इसके बाद भारतीय टीम ने हालांकि मजबूती से वापसी करते हुए रिटर्न मैच में स्पेन को 2 . 0 से मात दी।

दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत अब तालिका में आठवें स्थान पर है और अगले मुकाबले जीतकर ऊपर जाना चाहेगा। शनिवार को ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने रविवार को जबर्दस्त खेल दिखाते हुए मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह के गोल के दम पर जीत दर्ज करके पूरे तीन अंक हासिल किया। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन हालांकि पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं हो पाने से परेशान होंगे। भारत को दो मैचों में सात पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन एक पर भी गोल नहीं हो सका। कप्तान हरमनप्रीत सिंह को दूसरे मैच में आराम दिया गया था जिनकी जगह उतरे हॉकी इंडिया लीग के स्टार जुगराज सिंह कमजोर साबित हुए। दिलप्रीत, मनदीप और सुखजीत सिंह अभी तक एक एक गोल कर चुके हैं और जर्मनी के खिलाफ इसमें इजाफा करना चाहेंगे। भारतीय डिफेंस ने भी दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय चरण में अपना पहला मैच खेल रही जर्मन टीम चार मैचों में चार अंक लेकर सातवें स्थान पर है। जर्मनी ने अभी तक एक ही मैच जीता है लेकिन रफेल हार्टकोफ, गोंजालो पेलाट और थियेस प्रिंज जैसे उसके फॉरवर्ड खिलाड़ी दो दो गोल कर चुके हैं। दोनों टीमों का सामना अक्टूबार 2024 में दिल्ली में दो मैचों की श्रृंखला में हुआ था जिसमें जर्मनी ने पहला और भारत ने दूसरा मैच जीता। जर्मनी ने शूटआउट में श्रृंखला अपने नाम की।




आगामी मैचों के बारे में हरमनप्रीत ने कहा , जर्मनी की टीम बहुत अच्छी है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। स्पेन के खिलाफ मिली जीत से हौसले बुलंद है लेकिन अभी भी प्रदर्शन में काफी सुधार करना है। पेनल्टी कॉर्नर बेहतर करना होगा।

### आरबीएन ग्लोबल टी20 कप ध्रुव क्रिकेट अकादमी और अखिल इंफ्रा की शानदार जीत

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच राजदीप सिंह (29 रन, 3 विकेट) के आलराउंड खेल से ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने आरबीएन ग्लोबल टी20 प्राइजमनी कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 में सेंट्रल क्रिकेट क्लब को रोमांचक मैच में 17 रन से शिकस्त दी। दिन के दूसरे मैच में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को 18 रन से हराया। डीजीआई स्टेडियम पर ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 151 रन का स्कोर बनाया। इसमे दीपक यादव ने 23 गेंदों का सामना करते हुए चार चौके व एक छक्के से 33 रन की अहम पारी खेली। राजदीप सिंह ने 34 गेंदों पर तीन चौके से 29 रन की जुझारू पारी खेली। वहीं अभिषेक ने 24 और मोहम्मद शारिम ने 22 रन का योगदान दिया। सेंट्रल क्रिकेट क्लब से नितेश कुशवाहा ने तीन विकेट जबकि यश साहनी व शैलेश कुमार ने दो-दो विकेट चटकाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सेंट्रल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19.3 ओवर में 134 रन पर र ढेर हो गई। टीम से प्रियांशु पांडेय (34) और हिमांशु शर्मा (21) ही टिकाऊ पारी खेल सके। ध्रुव क्रिकेट अकादमी से राजदीप सिंह व उत्कर्ष पाल ने 3-3 जबकि मोहम्मद शारिम ने दो विकेट झटके। दूसरी ओर मैन ऑफ द मैच मोहम्मद सैफ (47) व नमन सिंह (48) की शानदार पारी से अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने लाइफ केयर क्रिकेट क्लब को 18 रन से पराजित किया। डीजीआई मैदान पर अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 168 रन का स्कोर बनाया।

# 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

लखनऊ। रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड (डीएएससीबी) के तत्वावधान में रक्षा लेखा विभाग के 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष और महिला) 18 फरवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक लखनऊ छावनी स्थित 'सूर्या खेल परिसर (एसकेपी)' में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन श्रीमती देविका रघुवंशी, आईडीएएस, रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) और अध्यक्ष डीएएससीबी द्वारा किया जाएगा।

यह टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर पांच श्रेणियों - पुरुष और महिला (एकल), पुरुष और महिला (युगल) और मिश्रित डबल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में पूरे भारत के 31 नियंत्रक कार्यालय से कुल लगभग 192 प्रतिभागी (पुरुष/महिला) भाग लेंगे।

टूर्नामेंट में 131 पुरुष और 61 महिलाएं भाग लेंगी। टूर्नामेंट को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी, ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी। इसमें खेल कोटा के तहत 13 खिलाड़ी (06 पुरुष और 07 महिलाएं), आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 41 अधिकारी (33 पुरुष और 08 महिला अधिकारी) और ओपन श्रेणी के तहत 138 खिलाड़ी (92 पुरुष और 46 महिलाएं) भाग लेंगे।

रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड (डीएएससीबी) की स्थापना मई 1996 में विभाग की खेल आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रक्षा मंत्रालय (वित्त) की मंजूरी के साथ की गई थी और यह पूरे भारत में क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कैरम बोर्ड, शतरंज, टेबल-टेनिस आदि जैसी कई खेल गतिविधियों का आयोजन करता है। डीएएससीबी को उपरोक्त सभी राष्ट्रीय खेल प्राधिकरणों जैसे - अखिल भारतीय कैरम महासंघ, भारतीय टेबल टेनिस महासंघ, भारतीय बैडमिंटन संघ, हॉकी इंडिया, अखिल भारतीय शतरंज महासंघ आदि द्वारा मान्यता प्राप्त है।

**लखनऊ कैंट के एसकेपी में किया जाएगा आयोजित**

# चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम ने शुरू की प्रैक्टिस

एजेंसी

दुबई । आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम ने रविवार को दुबई के आईसीसी एकेडमी में जमकर पसीना बहाया। टूर्नामेंट में टीम का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेला जाएगा। बीसीसीआई ने टीम के प्रैक्टिस के वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। वहीं ढळक की रिपोर्ट के अनुसार, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रैक्टिस के दौरान हार्दिक पंड्या की बॉल लग गई। हार्दिक की बॉल पंत के घुटने पर लगी पंत को प्रैक्टिस सेशन के दौरान घुटने में चोट लग गई। हार्दिक के एक शॉट पर गेंद पंत के बाएं घुटने पर जा लगी। वह दर्द से कराह उठे, लेकिन फिजियो कमलेश जैन ने उनका तुरंत ट्रीटमेंट किया। इसके बाद हार्दिक नेट्स से निकलकर उनका हाल जानने पहुंचे। पंत शुरू में तो दर्द में थे और लंगड़ाकर चलते हुए दिखे। हालांकि, चोट गंभीर नहीं थी और फीजियो के उपचार करने के बाद पंत तुरंत पैड पहनकर बल्लेबाजी करने के लिए नेट्स में आ गए। भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यह मुकाबला 20 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम का दूसरा मुकाबला 23 फरवरी को पाकिस्तान और तीसरा मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टूनार्मेंट के 2 सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च को होंगे। वहीं, 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा। 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी शुरू हो रही है। टूनार्मेंट में भारत समेत दुनिया की टॉप-8 वनडे टीमें हिस्सा लेंगी, लेकिन इनमें सबसे मजबूत टीम कौन-सी है ? चैंपियंस ट्रॉफी सीरीज पार्ट-1 में हम इसी सवाल का जवाब दे रहे हैं। सबसे मजबूत टीम जानने के लिए हमने 6 पैरामीटर तय किए।

**हार्दिक की बॉल पर चोटिल हुए पंत**



**बुमराह की गैर मौजूदगी से बांग्लादेश की उम्मीदें जगी है : इमरूल कायेस**

नयी दिल्ली। बांग्लादेश के पूर्व सलामी बल्लेबाज इमरूल कायेस ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के पास 20 फरवरी को चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत के तेज आक्रमण को दबाव में लाने का मौका होगा। कायेस ने पीटीआई वीडियो से कहा , भारतीय टीम काफी मजबूत है और उसके पास बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण और बल्लेबाजी क्रम है। लेकिन बुमराह टीम में नहीं है। हम सभी को पता है कि पिछले दो साल में उसने भारतीय क्रिकेट के लिये क्या किया है।

उसकी गैर मौजूदगी से बांग्लादेश को फायदा मिलेगा। कायेस ने बांग्लादेश के लिये 39 टेस्ट, 78 वनडे और 14 टी20 मैच खेले हैं। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी पर भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की जिम्मेदारी होगी जिसमें हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी हैं। कायेस ने कहा , शमी की वापसी बड़ी बात है। वह इस समय फिटनेस समस्या से जूझ रहा है लेकिन लय हासिल करने पर वह बांग्लादेश के लिये बड़ा खतरा होगा। बांग्लादेश टीम में अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन और खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज लिटन दास नहीं हैं। कायेस ने कहा , मुझे शाकिब की कमी खलेगी क्योंकि वह शानदार खिलाड़ी है। किसी भी मैच में उसका योगदान काफी रहता है। इस समय बांग्लादेश की टीम संघर्ष कर रही है क्योंकि अगर शाकिबत नहीं खेलता है तो उन्हें एक अतिरिक्त स्पिनर उतारना होगा। उन्होंने कहा, लिटन का फॉर्म भी चिंता का सबब है लेकिन बीपीएल के कुछ मैचों में उसने रन बनाये हैं। सौम्य सरकार और तंजीद तमीम ने भी रन बनाये हैं। मुझे लगता है कि टीम को बल्लेबाजी में चिंता करने की जरूरत नहीं है। मेहदी हसन मिराज चैम्पियन खिलाड़ी है और वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है।

# भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है :पित्रोदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के एक कथित बयान का हवाला देते हुए सोमवार को प्रमुख विपक्षी दल पर निशाना साधा और दावा किया कि उनकी यह टिप्पणी चीन के समर्थन में दिए गए उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं के बयानों के अनुरूप है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पित्रोदा की टिप्पणी के अलावा भारत में मतदान भागीदारी बढ़ाने के लिए अमेरिकी एजेंसी के धन का इस्तेमाल और पाकिस्तान से कथित संबंध के लिए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी के आरोपों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, ये सभी चीजें भारत को नुकसान पहुंचाने का एजेंडा स्पष्ट करती हैं। कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए है, चाहे वे जॉर्ज सोरोस हों या चीन। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र, जाति और भाषा के नाम पर लोगों को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करके भारत के लिए घृणित एजेंडे के अलावा विपक्षी दल के पास कुछ नहीं है। पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में कथित तौर पर कहा है कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है और भारत को चीन को दुश्मन मानना बंद करना चाहिए। त्रिवेदी ने दावा किया कि पित्रोदा ने जो कुछ कहा है वह कांग्रेस की मानसिकता का प्रतीक है। भाजपा नेता ने कहा कि पित्रोदा ने चीन की सत्तारूढ़ पार्टी के साथ कांग्रेस के समझौते को खुले तौर पर स्वीकार किया है। त्रिवेदी ने कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा के लिए झटका है और उनके बयानों से ऐसा लगता है कि भारत हमलावर है। उन्होंने कहा, साफ है कि यह कांग्रेस पार्टी द्वारा चीन के साथ किए गए समझौते की अभिव्यक्ति है... गंभीर मुद्दा यह है कि सैम पित्रोदा ने जिस तरह की टिप्पणी की है, वह भारत की पहचान, कूटनीति और संप्रभुता पर गहरा आघात है। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि क्या यह गलवान के शहीदों का अपमान नहीं है?



उन्होंने कहा, गलवान में हमारे 20 जवान शहीद हो गए और आपके नेता ऐसी भाषा बोल रहे हैं। यह निंदनीय है और भारतीय सेना और हमारे सैनिकों के बलिदान का अपमान है। हालांकि, कांग्रेस ने पित्रोदा की टिप्पणी से दूरी बनाते हुए कहा कि यह पार्टी का विचार नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चीन, भारत की विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा, और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस नेता रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा, और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। भाजपा प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य ने विपक्षी दल पर निशाना साधने के लिए भारत में मतदान भागीदारी बढ़ाने के लिए अमेरिकी एजेंसी के धन का इस्तेमाल और पाकिस्तान से कथित संबंध के लिए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी के आरोपों का मुद्दा भी उठाया।

# लेबनान में ड्रोन हमले में हमास का सैन्य अभियान प्रमुख मारा गया : इजराइल

यरूशलम। दक्षिणी लेबनान में सोमवार को इजराइली ड्रोन हमले में देश में हमास का सैन्य अभियान प्रमुख मारा गया। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी है।



यह हमला युद्ध विराम समझौते के तहत दक्षिणी लेबनान से इजराइल की पूर्ण वापसी की समय सीमा की पूर्व संध्या पर हुआ, जिसके तहत इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच 14 महीने से चल रहा युद्ध समाप्त हुआ है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में हमास के संचालन विभाग के प्रमुख मोहम्मद शाहीन को मार गिराया है। सेना ने शाहीन पर हाल ही में लेबनानी क्षेत्र से इजराइल के नागरिकों के खिलाफ ईरान द्वारा निर्देशित और वित्तपोषित आतंकवादी हमलों की योजना बनाने का आरोप लगाया। हमास ने शाहीन की मौत की पुष्टि की है, लेकिन उसे एक सैन्य कमांडर बताया है। फुटेज में लेबनानी सेना की चौकी और सिडोन के म्युनिसिपल स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास हमले के बाद एक कार में आग लगी हुई दिखाई दी। मूल रूप से वापसी की समय सीमा जनवरी के अंत में थी लेकिन इजराइल के दबाव के चलते लेबनान इसे 18 फरवरी तक बढ़ाने पर राजी हो गया था। यह स्पष्ट नहीं है कि इजराइली सैनिक मंगलवार तक अपनी वापसी पूरी कर लेंगे या नहीं। युद्धविराम के बाद से ही इजराइल लगातार दक्षिणी और पूर्वी लेबनान पर हमले जारी रखे हुए है। उसका कहना है कि वह आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना रहा है जहां मिसाइलें और लड़ाकू उपकरण हैं।

संक्षेप

## बांग्लादेश ने भारत का समर्थन मांगा

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने मस्कट में एक बहुपक्षीय सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक में दक्षेस को पुनर्जीवित करने के लिए भारत से समर्थन मांगा है। रविवार को मस्कट, ओमान में 8वें हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी) के दौरान दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हुसैन ने 1996 में हस्ताक्षरित गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए चर्चा शुरू करने की मांग की और दक्षेस स्थायी समिति की बैठक बुलाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इस मामले में नई दिल्ली से समर्थन का अनुरोध किया। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस या सार्क) के पुनरुद्धार पर जोर दे रही है, जिसे भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण लंबे समय से निलंबित कर दिया गया है।

बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने दक्षेस का उल्लेख नहीं किया। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात की। बातचीत हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ बिम्सटेक पर भी केंद्रित थी।

## जैन से आरोपों पर बहस टालने की ईडी की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आप नेता सत्येंद्र जैन से प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उनके खिलाफ धन शोधन मामले में आरोप तय करने पर बहस स्थगित करने की अनुरोध किया गया है।

न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आप नेता की लंबित याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर आवेदन पर जैन को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई तीन मार्च को तय की है। मुख्य याचिका में जैन ने इस आधार पर आरोपों पर बहस स्थगित करने की मांग की है कि मामले में जांच अभी पूरी नहीं हुई है और न्याय के हित में यह होगा कि आरोपों पर बहस जांच पूरी होने के बाद ही सुनी जाए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने आवेदन में उच्च न्यायालय से यह भी आग्रह किया कि वह विशेष अदालत को आरोप के बिंदु पर सुनवाई स्थगित करने का निर्देश दे, जब तक कि पूरक अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दायर नहीं कर दी जाती। ईडी के वकील ने तर्क दिया कि एक सीमित सीमा तक मैं याचिकाकर्ता (जैन) की इस बात से सहमत हूं कि जब तक हम पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल नहीं कर देते, आरोपों पर सुनवाई स्थगित कर दी जाए।

## देशभर में एनईपी लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार देशभर में नई शिक्षा नीति (एनईपी) को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एनईपी को लेकर तमिलनाडु सरकार के विरोध को राजनीति करार दिया।



उन्होंने कहा कि एनईपी द्रमुक शासित राज्य में छात्रों पर हिंदी या कोई अन्य भाषा नहीं थोपती है, लेकिन अगर तमिलनाडु में कोई छात्र शिक्षा में बहुभाषी पहलू सीखता है तो इसमें क्या गलत है? उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, यह तमिल, अंग्रेजी और अन्य भारतीय भाषाएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि उन पर हिंदी या कोई अन्य भाषा थोपी नहीं जा रही है। तमिलनाडु में कुछ मित्र राजनीति कर रहे हैं। लेकिन भारत सरकार एनईपी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और एनईपी के साथ कुछ शर्तें भी हैं। केंद्र और तमिलनाडु सरकार एनईपी के कार्यान्वयन और नीति में प्रस्तावित त्रि-भाषा फार्मूले को लेकर आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार अपने राजनीतिक हितों के कारण नीति को लागू नहीं कर रही है, लेकिन छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा पैदा करने, समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए हमें एक साझा मंच पर आना होगा। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को प्रधान पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर यह रुख अपनाया था कि तमिलनाडु को तब तक धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, जब तक वह एनईपी को स्वीकार नहीं करता।

## संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे जेलेंस्की




दुबई। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता की लगातार उठ रही मांग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रविवार देर रात को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे।

वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सऊदी अरब के दौरे पर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे जो आगामी दिनों में रूसी अधिकारियों के साथ सीधी बातचीत करेगा। अमेरिका के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि रुबियो की इस यात्रा का उद्देश्य यूक्रेन पर रूस के लगभग तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त कराना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह संकेत दिया था कि वह सऊदी अरब में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि रियाद में होने वाली वार्ता में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के भी भाग लेने की उम्मीद है। रुबियो की यह यात्रा पिछले हफ्ते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद हो रही है। पुतिन के साथ बातचीत में ट्रंप ने कहा था कि वे अपनी-अपनी टीम द्वारा तुरंत बातचीत शुरू करने पर सहमत हुए हैं। ट्रंप की पुतिन के साथ यह बातचीत 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस को अलग थलग करने की अमेरिका की नीति के उलट थी। हालांकि, ट्रंप ने जेलेंस्की से भी अलग से बात की।

जेलेंस्की ने कहा था कि वह यूक्रेन के बारे में किसी भी ऐसी बातचीत को स्वीकार नहीं करेंगे जिसमें उनका देश शामिल नहीं हो। यूरोप के देशों की सरकारों ने भी इसमें भूमिका की मांग की है। फॉक्स न्यूज चैनल के संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स कार्यक्रम में विटकॉफ ने कहा कि वह और वाल्ट्ज राष्ट्रपति के निर्देश पर बैठकें करेंगे और उन्हें रूस-यूक्रेन के संबंध में कुछ अच्छी प्रगति की उम्मीद है।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर शाह ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपनी सादगी, ईमानदारी और बेदाग छवि के कारण देश की राजनीति में वे एक आदर्श राजनेता के तौर पर जाने गए। पिछले साल सरकार ने बिहार में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) राजनीति के जनक माने जाने वाले ठाकुर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा था। दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को और निधन 17 फरवरी 1988 को हुआ था।



शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश में जब भी सामाजिक न्याय और पिछड़े व वंचित वर्गों के अधिकारों की बात होती है, तो भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर जी का नाम सदैव सम्मान के साथ लिया जाता है। अपनी सादगी, ईमानदारी और बेदाग छवि के कारण देश की राजनीति में वे एक आदर्श राजनेता के तौर पर जाने गए। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एक सच्चे जनसेवक के रूप में युगों-युगों तक स्मरणीय रहेगा। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी इस सामाजिक न्याय के पुरोधा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले श्रद्धेय कर्पूरी जी सामाजिक जीवन में शुचिता एवं सादगी के प्रतीक थे। लोकतंत्र के सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में उनका योगदान अमूल्य है। ईमानदारी, देशसेवा और जनसेवा से ओतप्रोत उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणीय है।

## भारतीय मूल के नेता पर 14 हजार सिंगापुर डॉलर का लगा जुर्माना

सिंगापुर। सिंगापुर में विपक्ष के भारतीय मूल के नेता प्रीतम सिंह पर सोमवार को 14,000 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। एक जिला अदालत ने सिंह को संसदीय समिति के समक्ष शपथ लेकर झूठ बोलने के दो मामलों में दोषी पाया।

सिंह पर दो आरोपों के लिए अधिकतम सात-सात हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। सुनवाई के बाद विपक्ष के नेता ने पत्रकारों से कहा कि वह इस वर्ष नवंबर में होने वाले आम चुनाव में भाग लेंगे। सिंगापुर के संविधान के अनुसार, अगर किसी वर्तमान सांसद को कम से कम एक वर्ष की जेल हो या उस पर कम से कम 10,000 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया जाए तो वह अपनी सीट खो देगा तथा चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, निर्वाचन विभाग ने सोमवार को पुष्टि की कि सिंह पर लगाई गई सजा उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं है। विभाग ने कहा कि अयोग्यता एक ही अपराध के लिए दी गई सजा पर आधारित है। फेसबुक पर एक पोस्ट में सिंह ने कहा कि उन्होंने अपनी कानूनी टीम को अपील नोटिस दाखिल करने तथा लिखित फैसले को बारीकी से देखने का निर्देश दिया है।

इंटरटेनमेंट...

## 'डाकू महाराज' की ओटीटी रिलीज का एलान

मुंबई। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म डाकू महाराज 21 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हाल ही में नेटफ्लिक्स ने फिल्म का एक पोस्टर जारी किया, जिसमें उर्वशी रौतेला नजर नहीं आईं। इस पोस्टर को देखकर यूजर्स हैरान रह गए और उन्होंने सवाल उठाया कि उर्वशी

**पोस्टर से गायब दिखीं उर्वशी रौतेला**

रौतेला पोस्टर में क्यों नहीं हैं। दरअसल, नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म डाकू महाराज का पोस्टर शेयर किया। इसके कैप्शन में जहां एक तरफ फिल्म की रिलीज डेट का अनाउंसमेंट किया गया तो दूसरी ओर पोस्टर से फिल्म की लीड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ही गायब नजर आईं। इसके बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स तरह-तरह के कमेंट्स करने लगे। एक ने लिखा, 'भारत की पहली महिला, जिन्हें 105 करोड़ से ज्यादा की फिल्म के पोस्टर से हटा दिया गया है।', दूसरे ने लिखा, 'फिल्म के पोस्टर से उर्वशी क्यों गायब हैं?', जबकि तीसरे ने लिखा, 'लीड हीरोइन कहां गई, जिनके दम पर इस फिल्म ने 105 करोड़ कमाए थे?



## 'द रोशन्स' की सक्सेस पार्टी में शामिल हुईं रेखा

**मुंबई।** डॉक्यूमेंट्री सीरीज द रोशन्स के मेकर्स ने रविवार शाम को मुंबई में सक्सेस पार्टी ऑर्गेनाइज की। इस पार्टी में ऋतिक रोशन, उनके पिता राकेश रोशन, मां पिंकी रोशन और बहन सुनैना रोशन शामिल हुए। ये सीरीज 17 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। रविवार को हुई सक्सेस पार्टी के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस पार्टी में रेखा, अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ, अमीषा पटेल से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई कलाकार शामिल हुए।

इस दौरान ऋतिक ने अपनी फैमिली के साथ पैपराजी को पोज दिए। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में रेखा, ऋतिक और राकेश के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं। पैपराजी ने रेखा से पूछा कि उनका जादू कहां हैं? तो रेखा ने ऋतिक की तरफ इशारा किया। इस पर ऋतिक और राकेश हंस पड़े। दरअसल, साल 2003 में फिल्म कोई मिल गया सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋतिक, राकेश और रेखा साथ में नजर आए थे। फिल्म में रेखा ने ऋतिक की मां और राकेश की पत्नी की भूमिका निभाई थी।



## बाफ्टा अवॉर्ड्स 2025 की घोषणा

**मुंबई।** ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स यानी बाफ्टा 2025 का एलान हो चुका है। पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' इसमें अवॉर्ड्स जीतने से चूक गई। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म नॉट इन द इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। लेकिन यह पुरस्कार स्पेनिश क्राइम-म्यूजिकल 'एमिलिया पेरेज' को मिला। 78वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार 16 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था। इसमें 2024 में ब्रिटिश सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली फिल्मों को सम्मानित किया गया। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' इस पुरस्कार में नॉमिनेशन पाने वाली 7वीं भारतीय फिल्म है।

## 'छैयां-छैयां-2' गाना में शिल्पा को कास्ट करेंगी फराह

मुंबई। कोरियोग्राफर-डायरेक्टर फराह खान ने एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर से वादा किया है कि जब कभी 'छैयां-छैयां 2' गाना बना तो वो उसमें उन्हें जरूर कास्ट करेंगी। फराह ने कहा- छैयां-छैयां 2 में शिल्पा ही ट्रेन पर चढ़ेंगी। डांसर्स और शाहरुख भी होंगे। हाल ही में फराह खान के व्लॉग में शिल्पा नजर आईं। यहां फराह ने बताया कि उन्होंने अधिक वजन की वजह से गाने 'छैयां-छैयां' के लिए शिल्पा को रिजेक्ट कर दिया था।

उन्होंने कहा- हालांकि अब तुम बहुत पतली हो गई हो। बहुत सुंदर लग रही। मुझे तुम्हें रिजेक्ट करने का पछतावा भी है। शिल्पा ने कुछ समय एक इंटरव्यू में कहा था- मेरे पास 'छैयां-छैयां' गाने का ऑफर आया था। लेकिन मेरा वेट ज्यादा था। मुझे बॉडी पर 15 दिन काम करने के लिए कहा गया था। लेकिन बाद में जब मेकर्स की तरफ से कुछ लोग मुझसे मिलने आए तो कहा कि आप में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं आया है। नतीजतन मेरी जगह गाने में मलाइका अरोड़ा को फीचर किया गया। मुझे हमेशा इस बात का बुरा लगेगा कि मुझे 'छैयां-छैयां' नहीं मिली, लेकिन भगवान ने मुझे और भी बहुत दिया है।



वह अब भी दे रहे हैं। 1998 की फिल्म 'दिल से' के गाने 'छैयां-छैयां' में शाहरुख खान के साथ मलाइका अरोड़ा को फीचर किया गया था। शिल्पा 90 के दशक की फेमस एक्ट्रेस थीं। उन्हें फिल्म 'बेवफा सनम' से बहुत पॉपुलैरिटी मिली थी। फिल्म का गाना 'दिल तोड़ के हंसती हो मेरा' काफी फेमस हुआ था। इसके अलावा उन्होंने आंखें, गोपी किशन, प्रतीक्षा और किशन कन्हैया जैसी फिल्मों में काम किया। 2000 में उन्होंने ब्रिटेन के बैंकर अपरेश रंजीत से शादी करके फिल्मों से ब्रेक ले लिया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com